दैनिक नवप्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 3 | राजधानी 8 | राजनीतिक सरगर्मी 9 | खेल/मनोरंजन/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, बुधवार 26 जुलाई 2023, कृष्ण पक्ष अष्टमी, विक्रम संवत-2080 वर्ष-9 अंक- 117 पृष्ठ-10 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

देश में टीवी रिमोट की और उसमें लगने वाले सेल की मांग में तेजी आ रही है। रिमोट हाथ में रखे बगैर टीवी देखना मुश्किल हो गया है। बार-बार चैनल बदलने के कारण रिमोट जल्दी खराब हो रहे हैं और सेल भी जल्दी खत्म हो रहे है। खास तौर पर अधिकांश खबरियां चैनल तो ऐसे है जिसे पांच मिनट से ज्यादा बर्दास्त करना मुहाल है। डिबेट के नाम पर उबाऊ और निरर्थक बहस होती है जिसमें पेनेलिस्ट बदतमीजी की सारी सीमाएं लांघ देते है। अब लोग टीवी से किनारा कर रहे है लगता है फिर से रेडियों के अच्छे दिन आने वाले है।

मणिपुर को लेकर लोकसभा में विपक्ष का हंगामा जारी

शाह खेती और सहकारिता पर बोलते रहे, विपक्षियों की लगातार मणिपुर-मणिपुर की नारेबाजी

नई दिल्ली (एजेंसी)। मणिपुर मुद्दे पर मंगलवार को लोकसभा और राज्यसभा में जमकर हंगामा हुआ। लोकसभा में सुबह 11 बजे जैसे ही कार्यवाही शुरू हुई, विपक्ष नारेबाजी करने लगा। स्पीकर ने 3 मिनट बाद ही सदन को दो बजे तक स्थगित कर दिया। यही स्थिति लोकसभा के दोबारा शुरू होने पर भी बनी रही। सांसदों ने सदन में नारेबाजी की और अध्यक्ष की आसंदी के पास पहुंचकर इंडिया फॉर मणिपुर के पोस्टर दिखाए। इसके बाद लोकसभा दोबारा 5 बजे तक के लिए स्थगित की गई।

उधर, राज्यसभा में भी ऐसे हालात रहे। कार्यवाही पहले 12 बजे और फिर 2 बजे तक स्थगित करनी पड़ी। मणिपुर के मसले पर चर्चा की मांग को लेकर कांग्रेस और,क्क समेत विपक्षी दल स्थगन प्रस्ताव लाए थे। राज्यसभा तीसरी बार नारेबाजी के बीच शुरू हुई। दो घंटे से ज्यादा समय तक कार्रवाई चली। इस दौरान संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश (पांचवां संशोधन) विधेयक 2022 पारित हुआ। कार्रवाई कल तक के लिए स्थगित की गई। शाम पांच बजे लोकसभा की कार्यवाही फिर शुरू हुई। इस दौरान अमित शाह ने सरकार की उपलब्धियां गिनाई। शाह ने खेती-किसानी और सहकारिता की बात की। विपक्ष ने मणिपुर-मणिपुर, शेम-शेम, जवाब दो-जवाब दो, वी वॉन्ट जस्टिस (हमें न्याय चाहिए) के नारे लगाए। वहीं विपक्षी सांसद पोस्टर लेकर सदन में खड़े हुए तो शाह ने कहा कि और जोर से नारे लगाइए। आपको न दलितों में इंटरेस्ट है और न ही सहकारिता में। इसलिए नारेबाजी कर रहे हैं। शाह सदन में बयान देते रहे और विपक्षी सांसद शोरशराबा करते रहे।

अपनी-अपनी बैठक और विरोध

पक्ष और विपक्ष दोनों अपने अपने बयानों पर अड़े हुए है। एक तरफसरकार सदन में मणिपुर हिंसा पर चर्चा करने के लिए तैयार है, वहीं विपक्ष सदन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान देने की शर्त पर अड़ा हुआ है। संसद में गतिरोध के बीच बीजेपी ने संसदीय समिति की बैठक बुलाई है। पीएम मोदी भी इस बैठक में पहुंचे हैं। आपको बता दें मणिपुर मुद्दे पर उच्च सदन में चर्चा के लिए 11 सांसदों ने स्थगन प्रस्ताव भी दिया है।

मणिपुर मामला और चिंतित मेघालय

मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा के ऑफि स पर भीड़ ने सोमवार शाम को हमला कर दिया। इस पूरे घटनाक्रम और हंगामे में पांच सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। खबरों के मुताबिक गारो हिल्स स्थित सिविल सोसाइटी ग्रुप तुरा में शीतकालीन राजधानी की मांग को लेकर सैकड़ों लोगों ने सीएम ऑफि स को घेर लिया और पत्थरबाजी की। इससे दो दिन पहले मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा ने केंद्र से मणिपुर में सामान्य स्थिति बहाल करने और प्रभावित लोगों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया।

मिजोरम और असम में बेचैनी

पड़ोसी प्रदेश मणिपुर में हिंसा, हमले, आग और अंशाति के बीच मिजोरम में बेचैनी बढ़ गई है। मिजोरम सरकार ने मैतई समुदाय के लोगों को सुरक्षित होने का न केवल आश्वासन दिया। मणिपुर में असामाजिक तत्वों की भीड़ द्वारा किए गए बर्बर और जघन्य कृत्य के मद्देनजर मणिपुर के लोगों के लिए मिजोरम में रहना अब सुरक्षित नहीं है। पूर्व उग्रवादियों के एक संगठन की चेतावनी के बाद मिजोरम से कई लोगों का पलायन शुरू हो गया है। कई लोग मिजोरम से असम पहुंच गए। बता दें तीन मई से मणिपुर में जारी हिंसा आज भी जारी है। जिस पर विचार करने की बात पर मणिपुर में हिंसा की आग जल रही है, उस पर न तो विचार हो रहा है, ना ही चर्चा। हो रहा है तो सिर्फ हंगामा, हिंसा, और हड़ताल। देश की ये खामोशी न जाने कितनो को निगल जाएगी।

कांग्रेस की हाईलेवल मीटिंग : दिग्गजों की बैठक में निगम-मंडल को लेकर मंथन

- निगम मंडल में नियुक्तियों के लिए नए लोगों को मौका, जो पहले से पदों पर रह चुके हैं उन्हें देंगे रेस्ट

रायपुर/नवप्रदेश। सीएम हाउस में कांग्रेस की हाईलेवल मीटिंग तकरीबन 4 घंटे तक चली। इस मीटिंग में प्रदेश प्रभारी कुमारी सेलजा, भूपेश बघेल और सीनियर मंत्री शामिल रहे। दावा किया जा रहा है कि आला नेता निगम-मंडल को लेकर कोई फैसला लिया गया। बता दें करीब 22 निगम और मंडल में फेरबदल किया जाना है।

कार्यकाल खत्म होने और कुछ का चंद रोज बाद कार्यकाल समाप्त होने से पूर्व के लिए भी इस बैठक को जोड़कर देखा जा रहा है। वैसे भी चुनावी मौसम है और जो पार्टी नेता खफा हैं या जिन्हे पद से नवाजा नहीं जा सका उन्हें नामजद करने का एलान किया जायेगा। निगम मंडल में नियुक्तियों के लिए नए लोगों को मौका दिया जाएगा, जो पहले से पदों पर रह चुके हैं, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

चंद्रयान-3 ने 5वीं बार बदला ऑर्बिट

बेंगलुरु (एजेंसी)। इसरो के वैज्ञानिकों ने मंगलवार को चंद्रयान-3 की पांचवी और आखिरी अर्थ बाउंड ऑर्बिट रेजिंग प्रोसेस सक्सेसफुली पूरी की। चंद्रयान अब 127609 द्मद्ब × 236 द्मद्ब की ऑर्बिट में है। इसका मतलब है कि चंद्रयान ऐसी अंडाकार कक्षा में घूम रहा है, जिसकी पृथ्वी से सबसे कम दूरी 236 द्मद्ब और सबसे ज्यादा दूरी 127609 द्मद्ब है। इससे पहले 20 जुलाई को ऑर्बिट 71351 द्मद्ब × 233 द्मद्ब की गई थी। अब स्पेसक्राफ्ट 31 जुलाई और 1 अगस्त की मध्यरात्रि स्लिंग शॉट के जरिए पृथ्वी की कक्षा छोड़कर चंद्रमा की ओर बढ़ेगा। 5 अगस्त को चंद्रमा की ऑर्बिट में पहुंचेगा। 23 अगस्त को ये चंद्रमा पर लैंड करेगा। चंद्रयान-3 में लैंडर, रोवर और प्रोपल्शन मॉड्यूल हैं। लैंडर और रोवर चांद के साउथ पोल पर उतरेंगे और 14 दिन तक वहां प्रयोग करेंगे। प्रोपल्शन मॉड्यूल चंद्रमा की कक्षा में रहकर धरती से आने वाले रेडिएशन्स का अध्ययन करेगा। इस मिशन के जरिए इसरो पता लगाएगा कि चांद की सतह पर कैसे भूकंप आते हैं। यह चंद्रमा की मिट्टी का अध्ययन भी करेगा।

सीमेंट फैक्ट्री की लिफ्ट गिरी, 5 मजदूरों की मौत

सूर्यापेट (एजेंसी)। तेलंगाना के सूर्यापेट में बनी एक सीमेंट फैक्ट्री में लिफ्ट गिरने से वहां काम कर रहे 5 मजदूरों की मौत हो गई। लिफ्ट चौथी मंजिल से गिरी। हादसे में कई लोग घायल भी हो गए। सूर्यापेट के मेलाचेरुवु गांव में माय होम सीमेंट फैक्ट्री बनी है। वहां नई कंस्ट्रक्शन यूनिट में काम चल रहा था, तभी ये घटना हुई। लोकल रिपोर्ट्स के मुताबिक मलबे में अभी कई और मजदूरों के फंसे होने की आशंका है। घायलों में कई लोग यूपी और बिहार के हैं। घायलों को निकालने के लिए लिफ्ट के मलबे को गैस कटर की मदद से काटा जा रहा है। फैक्ट्री प्रशासन ने घायल मजदूरों की संख्या पर चुप्पी साध रखी है। कुछ घायलों को नजदीकी हॉस्पिटल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। घायलों को निकालने के लिए पुलिस और प्रशासन ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया है।

हड़ताली संविदा कर्मचारियों को तीन दिनों में लौटने के आदेश

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य सरकार द्वारा संविदा पर कार्यरत अधिकारी/कर्मचारियों की मांगों के संबंध में सहानुभूति पूर्वक विचार कर वेतन वृद्धि की घोषणा की गई है। इसके बाद भी शासन के ध्यान में यह लायी गई है कि छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम, 2012 के तहत विभिन्न विभागों में कार्यरत संविदा अधिकारी/कर्मचारियों अपनी मांगों के संबंध में अनाधिकृत रूप से निरंतर हड़ताल पर हैं एवं इस कारण से लोक हित, नागरिक सेवाएं तथा शासकीय कार्य प्रभावित हो रहे हैं और लोगों को असुविधा हो रही है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी करते हुए कहा है कि वेतन वृद्धि के बाद भी संविदा अधिकारी एवं कर्मचारी द्वारा अपने कार्यों पर उपस्थित नहीं हो रहे हैं। उक्त कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम 2012 की कंडिका 15 (1) के अनुसार आवरण नियम 1965 का उल्लंघन है।

आईएएस रानू साहू न्यायिक रिमांड पर 4 अगस्त तक जेल में

रायपुर/नवप्रदेश। कोयला घोटाले में गिरफ्तार आईएएस रानू साहू को अब 4 अगस्त तक ज्यूडिशियल कस्टडी में रहना होगा। अगले माह 4 अगस्त को पुनः उन्हें कोर्ट में पेश किया जाएगा। ईडी रानू साहू से छापों के दौरान जब्त डायरी और मोबाइल चैट के संबंध में पूछताछ की है। बताया जा रहा है कि ईडी ने रानू साहू से करीब 20 से ज्यादा प्रश्न किए गए हैं। इन सवालों में कोयला घोटला की रकम किन- किन लोगों को पहुंचाया गया या बांटा गया भी शामिल है। ईडी ने रानू साहू, उनके आईएएस पति जेपी मौर्या और उनके मायके वालों की आर्जित संपत्ति और आय के स्त्रोतों के संबंध में भी पूछताछ की है। आईएएस रानू साहू को मंगलवार को ईडी ने विशेष आदालत में फिर से पेश किया था। बता दें कि शनिवार को गिरफ्तार की गई रानू साहू को ईडी ने तीन दिन के रिमांड पर लिया था। आज रिमांड की अवधि पूरी हो गई थी। ईडी ने उन्हें विशेष न्यायाधीश अजय सिंह राजपूत की कोर्ट में पेश किया। ईडी ने स्पेशल कोर्ट से रानू साहू रिमांड मांगी लेकिन स्पेशल मजिस्ट्रेट ■ शेष पृष्ठ 6 पर

वो कुछ भी बोल लें हम ही हैं 'इंडिया': राहुल

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार (25 जुलाई) सुबह संसदीय दल की बैठक बुलाई थी। जिसमें उन्होंने विपक्षी गठबंधन इंडिया पर जबरदस्त प्रहार किया। जिस पर अब कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ट्विटर के जरिए पलटवार किया है। राहुल ने कहा कि, आप (मोदी) हमें जो भी बुलाए लेकिन हम इंडिया ही हैं। पीएम मोदी ने सुबह-सुबह भाजपा सांसदों के साथ बैठक की थी। इस बैठक में उन्होंने कहा था कि, विपक्ष मणिपुर की आड़ लेकर सदन की कार्यवाही चलने नहीं दे रहा है जो बेहद ही दुख की बात है। सदन देशवासियों की हित के लिए होता है पर विपक्ष अपना राजनीति चमकाने में लगा है। पीएम ने विपक्षी गठबंधन इंडिया का जिक्र कर कहा कि, इंडिया नाम रख लेने से कुछ नहीं होता है इंडियन मुजाहिदीन के नाम में भी इंडिया है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि, ईस्ट इंडिया कंपनी के नाम में भी इंडिया है लेकिन उसके बारे में जग जाहिर है कि उसने कैसे भारत का दमन किया।

राहुल का पलटवार

राहुल गांधी ने पीएम नरेंद्र मोदी के इसी बयान पर पलटवार करते हुए लिखा, आप हमें जो चाहें बुला लें मोदी जी हम इंडिया है। उन्होंने मणिपुर में हो रहे हिंसा को लेकर आगे लिखा हम मणिपुर को ठीक करने और हर महिला और बच्चों के आंसू पोंछने में मदद करेंगे। सभी लोगों के लिए प्यार और शांति वापस लाएंगे। हम मणिपुर में भारत के विचार का पुनर्निर्माण करेंगे।

मणिपुर पर बवाल

पिछले कई दिनों से मणिपुर हिंसा को लेकर सत्तारूढ़ पार्टी और विपक्ष में खींचतान चल रही है। विपक्षी पार्टियां एकजुट होकर मणिपुर में दो महिलाओं के साथ हुई बर्बरता को लेकर पीएम मोदी से सदन में बयान चाहती हैं जिस पर सरकार तैयार भी है लेकिन अपने-अपने शर्तों की वजह से बात नहीं बन पा रही है और चार दिनों से मानसून सत्र हंगामे का भेंट चढ़ रहा है।

मणिपुर में 83 दिन बाद इंटरनेट बहाली के आदेश

इंफाल (एजेंसी)। मणिपुर में 3 मई से जारी हिंसा के बीच 83 दिन बाद इंटरनेट सेवाएं आंशिक रूप से शुरू करने का आदेश जारी किया गया है। यानी राज्य में ब्रॉडबैंड सेवाएं कुछ शर्तों के साथ शुरू की जाएंगी। इसके पहले राज्य पुलिस ने कहा कि वह उन लोगों को गिरफ्तार करने की कोशिश कर रही है, जिन्होंने महिला की हत्या का वीडियो मणिपुर का बताकर वायरल किया। पुलिस ने कहा- 24 जुलाई को केस दर्ज किया है। वीडियो में बताया गया है कि हथियारबंद लोगों ने मणिपुर में महिला की हत्या की, जबकि यह घटना म्यांमार में हुई थी। वीडियो फैलाने का मकसद राज्य की शांति भंग करना और दंगे भड़काना था। उधर, मणिपुर पुलिस ने दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने के केस में सातवें आरोपी को गिरफ्तार किया है। 19 जुलाई को इस घटना का वीडियो वायरल हुआ था। इस बीच, मंगलवार को मिजोरम में कुकी समुदाय के समर्थन में रैली निकाली गई, जिसमें हजारों लोग शामिल हुए। इसके समर्थन में ट्रांसपोर्ट सर्विस बंद की गई और मुख्यमंत्री जोरमथंगा ने सरकारी दफ्तरों को भी बंद रखने का आदेश दिया।

नागालैंड के मसले पर केन्द्र सरकार को सुप्रीम फटकार

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एक मामले की सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार को फटकार लगाई। सुप्रीम कोर्ट ने भाजपा शासित राज्यों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाने में विफल रहने पर केंद्र सरकार को फटकार लगाई। पूर्वोत्तर राज्य नागालैंड में आरक्षण मुद्दे पर केंद्र सरकार के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट ने सख्त टिप्पणियां कीं। सुप्रीम कोर्ट ने सवाल उठाया कि राज्य में महिलाओं के लिए आरक्षण क्यों लागू नहीं किया गया? सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से कहा, आप अपनी ही पार्टी की राज्य सरकारों के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं करते? सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से कहा- आप अन्य राज्य सरकारों के खिलाफ तो कड़ा रुख अपनाते हैं जो आपके प्रति उत्तरदायी नहीं हैं, लेकिन जिस राज्य में आपकी पार्टी की सरकार होती है, वहां आप कुछ नहीं करते। जस्टिस कौल ने पूछा कि क्या महिलाओं के लिए आरक्षण के खिलाफ कोई प्रावधान है? महिलाओं की भागीदारी का विरोध क्यों जबकि जीवन के सभी क्षेत्रों में महिलाएं समान रूप से शामिल हैं। इसके जवाब में एटॉर्नी जनरल नागालैंड ■ शेष पृष्ठ 6 पर

एयर होस्टेस गीतिका सुसाइड केस में पूर्व मंत्री कांडा बरी

हिसार (एजेंसी)। हरियाणा के बहुचर्चित एयर होस्टेस गीतिका सुसाइड केस में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने मंगलवार को विधायक गोपाल कांडा को बरी कर दिया। हरियाणा के गृह राज्य मंत्री रह चुके कांडा इस केस के मुख्य आरोपी थे। वे इस मामले में 18 महीने जेल में भी रह चुके हैं। 11 साल बाद आए इस फैसले पर जब कांडा से प्रतिक्रिया मांगी गई तो उन्होंने हाथ जोड़े और कुछ नहीं कहा। हालांकि बाद में गोपाल कांडा ने मीडिया से कहा- ''मेरे खिलाफ एक भी सबूत या कुछ नहीं था। यह सिर्फ और सिर्फ बनाया गया था। ये किस सोच से और क्यों बनाया गया था? ये कोर्ट ने आज फैसला दे दिया है। ये सबके सामने है। गोपाल कांडा के वकील आरएस मालिक ने कहा कि पहले दिन से ही उनके क्लाइंट ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

सुझाव... अवॉर्ड वापसी गैंग पर नकेल कसने की तैयारी, 31 सांसदों की समिति का सुझाव, अवॉर्ड देने से पहले ही ले ली जाए अंडरटेकिंग

अब अवॉर्ड लौटाना पड़ सकता है भारी!

नई दिल्ली (एजेंसी)। पिछले कुछ वर्षों में देखें तो अवार्ड वापसी का चलन काफी तेजी से बढ़ा है। देश में अलग-अलग मुद्दों और विवादों के बीच अवॉर्ड को लौटाना आम हो चला है। कुछ दिन पहले ही मणिपुर के टॉप एथलीट्स ने सरकार को अवॉर्ड लौटाने की धमकी दी थी। एथलीट्स का कहना था कि, पिछले दो महीने से प्रदेश में आग लगी है और सरकार हाथ पर हाथ बांधे खड़ी है, अगर राज्य में हिंसा शांत नहीं हुई तो अपना अवॉर्ड भारत सरकार को लौटा दूंगा। कुछ महीने पहले ही भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा सांसद के खिलाफ देश के टॉप पहलवानों ने सड़कों पर मोर्चा खोल कर रखा था और अवॉर्ड को हरिद्वार के गंगा नदी में विसर्जित करने का निर्णय लिए था लेकिन समझाने के बाद पहलवानों ने ऐसा नहीं किया था। अब इसी को देखते हुए सरकार अवॉर्ड प्रासकर्ता से अंडरटेकिंग फ ॉर्म भरवा सकती है। इसके लिए संसदीय समिति ने केंद्र सरकार से सिफारिश की है।जानकारी के मुताबिक, संसदीय समिति ने पिछले कई वर्षों का रिकॉर्ड देखते हुए ये फैसला किया है। जिसका उद्देश्य अवॉर्ड ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पुरस्कार लौटाना विरोध का नया चलन

केंद्र सरकार के पास संसदीय समिति ने सिफ ारिश करते हुए कहा है कि, कलाकार, खेल, राजनीति, लेखन आदि क्षेत्रों में दिए जाने वाले पुरस्कार काफी प्रतिष्ठित होते हैं। राजनीतिक भावना के इस तरह अवॉर्ड को लौटाना बेहद ही हैरान करने वाला होता है। समिति ने सरकार से आग्रह किया है कि, अगर किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति को अवॉर्ड देना है तो सबसे पहले उससे शपथ पत्र ■ शेष पृष्ठ 6 पर

31 सांसदों की है समिति

संसदीय कमेटी की सिफारिश में कई मामलों का जिक्र किया गया है। जिनमें अवॉर्ड वापसी की बात उठी है। समिति ने साल 2015 में कर्नाटक के मशहूर लेखक कलबुर्गी की हत्या का भी जिक्र किया है। कमेटी ने कहा है कि, कैसे हत्या होने पर एक तबका अवॉर्ड लौटाने के लिए एक्टिव हो जाता है। इस तरह की घटना पर रोक लगाने के लिए सरकार को कोई व्यवस्था बनानी होगी ताकि इस तरह का प्रचलन न बढ़े। इस संसदीय समिति में लोकसभा के 21 और राज्यसभा के 10 सांसद शामिल हैं। संस्कृति मंत्रालय से जुड़ी संसद की इस स्थाई समिति के अध्यक्ष राज्यसभा सांसद व वायएसआर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता वी विजयसाय रेड्डी हैं।

संपादकीय

मानसून सत्र चढ़ा हंगामे की भेंट

संसद का मानसून सत्र हंगामों की भेंट चढ़ता नजर आ रहा है। 20 जुलाई से शुरू मानसून सत्र में आज तक कोई काम काज नहीं हो पाया है। मणिपुर के मुद्दे को लेकर विपक्ष और सत्तापक्ष से भी रस्साकसी चल रही है। दोनों ही अपनी जिद पर अड़े हुए है। विपक्ष संसद के दोनों सदनों में मणिपर के मामले में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बयान देने की मांग कर रहा है। वहीं सत्ता पक्ष का कहना है कि मणिपुर की घटना को लेकर गृहमंत्री अमित शाह ही बयान देंगे। नतीजतन विपक्ष लगातार शोर सराबा और नरेबाजी कर सदन की कार्यवाही को बाधित कर रहा है। सोमवार से शुरू हुए इस सत्र में यह उम्मीद की जा रही थी कि अब मणिपुर पर संसद में सार्थक चर्चा होगी। लेकिन आज भी दोनों ही सदनों में सिर्फ हंगामा हुआ। इस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तल्ख टिप्पणी दी है कि विपक्ष दिशा हीन हो गया है। वह चर्चा से भाग रहा है। जबकि सरकार मणिपुर पर सदन में चर्चा के लिए तैयार है। इधर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लीकार्जुन खड़गे ने सरकार पर आरोप लगाया है कि वह सदन में विपक्ष की आवाज को दबाना चाहती है। इसलिए वह चर्चा से भाग रही है। कुल मिलाकर सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों ही एक दूसरे पर चर्चा से भागने का आरोप लगा रहे हैं। अब तो विपक्षी पार्टियों ने सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की भी तैयारी शुरू कर दी है। इसके साथ ही विपक्षी नेताओं ने मणिपुर की स्थिति का जायजा लेने के लिए विपक्षी पार्टियों के नेताओं का एक प्रतिनिधि मंडल मणिपुर भेजने का फैसला भी लिया है। जाहिर है इन तमाम कवायदों के बीच संसद के दोनों सदनों में आगे और भी कुछ दिनों तक कार्रवाई बाधित ही रहेगी। उल्लेखनीय है कि संसद की कार्यवाही ठप्प रहने से देश के खजाने पर अरबो रुपए की चपत लगती है। सदन की कार्यवाही पर प्रति मिनट ढाई लाख रुपए का खर्च आता है और एक दिन की कार्यवाही पर लगभग दस करोड़ रुपए का खर्च बैठता है। जाहिर है यह पैसा देश के करदाताओं के गाढ़े खून पसीने की कमाई से आता है। जो संसद में कामकाज ना होने से व्यर्थ चला जाता है। माननीय संसदों को इस बात का एहसास होना चाहिए। यह ठीक है कि विपक्ष को अपनी बात रखने का और सरकार के खिलाफ अपना विरोध जताने का अधिकार है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि सदन ही ना चलने दिया जाए। संसद के मानसून सत्र में अनेक महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा होनी थी। लेकिन वे अधर में लटके हुए है। जनहित से जुड़े अन्य मुद्दों पर भी सदन में चर्चा नहीं हो पा रही है और प्रश्नकाल ठप्प रहने के कारण संसद के तमाम सदस्य अपने अपने क्षेत्रों की समस्याओं की भी सदन में नहीं। उठा पा रहे हैं। यह ठीक है कि मणिपुर का मामला अत्यंत संवेदनशील है और इसे लेकर विपक्ष का आक्रोशित होना भी स्वभाविक है लेकिन जब तक मणिपुर के मामले में संसद में चर्चा नहीं होगी तब तक समस्या का समाधान भी नहीं होगा। सदन को चलाना जितनी सत्तापक्ष की जिम्मेदारी होती है विपक्ष भी इसके लिए उतना ही जिम्मेदार होता है। तात्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने विपक्ष की यह परीभाषा दी थी कि विपक्ष का मतलब विशेष पक्ष होता है। इसलिए उसे सदन में विशेष योगदान देना चाहिए। इस बात से विपक्ष को सीख लेनी चाहिए और सदन को सुचारू रूप से चलाने में सत्तापक्ष का सहयोग करना चाहिए। तभी सदन में जारी गतिरोध टूटेगा। मणिपुर मुद्दे को लेकर सत्तापक्ष और विपक्ष इसी तरह अपनी जिद पर अड़े रहे और एक दूसरे पर चर्चा से भागने का आरोप प्रत्यारोप लगाकर अपने कर्तव्य की इतिश्री मानते रहे तो सदन की कार्रवाही आखिर कैसे चल पाएगी। दोनों को मिलकर कोई बीच का रास्ता निकालना ही होगा।

मणिपुर में सख्त कदम उठाने की दरकार

राजेश माहेश्वरी

जहां एक तरफ पहाड़ी इलाकों में एक अलग प्रशासन की मांग उठ रही है, वहीं मैदानी इलाकों के लोग लगातार ये इल्जाम लगाते आ रहे हैं कि इस हिंसा में म्यांमार से मणिपुर में घुसे लोगों की एक बड़ी भूमिका है। इसीलिए घाटी में रहने वाले लोग अब एनआरसी करवा कर अवैध रूप से मणिपुर में घुसे लोगों की पहचान करवाने की मांग कर रहे हैं। पहाड़ी इलाकों में रहने वाले कुकी समुदाय के लोग इस बात का खंडन करते हैं। मैतेई और कुकी नामक आदिवासी समुदायों के बीच वर्चस्व की लड़ाई में प्रदेश और प्रशासन दो हिस्सों में बंट गया है। एक दूसरे के हिस्से में जाना मौत को गले लगाने जैसा है। पुलिस और सशस्त्र बलों के हथियार लूटकर दोनों समूहों ने अपनी सेना बना ली है।

मणिपुर में हो रही नस्लीय हिंसा मामले में संसद ठप है। सत्ता पक्ष और विपक्ष इस मामले में एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगा रहे हैं। मणिपुर में जो कुछ हो रहा है, उसे देख-सुनकर देषवासी सन्न हैं। असल में पूर्वोत्तर का राज्य मणिपुर बीते ढाई महीने से भी अधिक समय से नस्लीय हिंसा की आग से जल रहा है। बीती 19 जुलाई को मणिपुर की दो महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न का एक वीडियो सामने आया। मणिपुर पुलिस ने इस वीडियो की पुष्टि करते हुए बताया है कि ये महिलाएं बीती चार मई को मणिपुर के थोबल जिले में यौन उत्पीड़न की शिकार हुई थीं। इस वीभत्स और मानवता को षर्मसार करने वाले वीडियो के वायरल होने के बाद यह सवाल उठने लगा है कि आखिर इस समस्या का हल क्या है?

मणिपुर में बीती तीन मई को हिंसा शुरू होने के बाद से अब तक 142 लोगों की मौत हो चुकी है और करीब 60,000 लोग बेघर हो गए हैं। राज्य सरकार के मुताबिक इस हिंसा में 5000 आगजनी की घटनाएं हुई हैं। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट में दायर एक रिपोर्ट में मणिपुर सरकार ने कहा कि इस हिंसा से जुड़े कुल 5,995 मामले दर्ज किए गए हैं और 6,745 लोगों को हिरासत में लिया गया है। मणिपुर में मौजूदा समय में कानून व्यवस्था की स्थिति पर कोई ऑन रिकॉर्ड बोलने को तैयार नहीं है। लेकिन राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया है कि हालात धीरे-धीरे सुधर रहे हैं। मणिपुर में तीन बड़े समुदाय मैतेई, नागा और कुकी हैं। मैतई ज्यादातर हिंदू हैं और वह ओबीसी कैटेगरी में आते हैं। राज्य में मैतई लोगों की जनसंख्या भी ज्यादा है। राज्य में नागा और कुकी ज्यादातर ईसाई हैं और ये दोनों अनुसूचित जनजाति में आते हैं। राज्य में मैतेई की आबादी करीब 60 फीसदी है और ये समुदाय इंफाल घाटी में रहता है। राज्य के कुल 10 फीसदी भूभाग में मैतेई समुदाय रहता है और बाकी का जो ये 90 फीसदी हिस्सा है, वो पहाड़ी है। यहां पर कुकी और नागा समुदाय को मिलाकर राज्य की जनसंख्या के करीब 40 फीसदी लोग बसे हुए हैं। पहाड़ में नागा और कुकी को मिलाकर 30 से ज्यादा छोटी-बड़ी जनजातियां हैं। ये अनुसूचित जनजाति में आती है। इनके पास कई सुविधाएं हैं और पहाड़ी इलाकों में सिर्फयही रह सकते हैं। मैतेई समुदाय इसका विरोध करता है। वो कहते हैं कि हमें भी एसटी का दर्जा मिलना चाहिए क्योंकि उनके पास रहने के लिए रहने को जमीन कम है। अगर एसटी का दर्जा मिलेगा. तो वो पहाड़ों पर शिफ्ट हो सकेंगे। वर्तमान हालात की बात करें तो ये कहने में कुछ भी गलत नहीं है कि इसके लिए राज्य की सरकार जिम्मेदार है जो उच्च न्यायालय द्वारा मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिए जाने संबंधी फैसले के बाद उत्पन्न स्थिति से सही ढंग से निपटने में असफल रही और उपद्रवियों को नियंत्रित करने के बजाय हाथ पर हाथ धरे तमाशा देखती रही। लेकिन केंद्र सरकार ने भी आकलन में देर करते हुए राज्य सरकार की क्षमता पर जरूरत से ज्यादा भरोसा किया। कुकी समुदाय द्वारा उच्च न्यायालय के फैसले के बाद की जाने हिंसा के बारे में खुफिया एजेंसियों द्वारा भी सही समय पर जानकारी या तो दी नहीं गई या फिर जिम्मेदार लोगों ने उस पर ध्यान नहीं दिया। मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह भी त्यागपत्र देने का ऐलान करने के बाद पीछे हट गए। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह मणिपुर में कुछ दिन डेरा डाले रहे लेकिन उसका भी कोई असर नहीं हुआ।

सवाल ये है कि अब तक वहां राष्ट्रपति शासन लगाकर स्थिति को संभालने का निर्णय क्यों नहीं लिया गया जबकि राज्य और केंद्र दोनों में भाजपा की ही सरकार है। मौजूदा परिस्थिति में मुख्यमंत्री बदलने से भी कुछ लाभ नहीं होगा क्योंकि राज्य में ऐसा एक भी राजनीतिक नेता नहीं है जिसे दोनों समुदायों का विश्वास हासिल हो। लेकिन इस सबके बीच गत दिवस 4 मई को मैतेई हमलवारों द्वारा एक गांव पर धावा बोलकर पकड़ी गई दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने का वीडियो सोशल मीडिया के जरिए प्रसारित होने के बाद पूरे देश में जबरदस्त रोषपूर्ण प्रतिक्रिया हुई। सर्वोच्च न्यायालय से संसद तक उसकी गूंज सुनाई दी।

मणिपुर पर अब तक खामोश रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सामने आकर उक्त घटना को पूरे देश को शर्मसार करने वाला बताया। विपक्ष को भी संसद का सत्र शुरू होते ही केंद्र सरकार को घेरने का जोरदार मुद्दा हाथ लग गया जिसका लाभ लेने में उसने लेश मात्र भी देर नहीं लगाई। आनन-फानन में दोषी लोगों की गिरफ्तारी होने के बाद मुख्यमंत्री ने उन्हें फांसी तक पहुंचाने की बात कहते हुए शेखी तक बघारी लेकिन उनका ये कहना चैंकाने वाला है कि ऐसे हजारों मामले हैं और उसी लिए इंटरनेट बंद कर दिया गया है। सवाल ये हैं कि यदि ऐसे हजारों मामले थे तो राज्य सरकार ने अब तक क्या कदम उठाए और महिलाओं को नग्न घुमाए जाने की रिपोर्ट थाने में दर्ज हो जाने के दो महीने बाद भी कार्रवाई क्यों नहीं की गई?

हालांकि, ये बात विचारणीय है कि 4 मई की घटना का वीडियो संसद के सत्र तक क्यों दबाकर रखा गया? जाहिर है इसके पीछे भी उन ताकतों का हाथ है जो मणिपुर में लगी आग को ठंडी करने के बजाय उसे और भड़काने में जुटे हुए हैं। मणिपुर में कुकी समुदाय मूलतः म्यांमार से आकर पर्वतीय क्षेत्रों में बस गया और अभी भी सीमा पार से अवैध रूप से घुसपैठ जारी है। इनके द्वारा अफीम की खेती कर तस्करी के जरिए उसे विदेश भेजने की बात भी सामने आ चुकी है जिसमें विदेशी हाथ होना अवश्यंभावी है। ये देखते हुए इस राज्य को पूरी तरह स्थानीय प्रशासन के भरोसे छोड़कर रखना भूल साबित हुआ है। महिलाओं के अपमान की जो घटना सामने आई वह किसी भी दृष्टि से सहनीय नहीं है।

जहां एक तरफ पहाड़ी इलाकों में एक अलग प्रशासन की मांग उठ रही है, वहीं मैदानी इलाकों के लोग लगातार ये इल्जाम लगाते आ रहे हैं कि इस हिंसा में म्यांमार से मणिपुर में घुसे लोगों की एक बड़ी भूमिका है। इसीलिए घाटी में रहने वाले लोग अब एनआरसी करवा कर अवैध रूप से मणिपुर में घुसे लोगों की पहचान करवाने की मांग कर रहे हैं। पहाड़ी इलाकों में रहने वाले कुकी समुदाय के लोग इस बात का खंडन करते हैं। मैतेई और कुकी नामक आदिवासी समुदायों के बीच वर्चस्व की लड़ाई में प्रदेश और प्रशासन दो हिस्सों में बंट गया है। एक दूसरे के हिस्से में जाना मौत को गले लगाने जैसा है। पुलिस और सशस्त्र बलों के हथियार लूटकर दोनों समूहों ने अपनी सेना बना ली है। अस्थाई तौर पर बनाए बंकरों में नौजवान इस तरह तैनात हैं जैसे सामने शत्रु देश की सीमा हो। राजधानी इंफाल तक सुरक्षित नहीं है। प्रशासन पूरी तरह लाचार नजर आ रहा है। लेकिन राज्य सरकार का कहना है कि हालात सुधर रहे हैं। लेकिन राज्य में हर दिन हो रही हिंसा ये बात बार-बार याद दिला रही है कि दोनों समुदायों के बीच अविश्वास की खाई लगातार गहरी होती जा रही है। एक ऐसी खाई जिसका खामियाजा मणिपुर के हजारों लोग हर दिन भुगत रहे हैं.ऐसे में अब मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाकर सेना को तैनात किए जाने के सिवाय और कोई विकल्प नहीं है।

(लेखक राज्य मुख्यालय पर मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।)

विचार

कागजों पर रोका-छेका अभियान

प्रदेश सरकार ने फसलों को मवेशियों से बचाने के लिए गांव-गांव में जो रोका-छेका अभियान चलाया है वह दम तोड़ दी है। मवेशी या तो फसलों को नुकसान पहुंचा रहे है या सड़कों में बैठकर जुगाली करते दुर्घटनाओं को जन्म दे रहे है। हाइवे से निकल कर ग्राम को जोड़ने वाले सड़कों पर जाए तो वहां सड़कों पर ही गौठान नजर आएगा। रोका-छेका की जिम्मेदारी जिन लोगों को दी गई शायद वो भी मवेशियों को काबू करते-करते थक गए । जिसके परिणामस्वरूप मवेशियों का झुंड सकड़ पर जुगाली कर रहा है। जिले में रोका-छेका अभियान कागजों पर सिमट कर रहा गया है। अभियान के शुरूआती दिनों में उत्साह दिखाया गया। सड़कों पर घूम रहे मवेशियों को पकड़कर कांजी हाउस पहुंचाया गया, लेकिन अब बीते कुछ वर्षों से अभियान पूरी तरह ठप पड़ गया है। घूमते आवारा मवेशी शहर की मुख्य सड़कों के साथ ही वार्डो और खासकर बाजारों में नजर आ रहे हैं। आलम ये है कि सड़कों पर मवेशियों के होने से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। कभी वाहन चालक तो कभी मवेशी चोटिल हो रहे हैं। तीन साल पहले प्रदेश सरकार ने बड़े धूमधाम से रोका छेका अभियान की शुरूआत की थी। जिसके लिए नगरीय प्रशासन और विकास मंत्रालय ने गाइडलाइन जारी की थी। शुरूआती महीनों में काऊ कैचर गाड़ियां सड़कों और बाजारों में नजर आई। उसके बाद पूरी तरह काऊ कैचर गाड़ियां सड़कों से अज्ञातवास में चली गई जिसकी आज तक वापसी नहीं हो सकी। जिसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है। अभियान के शुरूआती दिनों में सड़कों से घूमते मवेशियों को पकड़कर कांजी हाउस ले जाया जाता था, लेकिन अब काउ कैचर निगम क्षेत्र और नेशनल हाइवे में भी दूर-दूर तक नजर नहीं आती। मवेशियों को सड़क पर आने से रोकने के लिए मालिकों से जुर्माना वसूली का प्रावधान भी बनाया गया था, जो पूरी तरह से फेल हो गया है। ज्यादातर मवेशी मालिक दुधारु मवेशियों की दूध देने तक अच्छी देखभाल करते हैं और जब वो दूध देना बंद कर देती है, तो उसे सड़कों पर जुगाली करने के लिए छोड़ देते हैं। बावजूद इसके नगरीय क्षेत्रों में मवेशी मालिकों के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। वहीं किसानों का कहना है कि शहर की सड़कों पर विचरण करने वाले आवारा मवेशी उनके खेतों की ओर रूख करते हैं और फसलों को खा और रौंदकर नष्ट कर देते हैं। कई बार तो ये मवेशी रात में भी खेतों में पहुंच जाते हैं, जिससे उनकी फसल खराब हो रही है और उन्हें आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने शासन-प्रशासन से कारगर कदम उठाने की मांग की है। नगर पालिका के अधिकारियों के साथ पंचायतों के जुड़े प्रतिनिधियों ने बताया कि जिले में जो भी अनुदान प्राप्त गौ शालाएं हैं, वो इन आवारा पशुओं को लेने में हाथ खड़ा कर दे रही हैं। ऐसे में प्रशासनिक अमले की पहल आवश्यक है। नगर पालिका में तो गौ शाला के प्रमुखों को तलब भी किया गया, लेकिन गौ शाला के संचालकों ने दो टूक जवाब देते हुए कहा कि उनके पास जगह नहीं है, इसलिए वो इन मवेशियों को नहीं रख सकते। आखिर गौशाला की जगह में क्या हो रहा है जो मवेशियों के लिए जगह नहीं है?

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

हम मूर्खताओं पर आश्चर्यचकित

हम मूर्खताओं पर आश्चर्यचकित और मुग्ध सभ्यता है जितना अधिक मूर्खतापूर्ण एवं अनिश्चित उतना अधिक रोमांचक और आकर्षक अगर तुम तक मेरी बात पहुंच गई तो तुम मुक्त अन्यथा बाधित।
कुलदीप वर्मा

मेतई मूल निवासी हैं लेकिन मूल निवासी

मेतई मूल निवासी हैं। लेकिन मूल निवासी की दुकान चलाने वालों में से किसी को आपने उसके पक्ष में बोलते देखा है? बाकी सभी वोल्गा चले जायें लेकिन कूकी को मणिपुर में ही रहना चाहिये। मेतई को भगा देना चाहिये? यह ऊटपटांग विचार समझ में आती है आपको?
पंकज कुमार झा

खास पाती | ना तुमने पूछा ना मैंने कहा

क्यों खेलते हो जज़्बातों से क्यों करते हो शोषण क्यों करते हो चीरहरण क्यों करते हो हत्या क्यों उठाते हो हाथ क्यों फेंकते हो तेजाब बस सिर्फ स्त्री हूँ इसलिये ना पूछा तुमने न मैंने कहा बस की मनमानी फिर काट मार फेंक दिया किसी जंगल में और बस कर ली हवस अपनी पूरी समझ एक बेजान जान उसपर अमानवीयता की हद फेंक दिया तड़प कर मरने को बना जिंदा लाश या कचरे की तरह काट फाड़ फेंक दिया कर छोटे छोटे टुकड़े ना पूछा तुमने न मैंने कहा ना समझा तुमने न मैंने कहा बस की मनमानी बस की दरिंदगी बस की हैवानियत। **मीनाक्षी सुकुमारन**

तुम उस कथा के नायक कभी

तुम उस कथा के नायक कभी न बनना जिसमें प्रेम पूर्ण हो जाता है तुम बने रहना उस कथा के नायक जहाँ प्रेम कभी पूर्ण नहीं होता। देखोगे तब तुम चिरकाल मैं तुम्हारी ही नायिका हूँ। प्रेम में समय जितना प्रताड़ित करेगा तुम्हें प्रेम उतना ही गहरा होगा वहाँ जहाँ प्रेम कभी पूर्ण नहीं होता। हम बने रहेंगे अपने अधुरे प्रेम के नायक और नायिका पूर्ण प्रेम में। **अनामिका चक्रवर्ती**

आज के दिन जले थे सब सपने

आज के दिन जले थे सब सपने आज के दिन मिले थे तुम रब से आज के दिन रिहाई थी जग से आज के दिन बुझे कई रिश्ते बरसों पहले जो ज़ख्म खाए थे आज वो जीने के सहारे हैं कोई भर ही कभी नहीं पाया क्योंकि वो ज़ख्म हमको प्यारे हैं जिस भी दुनिया में तुम रहो दिलबर तुमको खुशियाँ नसीब हों सारी याद हमको न तुम करो लेकिन दिल सदा इश्क़ से रहे तारी डर नहीं लगता अब सवालों से मुझको फुर्सत नहीं ख़यालों से कौन किसको जवाब देता है सब ही आजिज़ हैं अब सवालों से। **ममता लड़ीवाल**

मैं कुटज बनकर जीऊँ मैं कुटज

मैं कुटज बनकर जीऊँ मैं कुटज बनकर जीऊँ धूप-छांव जीवन की मैं बस! हंसकर सहूँ मैं कुटज बनकर जीऊँ संध्या-दिवस समान हों जीवन सुख या दुख का सामान हो। अमृत समझ आंसू पीऊँ। मैं कुटज बनकर जीऊँ। हो पराया या अपना ही कोई सम्मान को तत्पर रहूं । छल-कपट से दूर हो निश्चल सा मन पंछी रहूँ मैं कुटज बनकर जीऊँ।। **सविता वर्मा 'ग़ज़ल'**

बजबजाते नाली, धसकते फुटपाथ

बजबजाते नाली, धसकते फुटपाथ, भसकते पुल तालाब बने सड़कें, गौठान बनी सड़के मतलब अपने अपने शहर राज्य कि चर्चा नहीं करेंगे बस दुनिया का चर्चा होना चाहिए! मेरे शहर कि? संतुष्ट जनता को सेल्यूट। बहरहाल जानकारी हेतु बता दे विगत बहुत दिनों से नल सिर्फ गैस छोड़ रहा है पानी नहीं ? **अंबर दानी**

रास्ते में एक पुराना दोस्त मिला

रास्ते में एक पुराना दोस्त मिला मिलते ही यादों के साथ दिल खिला मेने पूछा कितने बच्चे है उसने कहा ओनली मात्र सिक्स?? मेने कहा तेरे तो दो ही थे पहले बाकी चार कहा से कर लिए फिक्स खेलते खेलते पब्जी... घर की सीमा किया पार हो गई उससे आंखे चार दो से सीधे हो गए आधे दर्जन क्या बताऊं मेरे यार?? मेने कहा बेटा अब तू जीवन में कुछ न रहेगा जीते जी जिंदा मरेगा खेलने के फेर में पब्जी लाने लायक भी न रहेगा सब्जी टमाटर का भाव मालूम कर, जिंदगी भर होगा घर में दंगा कपड़े पहने पहने ही हो जायेगा नंगा आसान रास्ते को क्यू रहा मोड़ चुपचाप बन जा सलमान और बड़ी मुन्नी को उसकी जगह जाके छोड़।
सत्रुंजय तिवारी

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। जहाँगीर ने आज ही के दिन 1614 में मेवाड़ के राणा का स्वागत किया। लिथुआनिया की हिंसा में 26 जुलाई 1826 को कई यहूदी मरे। भारत के प्रमुख शिक्षाविद् गुरुदास बनर्जी का जन्म 26 जुलाई 1844 को हुआ था। महाराष्ट्र के प्रसिद्ध समाज सुधारक और दलितों के हितेषी छत्रपति साहू महाराज का जन्म 26 जुलाई 1874 को हुआ था। आज ही के दिन 1876 में कलकत्ता में इंडियन एसोसिएशन की स्थापना हुई। भारत की प्रसिद्ध कवयित्रियों में से एक विद्यावती 'कोकिल' का जन्म 26 जुलाई 1914 को हुआ था। विंस्टन चर्चिल ने आज ही के दिन 1945 में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दिया। नीदरलैंड ने 26 जुलाई 1951 में जर्मनी के साथ युद्ध खत्म किया। कम्युनिस्ट क्रांतिकारी फ़िडेल कास्त्रो के नेतृत्व में 26 जुलाई 1953 को क्यूबा की क्रांति शुरू हुई। मिस्र ने 1956 में आज ही के दिन स्वेज नहर पर कब्ज़ा किया। मालदीव के ब्रिटेन से आज ही के दिन 1965 में मिली आजादी। भारत के प्रसिद्ध विद्वान वासुदेव शरण अग्रवाल का निधन 26 जुलाई 1966 को हुआ

QUIZ TIME

1) दशराज्ञ युद्ध का उल्लेख ऋग्वेद के किस मण्डल में हैं?

2) ब्लेज पास्कल किस देश के गणितज्ञ थे?

3) दो देशान्तर रेखाओं के बीच की दूरी को क्या कहा जाता है?

4) फीफा क्लब विश्व कप 2023 का आयोजन किस शहर में किया जाएगा?

5) पेरूमाझाय कुंजिथालुकल (वे बच्चे जो कभी नहीं झुके) के लेखक कौन है जिन्हें साहित्य अकादमी बाल साहित्य पुरस्कार 2023 दिया गया?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) सातवें (2) फ्रांस (3) गोर (4) जेद्दा, सऊदी अरब (5) प्रिया ए एस

वर्ग पहेली

शब्द सामर्थ्य -136

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं
1. रूचिकर लगने वाली, रूचि के अनुकूल, चुनी हुई 3. राजाओं के बैठने का आसन 6. श्रमिक 7. कार्य, काज 9. वाद्ययंत्र आदि बजाने वाला 10. सहारा, सहायक वस्तु 11. शर्म, लाज, हया 12. मक्खन, माखन 14. श्रीमती राबड़ी देवी इस प्रदेश की मुख्यमंत्री हैं 15. चंद्रमा, रजनीश, चांद 18. पुस्तक 20. अवधि, समय 21. तर्क वितर्क और कहा-सुनी, जबानी झगड़ा 22. सूरत, आकार 23. झुका हुआ, नत।

ऊपर से नीचे
1. पंद्रह दिन का समय, शुक्ल या कृष्ण पक्ष 2. आग बुझाने की मशीन 3. हिंदु विवाहित स्त्री के मांग में भरने का लाल चूर्ण 4. पराजय, माला 5. मुंह ढकने का कपड़ा, घुंघट 8. चंदन, दक्षिण का एक पर्वत 10. व्यवस्थित करना, सजाना, स्वभाव आदि का परिष्कार, शुद्ध संबंधी कृत्य 12. विशालता, बड़प्पन, महान होने का भाव 13. अड़चन, रुकावट 15. जमीन के अंदर गहरा और लंबा रास्ता, अच्छे रंग का 16. बेवकूफ, मूर्ख, अहमक 17. औसत के हिसाब से 18. कृषक 19. अधिक, ज्यादा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 135 का हल

ज	ल		आ	वा	जा	ही		
मा		खू	ब		दू	र	स्थ	
ना	दा	न		सा	ग		ल	क्ष्य
	न	ख		त	र	ल		
	वी	रा	न			च	ट	क
	र	ब		आ	ज	क	ल	
			आ	ग		दा	ना	
	अ	ग	र	म	ग	र		क्रो
भा	भी		ती	न			व	ध

आज का पंचांग (बुधवार, 26 जुलाई 2023)

सूर्योदय:05:44, सूर्यास्त: 07:19, चन्द्रोदय:00:53, चन्द्रास्त: 13:41, अयन दक्षिणायणे (उत्तरगोलीय), ऋतु:वर्षा, शक सम्वत: 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वत: 2080 (पिंगल), मास श्रावण, पक्ष शुक्ला, तिथि अष्टमी, नक्षत्र स्वाति, योग सुकर्मा (10:53 से धृति), प्रथम करण तैतिल (06:19 तक), द्वितीय करण गर (18:04 तक)

॥ गोचर ग्रहा: ॥

सूर्य मिथुन, चंद्र मेष, मंगल सिंह (उदित, पश्चिम, मार्गी), बुध कर्क (उदय, पश्चिम, मार्गी), गुरु मेष (उदित, पश्चिम, मार्गी), शुक्र सिंह (उदित, पश्चिम), शनि कुम्भ (उदित, पूर्व, वक्री), राहु-मेष, केतु-तुला।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त 11:54 से 12:50, अमृत काल 11:51 से 13:27, सर्वार्थसिद्धि योग 05:23 से 19:04, अमृतसिद्धि योग 05:23 से 19:04, विजय मुहूर्त 14:42 से 15:38, गोधूलि मुहूर्त 19:20 से 19:40, सायाह्न सन्ध्या 19:21 से 20:21, निशिता मुहूर्त 00:02 से 00:43, राहुकाल 12:00 से 13:30, राहुवास पश्चिम, यमगण्ड 08:53 से 10:38, होमाहुति राहु, दिशाशूल उत्तर, अग्निवास पृथ्वी (18:04 तक), चन्द्रवास पूर्व, शिववास सभा में (18:04 से क्रीड़ा में)।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष -आज दिन का कुछ समय मित्र प्रियजनों के साथ धार्मिक अथवा ऐतिहासिक पर्यटन में बितायेंगे।

वृष - आज का दिन भी विपरीत फलों की प्राप्ति होने से अशान्त रहेगा। घर एवं कार्य क्षेत्र पर खिंच-तान बनी रहेगी।

मिथुन-आज का दिन भी अनुकूल रहने वाला है। आज उत्तम परिस्थितियों का समय से लाभ उठाये आलस में पड़कर कार्यो का नुकसान भी हो सकता है।

कर्क-आप आज के दिन का भरपूर फायदा उठाएंगे। कार्यो में आज आसानी से सफलता मिलने एवं आकस्मिक धन लाभ होने से निश्चिन्त होकर कार्य करेंगे।

सिंह-आज के दिन आपको धर्म एवं समाज से काफी आशाएं रहेंगी। किसी काम के अटकने पर आध्यत्म अथवा समाज के वरिष्ठ लोगो की सहायता लेनी पड़ सकती है।

कन्या-कार्यो में देरी एवं सेहत को लेकर आपको आज के दिन थोड़ा कष्ट सहना पड सकता है।

तुला-आज का दिन भाग्योदय कारक रहेगा। शरीर स्वस्थ्य रहेगा। आज आपको किसी सहारे की तलाश रहेगी मध्यान तक इसके पूरे होने की संभावना है।

वृश्चिक -आज का दिन आपको मिश्रित फल देने वाला रहेगा। दिन का पहला भाग ख़राब सेहत की भेंट चढ़ेगा।

धनु-आज के दिन आप बीते दिन की अपेक्षा परिस्थितियों में सुधार अनुभव करेंगे। कई दिनों से मन में चल रही दुविधा का किसी परिजन की सहायता से निराकरण होने से दिल का बोझ हल्का होगा।

मकर-आज आप किसी गलत निर्णय अथवा मार्गदर्शन की कमी के कारण घर एवं बाहर आलोचना के शिकार हो सकते है।

कुंभ -आज के दिन आपमें उदासीनता अधिक रहेगी। कार्यो को लापरवाही से करने से नुक्सान हो सकता है ।

मीन-आज का दिन मिलाजुला रहेगा। सेहत में थोड़ा उतार चढ़ाव आने से आलस्य बढेगा।

रायपुर एयरपोर्ट से दुर्ग तक शुरू हुई वातानुकूलित सिटी बस सेवा

■ दुर्ग से रायपुर तथा एयरपोर्ट माना तक आने-जाने मिली बेहतर सुविधा

रायपुर/नवप्रदेश। स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट माना से दुर्ग तक जाने वाली पूरी तरह वातानुकूलित (एयर कंडीशनर) सिटी बस का आज शुभारंभ किया गया है। सुबह 10.15 बजे स्वामी विवेकानंद विमानपत्तन परिसर से इस बस को रवाना किया गया। शासन की पहल से अब दुर्ग से रायपुर तथा एयरपोर्ट माना तक आने-जाने के लिए लोगों को बेहतर सुविधा उपलब्ध हो गई है। यह बस नवा रायपुर स्थित स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से तेलीबंधा, पचपेड़ी नाका, भाठागाँव, टाटीबंध, पावर हाउस, नेहरू नगर होते हुए दुर्ग शहर तक चलेगी। बस स्वामी विवेकानंद विमानपत्तन परिसर से सुबह 8.30, 10.15, दोपहर 2.30 और शाम 6.30 बजे छूटेगी। इसी प्रकार पूरी तरह एयरकंडीशनर यह बस दुर्ग से सुपेला, पावर हाउस, भिलाई-3, टाटीबंध, तेलीबंधा होते हुए एयरपोर्ट पहुँचेगी। दुर्ग से यह बस सुबह 7.50 बजे, 11.15, दोपहर 12.50 बजे, और शाम 4.45 बजे छूटेगी। इस बस का एयरपोर्ट से रायपुर सिटी का किराया 40 रुपए और एयरपोर्ट से दुर्ग तक का किराया 100 रूपया निर्धारित है।

सिंहदेव विकास कार्यों की करेंगे समीक्षा

रायपुर/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री तथा बेमेतरा और कवर्धा जिले के प्रभारी मंत्री टी.एस. सिंहदेव बेमेतरा और कवर्धा में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे। वे दोनों जिलों में संचालित योजनाओं व कार्यक्रमों की भी समीक्षा करेंगे। श्री सिंहदेव 26 जुलाई को बेमेतरा में और 27 जुलाई को कवर्धा में बैठक लेंगे। उप मुख्यमंत्री श्री सिंहदेव 26 जुलाई को रायपुर से सवेरे दस बजे सड़क मार्ग से बेमेतरा के लिए रवाना होंगे। वे सवेरे साढ़े 11 बजे बेमेतरा पहुंचकर जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेंगे। श्री सिंहदेव दोपहर तीन बजे बेमेतरा से कबीरधाम जिले के रणबीरपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। वे दोपहर साढ़े तीन बजे रणबीरपुर में स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। वे शाम साढ़े पांच बजे वहां से कवर्धा के लिए रवाना होंगे। श्री सिंहदेव शाम छह बजे कवर्धा पहुंचेंगे। वे कवर्धा में रात्रि विश्राम करेंगे। श्री सिंहदेव अगले दिन 27 जुलाई को सवेरे 11 बजे कवर्धा में लोगों से मुलाकात करेंगे। वे दोपहर एक बजे अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे। श्री सिंहदेव शाम साढ़े चार बजे कवर्धा से रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

राज्यपाल ने शिक्षा गुणवत्ता बढ़ाने के दिए निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। मंगलवार को हायर एजुकेशन के सभी आला अफसर राजभवन पहुंचे। दरअसल हायर एजुकेशन में गुणवत्ता बढ़ाने के मसले पर राज्यपाल ने उन्हें तालाब किया था। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने इसके लिए प्रदेश के सभी यूनिवर्सिटी के कुलपतियों को बुलाया। राज्यपाल ने शिक्षा व्यवस्था को लेकर कर रहे समीक्षा की और गुणवत्ता के साथ स्तर भी बढ़ाने पर जोर दिया है। मीटिंग में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन की स्थिति, नैक (नेशनल एसेसमेंट एंड एक्रेडिटेशन काउंसिल) द्वारा विश्वविद्यालयों एवं संबंद्ध महाविद्यालयों के मूल्यांकन की स्थिति, ग्रेडिंग और संस्थानों द्वारा नेक ग्रेडिंग सुधारने के लिए किये जा रहे प्रयासों की समीक्षा की गई। विश्वविद्यालयों में शैक्षणिक पदों पर भर्ती एवं नियुक्ति आदि पर भी राज्यपाल जानकारी ली।

कोर्टयार्ड बाय मैरियट में अत्याधुनिक ईवी चार्जिंग स्टेशन का शुभारंभ

रायपुर/नवप्रदेश। कोर्टयार्ड बाय मैरियट रायपुर ने इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग स्टेशन का उद्घाटन किया, जो स्थिरता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करता है और अपने मेहमानों और आगंतुकों के लिए पर्यावरण-अनुकूल समाधान प्रदान करता है। जैसा कि दुनिया जलवायु परिवर्तन से निपटने और कार्बन फुटप्रिंट को कम करने के लिए हरित विकल्पों को अपना रही है, कोर्टयार्ड बाय मैरियट रायपुर आतिथ्य उद्योग के भीतर पर्यावरण प्रबंधन में सबसे आगे बना हुआ है। ईवी चार्जिंग स्टेशन की स्थापना, टिकाऊ और दूरदर्शी सुविधाएं प्रदान करने, पर्यावरण के प्रति जागरूक मेहमानों की जरूरतों को पूरा करने और अधिक टिकाऊ भविष्य को बढ़ावा देने के लिए होटल के समर्पण को दर्शाती है। जैसे-जैसे देश तेजी से ईवी अपनाने की ओर बढ़ रहा है, बेहतर ईवी चार्जिंग बुनियादी ढांचे की आवश्यकता है।

साथ ही, ई-मोबिलिटी पहल को शक्ति देने के लिए बड़ी संख्या में इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने की भी आवश्यकता है। मैरियट इंटरनेशनल, मेहमानों को अपेक्षाओं से अधिक अनुभव प्रदान करने और आतिथ्य क्षेत्र के भीतर वैश्विक स्थिरता लक्ष्यों के लिए मानक स्थापित करने में अग्रणी बना हुआ है। चार्ज जोन के साथ साझेदारी करके, मैरियट इंटरनेशनल दुनिया भर में अपने होटलों में एक इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने के अपने लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है, जिसे इसके संरक्षक और आम जनता तक यह सेवा समान रूप से पहुंच सकती है। यह स्टेशन चार्ज ज़ोन द्वारा बनाया गया है, एक कंपनी जिसने मैरियट इंटरनेशनल के साथ साझेदारी की है और देश भर में ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित कर रही है। कोर्टयार्ड बाय मैरियट, रायपुर का नया ईवी चार्जिंग स्टेशन कई चार्जिंग पॉइंट का दावा करता है, जिसमें इलेक्ट्रिक वाहनों की कुशल और तेज़ चार्जिंग के लिए अत्याधुनिक फ स्ट-चार्जिंग तकनीक शामिल है।

अपनी सार्वभौमिक अनुकूलता के साथ, स्टेशन ईवी मॉडलों की एक विस्तृत श्रृंखला को समायोजित करता है, जिससे यह विभिन्न ब्रांडों और मॉडलों वाले मेहमानों के लिए सुलभ हो जाता है। होटल परिसर के भीतर स्थित, चार्जिंग स्टेशन कोर्टयार्ड बाय मैरियट, रायपुर में रहने वाले मेहमानों के लिए सुविधाजनक है।

लोगों ने कलेक्टर को बताई समस्याएं

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर सर्वेश्वर भूरे के मार्गदर्शन में अपर कलेक्टर बी बी पंचभाई ने जनचौपाल में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों से मुलाकात कर उनकी मांगों एवं समस्याओं को संवेदनशीलतापूर्वक सुना। उन्होंने जनचौपाल में प्राप्त आवेदन पत्रों का

अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जनचौपाल में आज 60 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए। जनचौपाल में ग्राम पंचायत हसदा के सरपंच शशिप्रकाश साहू ने गांव के शासकीय भूमि पर हुए अवैध कब्जे की शिकायत की। उन्होंने बताया कि गांव के कुछ अन्य व्यक्ति द्वारा कब्जा कर बांध के पानी की निकासी को बन्द कर दिया गया है, जिससे हसदा-हथबंद मार्ग क्षतिग्रस्त हो रहा है। उन्होंने कलेक्टर से कब्जाधारी की निजी जमीन का सीमांकन कर शासकीय भूमि को कब्जा मुक्त कराने का आग्रह किया। इसी प्रकार रायपुर निवासी राकेश एन्ड्रीव ने अपनी पुत्री सुश्री रशेल एन्ड्रीव के बोर्ड रिजल्ट में नाम सुधरवाने, भाटापारा निवासी रामचरण यादव ने अपने वार्ड में सीसी रोड एवं नाली निर्माण कराने, गोबरानवापारा निवासी लक्ष्मी, नर्मदा और उत्तरा बाई नारंगे ने चिटफंड कंपनी में जमा राशि दिलाने, महामाया मंदिर वार्ड-65 की पार्षद सरिता वर्मा ने वार्ड में पानी टंकी का निर्माण कराने, सामाजिक कार्यकर्ता दीवान ने गांवों की सड़कों पर भारी वाहनों के परिवहन पर रोक लगाने और स्कूलों में मध्यान भोजन के लिए शेड का निर्माण कराने आवेदन दिया।

मधुमेह पर प्रशिक्षण 28 जुलाई को

रायपुर/नवप्रदेश। मधुमेह आधुनिक जीवन शैली से उपजी वैश्विक बीमारी है। भारत में विशेषकर इसके मरीज बड़ी तेजी से बढ़ते जा रहे हैं। यह न केवल व्यक्ति को शारीरिक रूप से कमजोर बनाता है बल्कि इसका असर उनकी कार्यदक्षता पर भी पड़ता है। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी कर्मियों में दक्षता सुधार को प्राथमिकता में रखते हुए कार्य करती है। इसी कड़ी में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान गुढ़ियारी में 28 जुलाई को यह प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। मुख्य अभियंता (प्रशिक्षण) सीताराम साहू ने बताया कि प्रशिक्षण के लिए प्रदेशभर से चयनित कार्मिक हिस्सा लेंगे। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य प्रबंधन के लिए तन और मन के पोषण की जरूरत होती है और आज की भागमभाग भरे जीवन में इस दिशा में सोचने की कोशिश भी लोग नहीं कर रहे हैं।

सिकल सेल रोग जागरूकता का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। भारत सरकार के प्रमुख कार्यक्रम उन्नत भारत अभियान (यूबीए) के तहत रुंगटा कॉलेज ऑफइंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, रायपुर द्वारा अटारी गांव में सिकल सेल रोग जागरूकता और स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य सिकल सेल रोग (एससीडी) के बारे में जागरूकता बढ़ाना और स्थानीय समुदाय को मुफ्त स्क्रीनिंग सेवाएं प्रदान करना है।

शिविर रूंगटा कॉलेज, रायपुर और एम्स, रायपुर के बीच एक सहयोगात्मक प्रयास था, इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को सिकल सेल रोग, इसके लक्षण, प्रबंधन और शीघ्र पता लगाने के महत्व के बारे में शिक्षित करना था। वहीं एम्स रायपुर की मेडिकल टीम द्वारा ग्रामीणों का स्किलिंग स्क्रीनिंग टेस्ट, ब्लड प्रेशर और वजन माप भी किया गया। डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफकी टीम के साथ सिकल सेल समिति की अध्यक्ष डॉ. एली महापात्रा ने ग्रामीणों को स्वीकार किया कि यह एक आनुवंशिक बीमारी है और सिकल के आकार में हीमोग्लोबिन की संरचना को प्रभावित करती है, एक प्रोटीन जो लाल रक्त कोशिकाओं में ऑक्सीजन ले जाने के लिए जिम्मेदार है।

कल मोदी पीएम प्रणाम योजना की करेंगे शुरुआत

■ किसानों के खातों में ट्रांसफर करेंगे पीएम किसान सम्मान निधि की 14वीं किस्त

रायपुर/नवप्रदेश। पीएम नरेंद्र मोदी 27 जुलाई को राजस्थान दौरे पर रहेंगे। वहां सीकर में एक विशाल जन सभा को संबोधित करेंगे। इसी सभा से पीएम मोदी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 14वीं किस्त की राशि किसानों के खातों में ट्रांसफर करेंगे। साथ ही किसानों के लिए 'पीएम प्रणाम योजना' की शुरुआत भी करेंगे।

मंगलवार को राजधानी रायपुर में पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू और भाजपा प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा ने प्रेस वार्ता में बताया कि पीएम मोदी किसानों के खातों में 20 हजार करोड़ रुपए ट्रांसफर करेंगे। इसमें छत्तीसगढ़ में 40 लाख से अधिक पंजीकृत किसान हैं। इनमें से लगभग 21 लाख किसानों को ही सम्मान निधि का लाभ मिल पा रहा है। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि कांग्रेस शासन की लापरवाही और दुराग्रह के कारण 20 लाख से अधिक किसान यहां सम्मान निधि से वंचित हैं। भाजपा नेता द्वय ने कहा कि कांग्रेस सरकार की यह जिम्मेदारी है कि वह केवायसी आदि की कार्यवाही पूर्ण कर आंकड़े दिल्ली भेजे लेकिन जान-बूझ कर इस काम में प्रदेश सरकार लापरवाही कर रही है ताकि प्रदेश के किसानों को केंद्र की योजना का लाभ नहीं पहुंचे।

केंद्र की यह है नई योजना

मोदी 'पीएम प्रणाम' की शुरुआत करेंगे। रासायनिक उर्वरकों की जगह वैकल्पिक उर्वरकों के उपयोग के लिए प्रोत्साहित करने की प्रधानमंत्री की कोशिश है। इससे खेती में अन्य उर्वरकों के इस्तेमाल से खेती की गुणवत्ता बेहतर होगी। साथ ही किसानों को भी फायदा होगा, क्योंकि इससे खेती की लागत कम हो सकती है। रासायनिक उर्वरकों के उपयोग को कम करने के लिये सरकार पीएम प्रणाम यानी कृषि प्रबंधन हेतु वैकल्पिक पोषक तत्वों का संवर्द्धन योजना शुरू करने की योजना बना रही है।

उर्वरक कम यूज करने प्रयास

सब्सिडी बचत का 50 प्रतिशत उस राज्य को अनुदान के रूप में दिया जाएगा जो पैसा बचाता है। योजना के तहत प्रदान किये गए अनुदान का 70 प्रतिशत गांव, ब्लॉक और जिला स्तर पर वैकल्पिक उर्वरकों और वैकल्पिक उर्वरक उत्पादन इकाइयों के तकनीकी अपनाने से संबंधित परिसंपत्ति सृजन के लिये उपयोग किया जा सकता है। उर्वरक उपयोग को कम करने व जागरूकता पैदा करने में शामिल हैं।

योजना का उद्देश्य

जैव उर्वरकों और जैविक उर्वरकों के संयोजन के साथ उर्वरकों के संतुलित उपयोग को प्रोत्साहित करना है। रासायनिक उर्वरकों पर सब्सिडी के बोझ को कम करना, जो 2022-23 में 2.25 लाख करोड़ रुपए तक पहुँचने का अनुमान है 2021 के 1.62 लाख करोड़ रुपए के आंकड़े से 39 प्रतिशत अधिक है। केंद्र सरकार ने उर्वरक सब्सिडी के लिए 3.68 लाख करोड़ का पैकेज घोषित किया है। जो राज्य सरकार अधिकाधिक वैकल्पिक खाद के प्रयोग को बढ़ावा देकर रासायनिक खाद का प्रयोग काम करेगी उसे बची हुई सब्सिडी की राशि का हिस्सा दी जाएगी। इससे अधिक से अधिक जैविक खाद को प्रोत्साहन मिलेगा।

3.68 लाख का पैकेज

वर्ष 2020-21 में मोदी जी की सरकार ने 1.62 लाख करोड़ रुपए का खाद अनुदान दिया था। और वर्ष 2022 के दौरान यह 2.25 लाख करोड़ रुपए के आँकड़े को पार कर सकता है। अगले तीन वर्षों के लिए मोदी सरकार ने 3.68 लाख का पैकेज घोषित किया है। केंद्र ने अक्तूबर 2016 से उर्वरकों में डीबीटी की शुरुआत की, जिसके तहत विभिन्न उर्वरक ग्रेड पर उर्वरक कंपनियों को खुदरा विक्रेताओं द्वारा लाभार्थियों को की गई वास्तविक बिक्री के आधार पर 100% सब्सिडी जारी की जाती है।

मतदान के लिए लोगों को करेंगे जागरूक

रायपुर/नवप्रदेश। विधानसभा निर्वाचन में शत-प्रतिशत मतदाताओं द्वारा मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित कराने के लिए अब सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स का भी सहयोग लिया जाएगा। सोशल मीडिया के कई प्लेटफार्म जैसे इंस्टाग्राम, ट्विटर, फ़ेसबुक, यू ट्यूब चैनल आदि पर मतदान की जानकारी और उसके प्रभाव को बताने वाले विडियो, रील्स, रोचक क्रीएटिव आदि अपलोड किए जाएँगे। इन सोशल मीडिया माध्यमों पर मतदान करने का तरीक़ा, मतदान में बरती जाने वाली सावधानियाँ और अन्य ज्ञान वर्धक जानकारी भी अपलोड की जाएगी।

एक्सपायरी दवाओं का भंडारण कई कृषि केन्द्र व गोडाउन सील

रायपुर/नवप्रदेश। कृषि विभाग की जिला स्तरीय गठित दल द्वारा विभिन्न कृषि केन्द्रों के संबंध में शिकायतें पाये जाने पर कीटनाशी, बीज एवं उर्वरक विक्रेता कृषि केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया। दल को राजधानी के बांसटाल में स्थित कृषि नवीन केन्द्र में औचक निरीक्षण के दौरान अवसान तिथि दवाईयों का भंडारण करना पाया गया।

जांच के दौरान अनुज्ञप्ति प्रमाण पत्र में बिना पीसी समावेश के कीटनाशक दवाईयों का भंडारण व विक्रय एवं अन्य कंपनी के बीज विक्रय करने, मूल्य सूची का प्रदर्शन नहीं करना पाया गया। इन सब कारणों से कृषि नवीन केन्द्र के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए दुकान को सील किया गया। कृषि विभाग के उप संचालक ने बताया कि इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। इसके अतिरिक्त अन्य कृषि केन्द्र शिव शक्ति बीज भंडार रायपुर, न्यू राजू कृषि केन्द्र बांसटाल रोड़ रायपुर, बागवानी कृषि केन्द्र रायपुर आदि शामिल है।

बच्चों के पोषण स्तर की जांच के लिए मनाया जाएगा वजन त्यौहार

■ एक से 13 अगस्त तक आंगनबाड़ी केन्द्रों में मनाया जाएगा वजन त्यौहार

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के आंगनबाड़ी केन्द्रों में दर्ज बच्चों की पोषण स्तर की जांच के लिए वजन त्यौहार का आयोजन किया जाएगा। आंगनबाड़ी केन्द्रों में वजन त्यौहार का आयोजन 1 अगस्त से 13 अगस्त 2023 तक किया जाएगा। इस संबंध में सभी अभिभावकों से आंगनबाड़ी केन्द्र आकर अपने बच्चों का वजन कराने आग्रह किया गया है। महिला बाल विकास विभाग द्वारा वजन त्यौहार की तैयारियों और कार्ययोजना के संबंध में सभी जिला कलेक्टरों और विभागीय अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किया गया है। आंगनबाड़ी केंद्र में दर्ज बच्चों के अलावा वजन त्यौहार आयोजन के समय बाहर से आए बच्चे भी वजन लेने से वंचित न रहे यह भी सुनिश्चित करने कहा गया है। वजन त्यौहार के आयोजन की तिथि में आंगनबाड़ी केन्द्र शाम 5 बजे तक अनिवार्यतः खुले रखने कहा गया है। किशोरी बालिकाओं में एनीमिया के स्तर में सुधार के लिए वजन त्यौहार के दौरान उनके एनीमिया के स्तर का आकलन भी किया जाएगा। नगर निगम एवं नगर पालिका क्षेत्रों के कॉलोनियों में जहां संभावित घुमन्तू बच्चे हो सकते हैं तथा निर्माण साईट पर जहां श्रमिक परिवार सहित निवास करते हैं उन सभी क्षेत्रों में बच्चों के वजन के लिए पर्याप्त संख्या में स्टाफ सहित चलित वाहन की व्यवस्था की जायेगी।

बरसात में आंखों का रखें खास ख्याल: एलर्जिक कन्जक्टिवाइटिस होने पर हो सकती है दिक्कत

■ आंखों को ठंडे पानी से बार-बार धोएं

रायपुर/नवप्रदेश। बारिश, नमी और दूषित जल से कई तरह के बैक्टीरिया बढ़ जाते हैं, जिनमें से कुछ आंखों के संक्रमण का कारण बन सकते हैं। बारिश के दिनों में हवा में नमी बढ़ने के कारण वायरस और बैक्टीरिया का खतरा बढ़ जाता है। इससे आंखों में कन्जक्टिवाइटिस, रेडनेस, आई फ्लू आदि की समस्या होने लगती है। कन्जक्टिवाइटिस वायरस और बैक्टीरिया से फैलता है, जिसके चलते यह एक से दूसरे व्यक्ति में आसानी से फैलता है। कन्जक्टिवाइटिस को पिंक आइज की समस्या भी कहा जाता है। ज्यादातर यह समस्या सामान्य इलाज से ही ठीक हो जाती है। इसके गंभीर होने का खतरा कम होता है। चूंकि आंख सबसे ज्यादा संवेदनशील अंग है, इसलिए इनका विशेष ख्याल रखने की जरूरत होती है। एलर्जिक कन्जक्टिवाइटिस होने पर खुजली, आंखों से पानी आना और सूजन जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

संचालक, महामारी नियंत्रण डॉ. सुभाष मिश्रा ने बताया कि कन्जक्टिवाइटिस संक्रामक बीमारी है जो सम्पर्क से फैलती है। अतः मरीज को अपनी आंखों को हाथ नहीं लगाने की सलाह दी जाती है। मरीज के उपयोग की चीजों को अलग रखकर इस बीमारी के फैलाव को रोका जा सकता है। संक्रमित आंख को देखने से इस बीमारी के फैलने की धारणा केवल भ्रम है। यह बीमारी केवल सम्पर्क से ही फैलती है।

नेत्र संबंधी कोई भी समस्या होने पर नेत्र विशेषज्ञ के पास दिखाना उचित होता है। अन्यथा गंभीर स्थिति निर्मित हो सकती है। आंखों की जांच और उपचार की सुविधा चिकित्सा महाविद्यालयों, जिला चिकित्सालयों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में निःशुल्क उपलब्ध है।

क्या हैं लक्षण ?

आई फ्लू में आंखें लाल हो जाती हैं। आंखों से पानी आने लगता है, जलन होती है, पलकों पर पीला और चिपचिपा तरल जमा होने लगता है। आंखों में चुभन होने के साथ-साथ सूजन आ जाती है। आंखों से पानी आना और खुजली होना इसके सामान्यतः दिखाई देने वाले लक्षण हैं। अगर इन्फेक्शन गहरा हो तो आंखों की कॉर्निया को भी नुकसान हो सकता है जिससे आंखों की दृष्टि प्रभावित हो सकती है। मॉनसून सीजन में आई फ्लू का खतरा बच्चों में सबसे ज्यादा होता है। आई फ्लू या कन्जक्टिवाइटिस से बचाव के लिए आंखों की सफाई का पूरा ध्यान रखें और उन्हें ठंडे पानी से बार-बार धोएं। किसी भी संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने से बचें। कन्जक्टिवाइटिस से पीड़ित होने पर बार-बार आंखों पर हाथ न लगाएं। आंखों में आई ड्रॉप डालने से पहले हाथों को अच्छी तरह धो लें। आंखों पर बर्फकी सिकाई जलन और दर्द से राहत दिलाती है। संक्रमण के दौरान गंदगी और ज्यादा भीड़ वाली जगहों पर जाने से बचें। संक्रमित व्यक्ति से हाथ न मिलाएं और उनकी चीजें जैसे चश्मा, तौलिया, तकिया आदि न छुएं। साथ ही अपना तौलिया, रूमाल, चश्मा आदि किसी के साथ साझा न करें। अगर इन बातों का ध्यान रखा जाए तो जल्द ही यह समस्या दूर हो सकती है।

शासन की चार चिन्हारी केवल कागजों पर

मुंगेली/नवप्रदेश। सरकार की महत्वाकाक्षी योजना में से एक नरवा गुरवा घुरवा बाडी धरातल पर नजर नही आ रही है, अधिकतर बने गौठान या तो बदहाल अवस्था में है, या फिर असमाजिक तत्वों का अड्डा बनते जा रहे है। इस लिए मवेशी सडको पर आवारा धुमते नजर आ रहे है। प्रशासन के लिए सबसे बडी चुनौती मवेशी को सड़कों पर झुंड बना बैठने से रोकना है, किंतु प्रशासन इस दिशा में बौना नजर आ रहा है।

प्रदेश सरकार की अति महत्वपूर्ण योजना के क्रियानवयन में अधिकारियों और पंचायतो की उदासनी रवैये के चलते ग्रहण लगता जा रहा है, जहां प्रदेश सरकार ने पशुधन की रक्षा के लिए सरकारी खजाने का मुह खोल दिया वही जिले में अफसर शाही के चलते सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना महज काजगों तक सिमटी जा रही है, पंचायतो को गौठान निमार्ण के लिए लाखों की स्वीकृति प्रदान तो की जाती है किंतु धरातल पर वस्तुस्थिति कुछ और ही बया कर रही है। सड़कों पर गाय जानवरो का जमावडा इस बात की सत्यता बया करती नजर आती है। वही जिले में ज्यादातर बने गौठान असमाजिक तत्वो का अड्डा बन कर रह गये है। ज्ञात हो जिले के 370 पंचायतो में प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना को मूर्त रूप देने के निर्देश जारी किये गये थे जिसमें जिले के लिए कुल 315 गौठान स्वीकृत किये गये, जिसमें 20 गौठान बेजा कब्जा की वजह से फसे हुए है, जिसमें राजस्व विभाग द्वारा कार्यवाही की जा रही है, 93 गौठान प्रगतिरत है, वही 202 गौठान पूर्णता में है, वही अगर वस्तुस्थिति की बात की कही जाये तो अधिकतर जिला के गौठान ही अपने अस्तित्व की तलाश में है । अपने निर्माण के लगभग 3 वर्ष बीत जाने के बाद भी न तो गौठान में कही विवरण इंगित किया गया है, और न ही गौठान में चारा की व्यवस्था नजर आ रही है, जिसको देखते हुए इस बात का अंदाजा लगाया जा सकता है कि सरकार के इस अतिमहत्वपूर्ण योजना को लेकर जिला के अधिकारी कितने संजीदा नजर आते है।

गौठान बना असमाजिक तत्वो का अड्डा- जिला मुख्यालय के गौठान इन दिनों जानवरो के बजाय असमाजिक तत्वों का जमावडा बनता जा रहा है, मिली जानकारी के अनुसार शाम होते ही असमाजिक तत्वों द्वारा उक्त स्थल पर जुआ और शराब खोरी की वारदातो को खुले आम अंजाम दिया जाता रहा है, प्रशासन के लिए सबसे बडी चुनौती मवेशी को सडको पर झुंड बना बैठने से रोकना है, जिससे न तो प्रशासन को कोई सरोकार है और नहीं पालिका प्रशासन इस ओर कोई ध्यान दे रही है जिसके चलते आये दिन सडक दुर्घटनाओं की खबर सामने आती है।

मुख्यमंत्री से शिक्षक महासंघ ने की मुलाकात

मुंगेली/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ संयुक्त शिक्षक महासंघ ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर आगामी आंदोलन स्थगित करने का निर्णय लिया। महासंघ के संचालकगण, प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण कुमार नवरंग, प्रांताध्यक्ष राजनारायण द्विवेदी ने बताया कि राज्य के शिक्षक एल बी संवर्ग चार सूत्रीय मांगों में शामिल सहायक शिक्षक एलबी के वेतन विसंगति, अनुजाति, जनजाति को पदोन्नति में आरक्षण, पेंशन के लिए नियमों में संशोधन, स्थानांतरित शिक्षक के वरिष्ठता बहाल की मांगों को लेकर 24 जुलाई को प्रान्तीय आंदोलन का ऐलान किया था। इसी बीच मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मुलाकात हेतु समय मांगा गया था, 20 सदस्यीय प्रतिनिमण्डल ने मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में आधे घंटे मुलाकात कर कर्मचारी मुद्दे पर चर्चा की। महासंघ ने मुख्यमंत्री के प्रति कर्मचारियों के हित में लिए निर्णय के लिए आभार व्यक्त किया तथा माला पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने लंबित मांगो पर शीघ्र निर्णय लेने का भरोसा दिलाया। प्रतिनिमण्डल में गवर्नमेंट एम्पलाइज वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण कुमार नवरंग, प्रदेश शिक्षक महासंघ के प्रांताध्यक्ष राजनारायण द्विवेदी, प्रदेश अध्यक्ष प्रदेश शासकीय शिक्षक फेडरेशन शंकर साहू, प्रांताध्यक्ष सर्व शिक्षक कल्याण संघ भूपेंद्र बनाफर, प्रांताध्यक्ष शंकुल शैक्षिक समन्वयक संघ विक्रम राय, प्रांताध्यक्ष प्रदेश शिक्षक सेवी कल्याण संघ चेतन बघेल, प्रांताध्यक्ष संयुक्त प्रधान पाठक कल्याण संघ कमल दास मुरचुले, प्रांताध्यक्ष प्रदेश शिक्षक अधिकार संघ धरम बंजारे, संयोजक महासंघ शिव सारथी शामिल रहे। उक्त जानकारी नरेंद्र कुमार जांगड़े ने दी।

शत्रुहन बने कर्मचारी संघ जिलाध्यक्ष

जांजगीर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य सयोजक कर्मचारी संघ जिला जांजगीर चाम्पा का चुनाव के मुख्यचुनाव अधिकारी सुरेश

पटेल ने शत्रुहन राठौर को स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। जिसमें जिला उपाध्यक्ष प्रमोद तिवारी, सचिव अनुराग सिंह राज, सह सचिव भानु साहू, महामंत्री हरप्रसाद बंजारे, कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार साहू, प्रचार प्रसार मंत्री मुकेश पहाड़ी एवम प्रवक्ता विक्रम सिंग आदिले बनाये गए। कार्यक्रम में हीरा लाल साहू, हरिशंकर धीवर, लोमश पांडेय, रामकुमार साहू, संत कुम्भकार अध्यक्ष बलौदा पंकज पटेल ब्लॉक अध्यक्ष बम्हनीडीह विनोद साहू ब्लॉक अध्यक्ष नवागढ़ लखन आजाद ब्लॉक अध्यक्ष पामगढ़ राजकुमार पुष्पेंद्र साहू, विष्णु शर्मा, प्रभारी बी टी ओ अहीर जी बी आर राठौर कमल राठौर, लव देवांगन ब्लॉक अध्यक्ष करतला दीपक कर्ष जिला महामंत्री कोरबा सुभाष थवाईत सहित सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

जिले में 431.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज

रायगढ़/नवप्रदेश। चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 24 जुलाई तक 431.3 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 2.7 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 377.3 मिली मीटर, पुसौर में 488.7, खरसिया में 295.2, घरघोड़ा में 345.9, तमनार में 430.3, लैलूंगा में 413.4, मुकडेगा में 550, धरमजयगढ़ में 463.7, छाल में 357.5 एवं कापू में 590.9 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

5 तक ओड़गी से नवाटोला मार्ग बाधित

सूरजपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, के तहत् ओड़गी से नवाटोला मार्ग के बांक घाट में कुछ टर्निंग में सुदृढ़ीकरण का कार्य किया जा रहा है। वर्तमान में ओड़गी में अधिक वर्षा होने के कारण कार्य पूर्ण नहीं हो पाया, तथा सुदृढ़ीकरण कार्य के लिए 05 अगस्त 2023 तक मार्ग में आवागमन पर सुरक्षात्मक दृष्टि से रोक लगाया जाता है। इसलिए जिला प्रषासन की अपील है कि समस्त जनमानस इस अवधि तक वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करें।

अवैध शराब व 100 किलो महुआ जब्त

सूरजपुर/नवप्रदेश। सचिव सह आबकारी आयुक्त जे.पी पाठक एवं प्रबंध संचालक आर.के. मन्डावी के द्वारा दी गई निर्देश के तातम्य में कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार जिला आबकारी अधिकारी इन्द्रबली सिंह मारकण्डेय के विशेष मार्गदर्शन में सहायक जिला आबकारी अधिकारी एवं आबकारी उप निरीक्षक के द्वारा अवैध प्रकरण के विरूद्ध 18 जुलाई से 23 जुलाई तक में 7 प्रकरण दर्ज किया गया, तथा 20.500 बल्क लीटर अवैध शराब के साथ 100 किग्रा. महुआ लाहन जप्त किया गया।

मताधिकार प्रयोग करने दिलाई शपथ

गौरेला/नवप्रदेश। कलेक्टर प्रियंका ऋषि महोबिया के मार्गदर्शन में समाज कल्याण विभाग द्वारा आज विकासखंड मरवाही के ग्राम पंचायत मेड्का मे मतदाता जागरूकता अभियान-2023 कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 'मतदान आपका हक हैं और जिम्मेदारी भी अपने मताधिकार का उपयोग कीजिए, अपना वोट जरूर दीजिए' के तहत शपथ दिलाई गई। इसके साथ ही स्वतंत्र एवम निष्पक्ष मतदान देने वचन पत्र भरवाया गया तथा भारत निर्वाचन आयोग के 'सक्षम' एप्स की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में 80 वर्ष से अधिक आयु के दिव्यांगजनों और वृद्धजनों को श्रीफल और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित सभी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने कहा गया। इस अवसर पर समाज कल्याण एवं पंचायत विभाग के अधिकारी-कर्मचारी सहित अनेक ग्राम पंचायतों के मतदाता उपस्थित थे।

विद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर

मुंगेली/नवप्रदेश। प्राथमिक विद्यालय नवापारा मुंगेली में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से शुभम शर्मा ने बताया कि बच्चों के विकास के लिए शिक्षा अत्यंत आवश्यक है। शिक्षा एकमात्र ऐसा धन है जिसे एकबार अर्जित करने पर वह कभी खर्च नहीं होती बल्कि बढ़ती ही रहती है। शिक्षा मनुष्यों को सशक्त बनाती है और उन्हें जीवन की चुनौतियों का कुशलता से सामना करने के लिए तैयार करती है।

रत्नावली ने मणिपुर सरकार बर्खास्त करने की मांग की

मुंगेली/नवप्रदेश। भाजपा शासित राज्य मणिपुर में महिलाओं के साथ हुए बर्बर कृत्य की निंदा करते हुए छत्तीसगढ़ शासन अनुसूचित जाति विकास अधिकरण सदस्य एवं महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव रत्नावली कौशल ने मणिपुर सरकार को बर्खास्त करने व प्रधानमंत्री से इस्तीफे की मांग की है।

रत्नावली ने घटना को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए इसकी कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा है कि इस घटना ने देश की मातृशक्ति की सुरक्षा पर बड़ा सवाल खड़े कर दिया है। रत्नावली ने मणिपुर सरकार को बर्खास्त करने और प्रधानमंत्री से इस्तीफे की मांग उठाई है। यहां जारी एक बयान में हिंद सेना महिला ब्रिगेड राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री रत्नावली कौशल ने कहा है कि जो तस्वीरें मणिपुर से आई हैं, वह विचलित कर देने वाली हैं। इस घटना से पूरा देश शर्मसार हुआ है तथा पूरे देश में आक्रोश है। मणिपुर लगभग 3 माह से हिंसा, आगजनी, तोड़फोड़ की घटनाएं हो रही हैं। हिंसा में सैकड़ों लोगों की जान जा चुकी है। हद तो तब हो गई जब बेकसूर महिलाओं को नग्न कर घुमाया गया, तालिबानी अंदाज में उनकी पिटाई की गई। इस दृश्य को देखने ऐसा लग रहा था, जैसे यह नारी को पूजने वाले राष्ट्र भारत की नहीं, बल्कि किसी असभ्य और अशिक्षित देश की घटना है। मणिपुर में आग लगी हुई है, नारी का खुलेआम चीरहरण हो रहा है और हमारे प्रधानमंत्री विदेशों का दौरा करने में मशगूल हैं।

सहारा इंडिया में फंसी रकम की राशि वापसी का रास्ता प्रशस्त

मुंगेली/नवप्रदेश। भाजपा नेत्री एवं जिला पंचायत सदस्य दुर्गा साहू ने सहारा इंडिया में फंसे निवेशकों के करोड़ों रुपए की वापसी का मार्ग प्रशस्त होने पर केंद्र सरकार तथा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव को धन्यवाद ज्ञापित किया है। दुर्गा साहू ने बताया कि सहारा इंडिया के निवेशको एवं अभिकर्ताओं की समस्याओं का शीघ्र निराकरण की मांग बिलासपुर सांसद अरुण साहू ने लोकसभा में रखा था। श्री साव ने लोकसभा में नियम 377 के तहत इस मुद्दे को उठाया था। उन्होंने लोकसभा में कहा था कि छत्तीसगढ़ एवं देश के लाखों लोगों ने अपनी गाढ़ी कमाई का पैसा सहारा इंडिया के विभिन्न योजनाओं के तहत जमा कराए हैं। परंतु आज भी अपने जमा पैसे को वापस प्राप्त करने के लिए दर-दर की ठोकरें खाने मजबूर हैं। इसी का परिणाम रहा की केंद्र सरकार ने राशि वापसी कराने रिफंड पोर्टल का शुभारंभ किया है। इससे सहारा इंडिया में अपनी कमाई इन्वेस्ट करने वाले निवेशकों को राहत मिली है। इसके जरिए पैसों की वापसी बेहद आसान होगी और 45 दिनों में निवेशकों को अपना फंसा हुआ रकम मिल जाएगा। इस प्रक्रिया के लिए निवेशकों को किसी एजेंट के पास जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी, बल्कि घर बैठे मोबाइल कंप्यूटर से ही आसानी से आवेदन कर सकेंगे।

छात्रों ने सीखा आपदा के समय बचाव का तरीका

सूरजपुर/ नवप्रदेश। जवाहर नवोदय विद्यालय बसदेई में फायर आपदा प्रबंधंन एवं बाढ़ बचाव टीम द्वारा कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देश पर जिला अग्निशमन अधिकारी संजय गुप्ता के मार्गदर्शन में संयुक्त टिम द्वारा जिले में बाढ़ आपदा से निपटने हेतु पूर्वाभ्यास कराया गया। फायर आपदा प्रबंधन के टिम ने बाढ़ में फंसें लोगों को रेसक्यू करना तथा सुरक्षित स्थिान तक पहुचाने की गति विधि को बताया गया, ऊॅचे भवनों में गोदामों व घर में रखें गैस सिलेण्डर एवं पैरावट में तथा विभिन्न प्रकार के अपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए सावधानियों के बारे में प्रारंभिक आग को सुझबुझ से निपटने के लिए उपयुक्त उपकरणों की प्रचलन विधियों के बारे में विधिवत् पुर्वाभ्यास कराया गया।

ऑपरेटर से मारपीट, विद्युत ठेका श्रमिक संघ ने खोला मोर्चा

मुंगेली/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विद्युत ठेका श्रमिक संघ जिला के सभी 33/11 केवी सब स्टेशन आपरेटरों ने बेलपान ऑपरेटर महेश कौशिक के साथ हुए मारपीट को लेकर मोर्चा खोल दिया। संगठन ने इसे कड़ाई से संज्ञान मे लेते हुए इस मारपीट की कड़ी निंदा किया है।

जिलाध्यक्ष निलेश साहू ने बताया कि हम सभी विद्युत कर्मचारी भी इस राष्ट्र निर्माण के सजग प्रहरी है, जब सब-स्टेशन ऑपरेटर रात भर जगते हैं, तब जाकर रात भर गांव वाले चैन से सोते हैं और उनके साथ मारपीट हो रहा है जो बहुत ही निंदनीय है। सभी ऑपरेटरों ने संघठन के माध्यम से बेलपान सबस्टेशन में मीटिंग आयोजित कर, गांव में शांति रैली किया। परिजनों के साथ मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाया। संगठन के द्वारा, अपराधी के खिलाफअभी तक किसी प्रकार के कार्यवाही नहीं होने पर नाराजगी जताई और ज्ञापन सौपा। प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश मरावी, जिलाध्यक्ष निलेश साहू, प्रमोद गन्धर्व, संजय यादव, रिखीराम साहू, संजय वर्मा, श्रवण वर्मा, पराग राजपूत, मनोज जायसवाल, फुलेश्वर, प्रदीप विश्वकर्मा, सूरज, रामफल, रतन जायसवाल, सुमंत, ब्राम्हानंद, रवि ध्रुव, ओमकार राजपूत, सुशील, वाशु, रंजीत मार्को, अजेश साहू, जीतेन्द्र रजक, विवेक पांडे, यशपाल यादव, ईश्वर ध्रुव, महेश कौशिक, रवि साहू, मनोज निर्गुण, महावीर ध्रुव, सुरेश साहू, मानस, दिग्विजय, दुर्गा, तमाम कर्मचारी उपस्थित हुए।

रामदास द्रौपदी फाउंडेशन ने कई स्थान पर किया पौधरोपण

रायगढ़/नवप्रदेश। अंचल में पर्यावरण संरक्षण के दिशा में कार्य करने वाली संस्था रामदास द्रौपदी फाउंडेशन द्वारा गत दिनों रामपुर क्षेत्र में नूतन विकसित कॉलोनी गोकुलधाम व रामपुर पहाड़ी के निचले क्षेत्र तथा डिग्री कॉलेज के पास पौधरोपण किया गया। वहीं नगर के बैकुंठपुर व रामलीला मैदान के आसपास पौध वितरण किया गया। नगर के रामपुर क्षेत्र में नूतन विकसित गोकुलधाम कॉलोनी में गत दिनों रामदास द्रौपदी फाउंडेशन द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। उक्त कॉलोनी के निवासी शिवलोचन यादव, अनिल नंदे, हितेश देवांगन, किशोर शर्मा, चंद्रमोहन कश्यप, रुपेश नायक, अशोक यादव, नीलांबर यादव, गौरव यादव, निशांत यादव, सेवांश शर्मा, अक्षत शर्मा व तनिश आदि गणमान्यजन उपस्थित रहे। वहीं कॉलोनी के महिला मंडल से शशिकला नंदे, सुनीता देवांगन, ज्योति शर्मा, सुधा प्रधान, ममता यादव, मिनती साहू, मालती साहू व चंपा प्रधान आदि की उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम में कॉलोनी के निवासियों ने बताया कि कॉलोनी के गार्डन को विकसित करने के उद्देश्य से हमने रामदास द्रौपदी फाउंडेशन से सम्पर्क किया था। हमारे अनुरोध पर

रामदास द्रौपदी फाउंडेशन द्वारा हमें सिर्फ पौधे ही उपलब्ध नहीं कराए गए, अपितु फाउंडेशन के चेयरमैन सुनील रामदास स्वयं आकर पौधे रोपित भी किए। इस अवसर पर लायंस क्लब रायगढ़ मिड टाउन के अध्यक्ष विजय हरि अग्रवाल, लायन शैलेश अग्रवाल, लायन दयानंद अवस्थी, लायन विनोद अग्रवाल अजंता, लायन संजय अग्रवाल आदि गणमान्यजन उपस्थित रहे। यहां सुनील रामदास ने कॉलोनी वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि हम जिस पर्यावरण में रहते हैं। उस पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने में पेड़ों की अहम भूमिका होती है। इसलिए अंचल में हमारे संस्थान द्वारा हर वर्ष महावृक्षारोपण अभियान निरंतरता से संचालित हो रहा है। वहीं गत 23 जुलाई को रामपुर पहाड़ी के निचले क्षेत्र में भी पौधरोपण किया गया। ज्ञात हो कि नगर निगम रायगढ़ व रामदास द्रौपदी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में गत दिनों पौधरोपण किया गया था। चूंकि वह क्षेत्र बड़ा है, इसलिए इस क्षेत्र को पूर्णतः वनाच्छादित करने के उद्देश्य से फाउंडेशन द्वारा उसके अतिरिक्त 60 पौधे और रोपित किए गए।

कल्याणिका पब्लिक स्कूल का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

गौरेला/नवप्रदेश। मां कल्याणिका पब्लिक स्कूल में छात्र संघ परिषद वर्ष 2023 - 24 का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ । मां हंस वाहिनी प्रेक्षागृह में प्रबंध न्यासी स्वामी हिमाद्री मुनि प्रबंधक स्वामी जगदीश आनंद जी की गरिमामय उपस्थिति के बीच नवनिर्वाचित हेड बॉय, हेड गर्ल ,स्पीकर, हाउस कैप्टन

सहित अन्य पदाधिकारियों को प्राचार्य डॉ विनीत गाबा ने शपथ दिलाई स्वामी हिमाद्री मुनि जी ने छात्र परिषद के गठन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए निर्वाचित छात्रों को शुभकामनाएं दी अपने उद्बोधन में प्राचार्य ने छात्र परिषद के कार्यों और उनके महत्व को रेखांकित करते हुए कर्तव्यों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया हेड बॉय के लिए भूपेंद्र सिंह मरावी(12 वी) हेयर गर्ल याशिका कश्यप(12 वी) स्पीकर आर्ची सक्सेना कक्षा 12वी एवं अक्षय प्रताप कक्षा 12वी अनुशासन प्रमुख संजना मित्तल कक्षा बारहवीं एवं तनिष्क गोयनका कक्षा बारहवीं ,अनुशासन प्रमुख संजना मित्तल एवं तनिष्क गोयंका, सांस्कृतिक प्रमुख खुशी शिवदासानी एवं दिव्यांक सोनी ,खेल प्रमुख अंतरा जैन एवं चिराग वासवानी को बेच एवं शेषे पहनाकर नया दायित्व सौंपा गया। नर्मदा हाउस के दल प्रमुख पारस अग्रवाल ,कृष्णा हाउस के दल प्रमुख शुभम गुप्ता ,कावेरी हाउस के दल प्रमुख प्रांजल राठौर, सरस्वती हाउस के दल प्रमुख युवराज पांडे मनोनीत हुए हैं कार्यक्रम के सफल संचालन में सी सी ए प्रभारी मयंक चतुर्वेदी योगेंद्र सूर्यवंशी सभी हाउस प्रभारी एवं शिक्षक शिक्षिकाओं की सक्रिय भागीदारी रही मंच का संचालन शिक्षक एन के शर्मा एवं वेद प्रकाश ने किया आभार एवं राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ इस अवसर पर प्रबंध कारिणी के सभी सदस्यों सहित मीडिया कर्मी उपस्थित रहे छात्र संघ के गठन को लेकर छात्रों में काफी उत्साह देखने को मिला।

आदिवासी कारीगर मेला का आयोजन

गौरेला/नवप्रदेश। कलेक्टर प्रियंका ऋषि महोबिया के मार्गदर्शन और जिला पंचायत डीआडीए के परियोजन निदेशक श्री आर के खूंटे के नेतृत्व आज जिला पंचायत डीआरडीए के नर्मदा सभाकक्ष में आदिवासी कारीगर मेला का आयोजन किया गया। यह मेला जिले के आदिवासी कारीगरों द्वारा अपनी हस्तकला के से निर्मित उत्पादों के विक्रय एवं कला को बढ़ावा देने भारत सरकार की संस्था ट्राईफैड द्वारा आयोजित किया गया। ट्राईफैड का उद्देश्य जनजातीय कारीगरों द्वारा उत्पादित उत्पादों का विपणन और लॉजिस्टक विकास को बढ़ावा देना है। मेले में तीनों विकासखण्डों से राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत गठित स्व सहायता समूहों के आदिवासी परिवारों ने अपनी कला के नमूनों का प्रदर्शन किया। मेले में बांस से निर्मित सामग्री, टोकनी, सूपा, मछली पड़कडने का यंत्र, पूजा सामग्री, महिलाओं के गले एवं कान के मिट्टी की बालियॉ, टाक्स, फ्लावर डेकोरेशन आईटम, धान की ज्वैलरी जिसमें गले का हार, राखियॉ एवं अंगूठी आदि, छिन के पत्तों के आधुनिक सजावटी सामान, चटाई, मिट्टी के कलात्मक बर्तन, लौहे के औजार, वनोपज सूखा कर निर्मित सजावटी सामान और मिट्टी पर नक्काशी की गई मूर्तियॉ की प्रदर्शनी लगाई गई।

महाविद्यालय में अमृत वाटिका निर्माण और वृक्षारोपण

मुंगेली/नवप्रदेश। शासकीय नवीन महाविद्यालय फास्टरपुर सेतगंगा में राष्ट्रीय सेवा योजना, महाविद्यालय इकाई के तत्वावधान में राष्ट्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की मेरी माटी, मेरा देश योजना के अंतर्गत महाविद्यालय में अमृत वाटिका निर्माण एवं वृक्षारोपण का कार्यक्रम रखा गया था। जिसके मुख्य अतिथि राज्य अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना अध्यक्ष डॉक्टर नीता बाजपेयी, कार्यक्रम समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना, अटल बिहारी बाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर डॉक्टर मनोज सिन्हा, विशिष्ट अतिथि अग्रणी महाविद्यालय डॉक्टर ज्वाला प्रसाद मिश्र शासकीय विज्ञान महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. सुधीर तिवारी, शासकीय एसएनजी महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर रजत दवे, जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना प्रो. नरोत्तम कुमार पुरले एवं अवकाश प्राप्त सैनिक त्रिभुवन यादव, कमल मंगेशकर तथा सरपंच ग्राम नागोपहरी गणेश राम अंचल उपस्थित थे। कार्यक्रम के अवसर पर अतिथियों, छात्र-छात्राओं एवं समस्त महाविद्यालय परिवार द्वारा महाविद्यालय परिसर में बड़ी संख्या में जामुन, अशोक, करंज, गुलमोहर, नीम आदि का वृक्षारोपण किया गया एवं अमृत वाटिका का निर्माण किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती डॉक्टर नीता बाजपेयी ने छात्र-छात्राओं को पूरी ऊर्जा के साथ देशसेवा में लग जाने को प्रेरित किया और स्वामी विवेकानंद के मार्ग पर चलते हुए हर एक विद्यार्थी को स्वामी विवेकानंद बनने की बात कही। विशिष्ट अतिथि डॉ. मनोज सिन्हा के द्वारा देश प्रेम, राष्ट्रीयता की भावना जागृत करना, पर्यावरण सुरक्षा, सैनिकों का सम्मान जैसे अति महत्वपूर्ण बातों से महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को संदेश दिया गया।

न्यूज गैलरी

डायरिया के 12 नए मरीज मिले

बिलासपुर/नवप्रदेश। मस्तूरी क्षेत्र के मानिकचौरी और कोकड़ी गांव में डायरिया के 12 नए मरीज मिले हैं। दोनों गांव में मरीजों की कुल संख्या 140 हो गई है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी यहां शिविर लगाकर मरीजों की जांच करने में जुटे हैं। इनमें ही नए मरीजों की पुष्टि हो रही है। इससे एक दिन पहले 28 नए मरीजों की पुष्टि हुई थी और मरीजों की कुल संख्या 128 हो गई थी। वहीं रविवार को यह आंकड़ा बड़कर 140 जा पहुंचा है। स्वास्थ्य विभाग के सीएमएचओ डॉ. राजेश शुक्ला के अनुसार फिलहाल किसी मरीज की स्थिति गंभीर नहीं है। सभी का इलाज प्राथमिकता के साथ चल रहा है। उन्होंने आने वाले दिनों में यहां भी राहत का दावा किया है। बता दें कि करीब बीते 10 दिनों से शहर के साथ बिल्हा व मस्तूरी के अलग-अलग हिस्सों से डायरिया के मरीज सामने आ रहे हैं। वहीं अब तक 5 लोगों की जान भी जा चुकी है। हलांकि स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर तैनात है और शिविर लगाकर इलाज भी किए जा रहे हैं।

आईबीपीएस: आनॅलाइन प्रवेश कार्ड जारी

बिलासपुर/नवप्रदेश। आईबीपीएस की ओर से ऑफिसर स्केल-1 के पदों पर प्रीलिम की परीक्षा ली जानी है। इसके लिए उम्मीदवारों के एडमिट कार्ड जारी कर दिए गए हैं। उम्मीदवार एडमिट कार्ड ऑनलाइन माध्यम पर जाकर डाउनलोड कर सकते हैं। एडमिट कार्ड डाउनलोड करने के लिए मांगी गई जानकारी (लॉग-इन क्रेडेंशियल) दर्ज करनी होगी। इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग पर्सोनेल बैंक सिलेक्शन (आईबीपीएस) की ओर से ऑफिसर (स्केल- 1) के 2563 रिक्त पदों पर भर्ती की जाती है। देशभर में तय परीक्षा केंद्रों पर 6 अगस्त को आयोजित की जाएगी। परीक्षा हाल में उम्मीदवारों को बिना एडमिट कार्ड के प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

आंबा सहायिका के लिए आवेदन 8 तक

बलासपुर/नवप्रदेश। एकीकृत बाल विकास परियोजना बिलासपुर अंतर्गत शहरी क्षेत्र में आंगनबाी सहायिकाओं के 19 रिक्त पदों पर नियुक्ति की जाएगी। शहर के वार्ड क्रमांक 21 में तीन पद, 53 में दो पद और वार्ड क्रमांक 23, 25, 28, 30, 32, 33, 34, 37, 41, 44, 45, 46, 60 एवं 66 में एक-एक पदों पर आंगनबाड़ी सहायिकाओं के रिक्त है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 8 अगस्त है। रिक्त पदों की विस्तृत जानकारी और निर्धारित आवेदन पत्र कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना बिलासपुर से प्राप्त कर सकते हैं। इच्छुक आवेदक कार्यालयीन समय में बंद लिफाफे में सीधे व डाक से आवेदन भेज सकते हैं।

यू-ट्यूब चैनल्स आवेदन 3 तक करें

बलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य एवं राज्य के बाहर के पात्र यू-ट्यूब चैनल्स को इम्पैनलमेंट किए जाने के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 3 अगस्त है। यूट्यूब चैनलों के इम्पैनलमेंट के लिए जनसंपर्क संचालनालय स्तर पर आयुक्त, संचालक द्वारा अपर संचालक की अध्यक्षता में एक समिति गठित की जाएगी। इस समिति की अनुशंसा पर आयुक्त, संचालक द्वारा इम्पैनलमेंट की कार्यवाही की जाएगी। इम्पैनलमेंट की अवधि एक वर्ष की होगी। जिसका नियमित अंतराल पर फिर से समीक्षा करने का अधिकार समिति का होगा। चैनलों का इम्पैनलमेंट तीन चरणों में किया जाएगा। इसमें पहले चरण में ए दूसरे में बी और तीसरे चरण में सी। ए श्रेणी में इम्पैनलमेंट के लिए न्यूनतम 30 लाख सब्सक्राईबर होना अनिवार्य हैं।

8 हजार 942 अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ं व्यवसायिक परीक्षा मंडल ने रविवार को आईटीआई के लिए छात्रावास अधीक्षक, अधीक्षिका की परीक्षा ली। इसके लिए शहर में 41 केंद्र बनाए गए थे। इसमें 14 हजार 4 परीक्षार्थियों को परीक्षा देनी थी। परीक्षा सुबह 10 से दोपहर 12.15 बजे तक हुई। इसमें मात्र 5 हजार 62 अभ्यर्थियों ने ही परीक्षा देने पहुंचे। 8 हजार 942 अनुपस्थित रहे। अब तक हुई परीक्षाओं में अनुपस्थिति की संख्या इस परीक्षा में सबसे ज्यादा है। परीक्षा देकर निकले परीक्षार्थियों ने बताया कि सामान्य ज्ञान में छत्तीसग के साथ-साथ बस्तर से संबंधित प्रश्न आए थे। बस्तर के पर्व को लेकर प्रश्न पूछे गए थे। इसके अलावा हर साल की अपेक्षा इस वर्ष पेपर कठिन रहा। गौरतलब है कि छत्तीसग व्यापम ने कुल 54 पदों के लिए परीक्षा ली है। इसमें छात्रावास अधीक्षक के 45 और छात्रावास अधीक्षिका के 9 पद हैं।

सूने मकान से 70 हजार की चोरी

बिलासपुर/नवप्रदेश। सरकंडा थाना की पुलिस ने मोपका में सूने मकान में चोरी करने वाले चोर को गिरफ्तार किया है। उससे 70 हजार रुपए के सोना चांदी के जेवरात कब्जे में लिया गया है। चोर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। मोपका के रामकृष्ण नगर में रहने वाले मृत्युंजय प्रसाद ने मकान में चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस को दी गई जानकारी में बताया था कि वह अपने रिश्तेदार के घर गया था तभी चोरों ने इस घटना को अंजाम दिया। सरकंडा पुलिस ने चोरों को पकने की योजना तैयार की। पुलिस को पता लगा कि लिंगियाडीह निवासी प्रकाश यादव घटना के समय प्रार्थी के मकान के आसपास घूमते देखा गया है।

बच्चों को मिलेगी संगीत की शिक्षा

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले में संचालित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालयों में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए संगीत की भी शिक्षा दी जाएगी। डीएमएफ के वित्तीय सहयोग से संगीत शिक्षा देने की कार्ययोजना तैयार की गई है। इसके तहत संगीत के अनुभवी शिक्षकों व संस्थानों के चयन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। पहले चरण में जिले के स्वामी आत्मानंद विद्यालय तारबहार, दयालबंद, लाल बहादुर शास्त्री और तिलक नगर में प्रशिक्षित संगीत शिक्षक या संस्थान द्वारा संगीत कक्षाओं का संचालन किया जाएगा।

मानव श्रृंखला बनाकर दिया जागरूकता का संदेश

बिलासपुर/नवप्रदेश। स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत हाई स्कूल मोपका के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के द्वारा मतदाता जागरूकता के लिए मानव श्रृंखला बनाया गया। मतदान हेतु जागरूक करने सम्बंधित नारे लगाते हुये शाला से लेकर मोपका चौक तक श्रृंखला में 200 छात्र छात्राएं उपस्थित थे। विद्यालय की प्राचार्या अर्चना जोशी एवं व्याख्याता पन्नगेश पांडेय द्वारा बच्चों को मतदान सम्बन्धी कर्तव्यों की जानकारी दी गई। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत द्रोणाचार्य संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोंसरी में आगामी विधानसभा निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के निर्देशानुसार स्वीप कार्यक्रम के तहत विद्यालय के बच्चों, शिक्षकों एवं ग्राम पंचायत सोंसरी के गणमान्य नागरिकों के सहयोग से मानव श्रृंखला बनाकर शत-प्रतिशत मतदान हेतु लोगों को जागरूक किया गया। एचएसएम ग्लोबल पब्लिक स्कूल दयालबंद के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई।

नागरिकों ने ली मतदाता शपथ–भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगामी विधानसभा निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए जिले में मतदाता जागरूकता अभियान चलाए जा रहे है। इस अभियान में बड़ी संख्या में लोग जुड़ रहे है। स्कूली बच्चों से लेकर महाविद्यालयीन छात्र-छात्राएं, शिक्षकों, महिला स्व सहायता समूह की दीदियों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में विखं तखतपुर के गनियारी में दिव्यांगों के लिए आयोजित कृत्रिम अंग सहायक उपकरण हेतु चिन्हाकन मूल्यांकन एवं परीक्षण शिविर में स्वीप कार्यक्रम के तहत नागरिकों द्वारा अपने मताधिकार के उपयोग करने का शपथ लिया गया। जनपद पंचायत कोटा के मिट्ठू नवागांव में महिला समूहों ने निर्वाचन में निर्भिक होकर मतदान करने की शपथ ली। शहीद अविनाश शर्मा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में भी स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया।

बिजली गिरने से युवक की मौत, पत्नी और मां झुलसी

बिलासपुर/नवप्रदेश। तखतपुर थाना के नागोई गांव में आसमानी बिजली का कहर एक परिवार पर टूटा। इस घटना से जहां बेटे की मौत हो गई है वही मां और पत्नी दोनों घायल हैं जिनका इलाज तखतपुर स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। घटना रविवार को दोपहर 2.30 बजे की है। गांव के रहने वाले सुखदेव साहू 35, उनकी पत्नी अन्नपूर्णा साहू 33, और मां कुंवारा बाई 55 तीनों खेत में काम कर रहे थे। अचानक तेज बारिश होने लगी और आसमान में बादल की गरजने लगा। बारिश से बचने तीनों एक पेड़ के नीचे जाकर खड़े हो गए। तभी अचानक गाज गिरने से सुखदेव बुरी तरह झुलस गया। वहीं उसकी पत्नी और मां दोनों भी इसकी चपेट में आ गए। आसपास के लोगों की मदद से तीनों को अस्पताल पहुंचाया गया लेकिन डॉक्टरों ने सुखदेव को मृत घोषित कर दिया। वहीं उसकी पत्नी अन्नपूर्णा और मां का इलाज स्वास्थ्य केंद्र में जारी है। मृतक सुखदेव के तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं। इस घटना से मासूमों के सिर से पिता का साया उठ गया। वहीं दूसरी तरफ उनकी मां अन्नपूर्णा भी जिंदगी के लिए जंग लड़ रही है। तीनों बच्चे अपने मां पिता के बारे में पूछ रहे हैं लेकिन फिलहाल उन्हें इसकी जानकारी नहीं दी गई है। वहीं सुखदेव की बुजुर्ग मां कुंवारा बाई को भी यकीन नहीं हो रहा है कि चंद मिनटों पहले जिस बेटे के साथ थी वह अब इस दुनिया में नहीं है। कुल मिलाकर इस आसमानी कहर ने एक परिवार की नींव हिलाकर कर रख दी है।

छंदशाला व धरोहर संस्था ने सावन गीतों के साथ मनाया सावन उत्सव

बिलासपुर/नवप्रदेश। छंदशाला और धरोहर के द्वारा रविवार को डॉ. सुनीता मिश्रा के निवास नर्मदा नगर में सावन उत्सव मनाया गया। इसमें भजन-कीर्तन, नृत्य और सावन के गीत गाए गए। धरोहर की डायरेक्टर और छंदशाला की संयोजिका डॉ. मिश्रा ने धरोहर के माध्यम से 5 वर्षों से छत्तीसगी भाषा और संस्कृति के संवर्धन व प्रचार-प्रसार के लिए कार्य कर रही हैं। सावन उत्सव में छत्तीसग के पारंपरिक लोकगीत सवनाही गीत गाया गया। वहीं सरिता तिवारी, विभा पांडेय, अल्का पांडेय, माया दूबे, सरला उपाध्याय, सरस्वती ने भजन गाया। सुषमा पाठक, कामना पांडेय, गीता नायक, अलका, रेणु बाजपेई, मनीषा भट्ट, सरोज ठाकुर और डॉ. सुनीता ने नृत्य की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में मीना गुप्ता, तारा आर्मो, रंजना गुप्ता, बीना यादव, राधिका गोस्वामी, सोनी गुप्ता, नम्रता गुप्ता, प्रीति गुप्ता, सुषमा पाठक, कामना पांडेय, मनीषा भट्ट, गीता नायक, रेणु बाजपेयी, सरोज सिंह ठाकुर सहित अन्य मौजूद रहे।

सामाजिक-आर्थिक सर्वे के दूसरे चरण पर चर्चा

बिलासपुर/नवप्रदेश। सामाजिक-आर्थिक सर्वे 2023 के लिए ब्लॉक स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। आयोजन जनपद सभा कक्ष मस्तूरी में किया गया। इस दौरान कुमार सिंह लहरे ने सर्वे से संबंधित सत्यापन कार्य के संबंध में सर्वे प्रपत्र, ग्रामवार सूची प्रपत्र, जानकारी स्लीप के सर्वे से संबंधित ऑफलाइन और ऑनलाइन सत्यापन कार्य के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रगणक, सुपरवाइजर, ग्राम पंचायत सचिव, पटवारी के सहयोग और टीम भावना से कार्य करते हुए उच्च कार्यालय के निर्देशानुसार 24 से 31 जुलाई तक सर्वे से संबंधित सत्यापन कार्य को पूरा करें। विकासखंड शिक्षा अधिकारी मस्तूरी अश्वनी कुमार भारद्वाज ने सत्यापन कार्य के दौरान कार्ययोजना की रिपोर्टिंग और टीम भावना से कार्य करते हुए समयावधि में पूर्ण करते के लिए कहा।

तैराकों ने 50 पदक पर किया कब्जा

बिलासपुर/नवप्रदेश। भिलाई में आयोजित राज्य स्तरीय जूनियर व सब जूनियर तैराकी स्पर्धा में बिलासपुर जिले के तैराकों ने दमदार प्रदर्शन किया। दो दिवसीय इस स्पर्धा में टीम को 50 मेडल मिले। प्रदर्शन को देखते हुए अब उम्मीद जताई जा रही है कि राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए जब छत्तीसगढ़ की टीम घोषित होगी। इसमें जिले के अधिक से अधिक तैराकों का नाम शामिल होगा। यह आयोजन छत्तीसगढ़ तैराकी संघ की मेजबानी में आयोजित हुई। बिलासपुर जिले से 26 तैराकों ने प्रतिनिधित्व किया। रविवार को इस आयोजन का समापन व पुरस्कार वितरण के साथ 60 इवेंट भी हुए।

पहले दिन की तरह जिले के तैराकों ने शानदार प्रदर्शन किए और मेडल अपने नाम किया। जिला तैराकी संघ के सचिव राजेश साहू ने बताया कि दो दिन की इस स्पर्धा में जिले को 50 मेडल प्राप्त हुए हैं।इसमें 12 गोल्ड, 24 सिल्वर और 14 ब्रांज मेडल शामिल हैं। संघ यह भी मान रहा है कि चयन ट्रायल और उसके बाद जो अभ्यास कर बेहतर प्रदर्शन का प्रयास किया गया, उसमें जिले के तैराक खरे उतरे हैं। राज्य स्तरीय इस स्पर्धा के आधार पर जल्द प्रदेश की तैराकी टीम घोषित कर दी जाएगी। चयनित तैराक राष्ट्रीय स्पर्धा में शामिल होने के लिए ओडिशा के भुवनेश्वर जाएंगे। वहां 15 अगस्त से स्पर्धा शुरू होगी। टीम घोषित होने के बाद कैंप भी लगाने की बात कही जा रही है, ताकि राष्ट्रीय स्पर्धा में भी छत्तीसगढ़ के तैराकों का दबदबा रहे। हालांकि बिना अभ्यास या तैयारी के राष्ट्रीय स्पर्धा में पदक जीत पाना असंभव है।

रेलवे बालक वर्ग ने एनटीपीसी को 2 गोल से हराया

बिलासपुर/नवप्रदेश। सेजेस सरकंडा बालिका टीम को मिला वाक ओवर स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित क्रीडा प्रतियोगिता में 17 वर्षीय बालक रेलवे इंग्लिश मीडियम स्कूल नंबर-1 की टीम और बाल भारती स्कूल एनटीपीसी सीपत के मध्य शनिवार को फुटबाल मैच का आयोजन किया गया। रेलवे के मैदान में रेलवे टीम के खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए सीपत स्कूल टीम को 2-0 के अंतर से पराजित किया। जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देश पर वार्षिक खेल कैलेंडर के अनुसार जिला स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता की शुरुआत हो चुकी है। पहला मैच का आयोजन फुटबाल कप रेलवे इंस्टीट्यूट बिलासपुर में हुआ। यह बिल्हा ब्लाक के रेलवे स्कूल और मस्तूरी ब्लाक के सीपत एनटीपीसी स्कूल बालक टीम के बीच हुआ। दोनों टीमों के खिलाड़ी गोल करने के लिए प्रयास करते रहे। मैच के दौरान रेलवे टीम ने बारी-बारी से दो गोल किए। लेकिन, सीपत टीम ने वापसी नहीं कर पाई। मैच के अंत तक सीपत टीम का खाता भी नहीं खुला। पहला मैच में रेलवे की टीम ने 2-0 के भारी अंतर से जीत हासिल की। इसके साथ ही रेलवे की टीम संभाग स्तरीय मैच में पहुंच गई है। इसके बाद 14 वर्षीय बालक रेलवे इंग्लिश मीडियम स्कूल नंबर-1 की टीम ने भी क्वालीफाई कर लिया है। बाक्स0 सेजेस बालिका टीम को मिला वाकओवरशनिवार को रेलवे इंस्टीट्यूट फुटबाल मैदान में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम इंग्लिश मीडियम स्कूल सरकंडा 17 वर्षीय बालिका टीम का मैच था। लेकिन विरोधी टीम के खिलाड़ी नहीं पहुंची। इसके बाद अंपायरों ने सरकंडा बालिका टीम को विजेता घोषित कर दिया। इसके साथ ही टीम ने संभाग स्तरीय मैच के लिए क्वालिफाई कर लिया है। नए सत्र में शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता वार्षिक खेल कैलेंडर के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी डीके कौशिक ने 20 जुलाई को ब्रजेस मेमोरियल कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला में जिले के शासकीय अशासकीय विद्यालयों में पदस्थ खेल शिक्षकों की बैठक की थी। जिला स्तरीय मैच के बाद कोरबा जिले में संभाग स्तरीय मैच खेले जाएंगे। जिला स्तर पर जीतने वाली टीम के समस्त खिलाड़ी संभाग स्तरीय मैच में भी खेलेंगे।

शिक्षकों ने दी मतदान के संबंध में जानकारी

बिलासपुर/नवप्रदेश। स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत हाई स्कूल मोपका के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के द्वारा मतदाता जागरूकता के लिए मानव श्रृंखला बनाया गया। मतदान हेतु जागरूक करने सम्बंधित नारे लगाते हुये शाला से ले कर मोपका चौक तक श्रृंखला में 200 छात्र छात्राएं उपस्थित थे। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती अर्चना जोशी एवं व्याख्याता पन्नगेश पांडेय द्वारा बच्चों को मतदान सम्बन्धी कर्तव्यों की जानकारी दी गई। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत द्रोणाचार्य संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोंसरी में आगामी विधानसभा निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के निर्देशानुसार स्वीप कार्यक्रम के तहत विद्यालय के बच्चों, शिक्षकों एवं ग्राम पंचायत सोंसरी के गणमान्य नागरिकों के सहयोग से मानव श्रृंखला बनाकर शत-प्रतिशत मतदान हेतु लोगों को जागरूक किया गया।

कृषि विभाग की टरफा योजना से लाभान्वित हो रहे जिले के किसान

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले के किसान अब धान के अलावा अन्य फसलों की तरफ भी रुचि दिखा रहे है। ग्रीष्मकालीन धान के साथ ही साथ अन्य फसलों जैसे कि गेहूं, अलसी, मसूर, मूंग की अच्छी पैदावार प्राप्त कर रहे है। कृषि विभाग द्वारा संचालित टरफा योजना के अंतर्गत किसानों को अनुदान राशि के माध्यम से बीज मुहैया कराकर उन्हें अन्य फसलों की बुआई के लिए प्रेरित कर रहे है। कम पानी और कम लागत में फसलों की अच्छी पैदावार होने से जिले किसान अच्छी आमदनी कर रहे है। जिले के विकासखंड तखतपुर के सिलतरा निवासी किसान श्री राजेश यादव के पास 1.5 एकड़ कृषि भूमि है। वे अपनी भूमि पर धान की फसल लगाया करते थे। श्री यादव ने बताया कि ग्रीष्म ऋतु में धान की फसलों को अत्यधिक पानी की आवश्यकता पड़ती थी। फलस्वरूप धान की पैदावार पर भी असर पड़ता था। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी श्रीमती कृति कला के माध्यम से उन्हें धान के बदले अन्य फसलों जैसे गेहूं, मूंग, मसूर, मक्का की खेती कम लागत और कम पानी में किए जा सकने की जानकारी मिली।

एक-एक व्यक्ति को योग के प्रति करना चाहिए प्रेरित: मिश्रा

बलासपुर/नवप्रदेश। अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय में सात दिवसीय योग यज्ञ शिविर का आयोजन नियमित योगाभ्यास करने से हमें शारीरिक, मानसिक और अध्यात्मिक रूप से फायदा मिलता है। इससे मन शांत रहता है। योग साधक तनाव मुक्त जीवन गुजारते हैं। इसलिए समाज के लोगों को शांति पूर्वक जीवन जीने के लिए कम से कम एक व्यक्ति को योग के प्रति प्रेरित करना चाहिए।ये बातें प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी लोकगायिका अनुपमा मिश्रा ने अटल बिहारी वाजपेयी विश्व विद्यालय बिलासपुर कोनी में आयोजित साप्ताहिक योग यज्ञ शिविर में कही।छत्तीसगढ़ एवं अंतर विश्वविद्यालय केंद्र योग विज्ञान बेंगलुरु के संयुक्त तत्वावधान में साप्ताहिक योग यज्ञ निशुल्क शिविर 20 से 27 जुलाई तक लगाया जा रहा है।तीसरे दिन शनिवार को अध्यक्षता आचार्य अरुण दिवाकर नाथ वाजपेयी ने की। मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ी लोकप्रिय गायिका अनुपमा मिश्रा, विशिष्ट अतिथि पूजा पांडे व कुलसचिव शैलेन्द्र दुबे रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर किया गया। योग विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष गौरव साहू ने सभी का स्वागत किया। योग अनुदेशक मोनिका ने योगाभ्यास करवाया। इसमें सूक्ष्म व्यायाम, कटी चक्रासन, नौकासन, भुजंगासन, योग मुद्रा समेत 16 प्रकार के आसन, प्राणायाम, योग निद्रा व अट्टहास का अभ्यास कराया गया। इसके साथ ही योग अभ्यास करने से शरीर पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में भी जानकारी दी। मुख्य अतिथि अनुपमा मिश्रा ने अपनी मधुर आवाज से मनमोहक समां बांधा जिसमें उन्होंने अच्युतम केशवम, ऐ पान वाला बाबू जैसे गीतों की प्रस्तुति की। कुलपतिकुलपति एडीएन वाजपेयी ने कहा कि जिस तरह आशा का कोई विकल्प नहीं, वैसे ही आनंद का योग के अलावा कोई विकल्प नहीं है। साथ ही उन्होंने दोहे की पंक्तियां पढ़ीं कवन सो काज कठिन जग माही ,जो नहीं होए तात तुम पाही। विशिष्ट अतिथि पूजा पांडे ने योग निद्रा के प्रसंग से मिली प्रेरणा को बताते हुए कहा कि जीवन में आशा की डोर हमेशा थामे रहें। आप जीवन की हर मुश्किल का सामना कर सकते हैं। कार्यक्रम समन्वय राष्ट्रीय सेवा योजना से डा. मनोज सिन्हा ने कहा कि योग हमें अनुशासन सिखाता है और जीवन में सफल होने के लिए अनुशासन बहुत जरूरी है। अतिथि व्याख्याता सत्यम तिवारी ,योग विज्ञान विभाग, एनएसएस, छात्र-छात्रा रीतू सिंह, इंद्राणी साहू, रोशनी देवांगन, अंजली सिदार, दुर्गेश पटेल, नितिश, स्वास्तिक राधेश्याम राहुल, प्रिया, माधवी, श्वेता, जागृति, अंजली शर्मा, प्रभंजना, नितिन अन्य महाविद्यालयों और आधारशिला विद्या मंदिर के छात्र उपस्थित रहे।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड-रायगढ़ (छ.ग.)

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना

जल जीवन मिशन अंतर्गत पेयजल प्रदाय कार्य हेतु निम्नानुसार ऑन लाईन कार्य आमंत्रित की जाती है।

क्र.	सिस्टम निविदा क्रमांक	निविदा क्रमांक दिनांक	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में)	धरोहर राशि
1	141761	364/14.07.2023	सिंगल विलेज - वि.ब्लॉक-रायगढ़, ग्राम- बलभद्रपुर, अड़बहाल एवं सपनई, **तृतीय आमंत्रण**	159.40	120000
2	141762	365/14.07.2023	रेट्रो- वि.खंड-सारंगढ़, ग्राम दनसरा, **चतुर्थ आमंत्रण**	181.41	136100
3	141763	366/14.07.2023	सोलर- वि.खंड-तमनार, ग्राम- देवगढ़, गोरखामुड़ा, जामडवरी, खम्हरिया एवं रैट्रोट, **तृतीय आमंत्रण**	18.61	14000
4	141764	367/14.07.2013	सोलर- वि. खंड-धर्मजयगढ़, ग्राम- चिरोडीह, **प्रथम आमंत्रण**	31.44	23600
5	141765	368/14.07.2023	सिंगल विलेज (Solar)-वि. खंड-धर्मजयगढ़, ग्राम- साजापाली, **प्रथम आमंत्रण**	93.01	69800
6	141781	369/14.07.2023	रेट्रो-वि. खंड-पुसौर, ग्राम- पुटकापुरी, दलवाडीपा, मिडमिड़ा, पड़ीगांव एवं मंडीपारा, **चतुर्थ आमंत्रण**	13.01	9800
7	141783	370/14.07.2023	सिंगल विलेज (MVS) वि. खंड- सारंगढ़, ग्राम- देवगांव एवं पिकरी, **चतुर्थ आमंत्रण**	203.87	152900
8	141784	371/14.07.2023	सिंगल विलेज (MVS) - वि. खंड- सारंगढ़, ग्राम- बोईरमल, सराईपाली एवं रापागुला, **चतुर्थ आमंत्रण**	234.27	175700
9	141785	372/14.07.2023	सिंगल विलेज - वि. खंड-खरसिया, ग्राम- पलगड़ा, **चतुर्थ आमंत्रण**	49.77	37400
10	141786	373/14.07.2023	सिंगल विलेज - वि. खंड - रायगढ़, ग्राम- सकरबोगा, **चतुर्थ आमंत्रण**	23.78	17850
11	141787	374/14.07.2023	रेट्रो वि. खंड- लैलूंगा, ग्राम-कनझारी, **तृतीय आमंत्रण**	66.63	50000
12	142077	375/14.07.2023	रेट्रो वि. खंड-खरसिया, ग्राष्-गोपीमहका, **तृतीय आमंत्रण**	45.66	69700

अन्य विवरण एवं विस्तृतं निविदा छ.ग. शासन की ई-प्रोक्यूरमेंट https://eproc.cgstate.gov.in पर उपलब्ध है। दिनांक 31.07.2023 तक समय 17:30 तक बिड डाले जा सकते हैं। निविदा प्रकाशन पश्चात समस्त संशोधन केवल ऑनलाईन ही देखे जा सकेंगे। अन्य विवरण कार्यालयीन समय पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड रायगढ़ (छ.ग.) में देखे जा सकते हैं।

जी-03602/7

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
रायगढ़ (छ.ग.)

सूरजपुर पुलिस की नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

- **ढाई लाख के नशीली दवाइयों के साथ 2 आरोपी गिरफ्तार**
- **परिवहन में प्रयुक्त स्कूटी भी जब्त**

सूरजपुर/नवप्रदेश। पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज रामगोपाल गर्ग के सतत मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक सूरजपुर आई कल्याण एलिसेला के द्वारा अवैध कारोबार करने वालों लोगों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करते हुए जेल की सलाखो के पीछे भेजने तथा क्षेत्र में सूचना तंत्र को और मजबूत करने के निर्देश थाना-चौकी प्रभारियों को दिए है। जिसके बाद से ही अवैध कारोबार करने वालों पर पुलिस लगातार ताबड़तोड़ कार्रवाई करने में जुटी हुई है। इसी क्रम में दिनांक 23.07.2023 को थाना भटगांव पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि एक स्कूटी में 2 व्यक्ति नशीली दवाई लेकर बिक्री करने के लिए चंदौरा होते हुए जरही की ओर जा रहे है

सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना भटगांव की पुलिस टीम ने ग्राम जरही में घेराबंदी कर स्कूटी सहित अंजनी कुशवाहा पिता रामकिशुन कुशवाहा उम्र 28 वर्ष निवासी कटनेशा, थाना बसंतपुर, जिला बलरामपुर एवं राहुल शर्मा पिता साधुसरन शर्मा उम्र 29 वर्ष ग्राम जरही, थाना भटगांव को पकड़ा जिनके कब्जे से एविल इंजेक्शन 239 नग, नशीली टेबलेट 1800 नग, ब्रूफॉन इंजेक्शन 218 नग व रेक्सोजेसिक इंजेक्शन 20 नग जप्त किया गया जिसकी बाजारू कीमत करीब 2 लाख 50 हजार रूपये है। मामले में नशीली दवाईयां व घटना में प्रयुक्त स्कूटी वाहन जप्त कर धारा 21(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। कार्यवाही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शोभराज अग्रवाल व एसडीओपी प्रतापपुर अमोलक सिंह के मार्गदर्शन में हुई जिसमें थाना प्रभारी भटगांव फर्दीनंद कुजूर, एसआई सरफराज फिरदौसी, नवलकिशोर दुबे, एएसआई सुमंत पाण्डेय, संतोष सिंह, गुरू प्रसाद यादव, प्रधान आरक्षक पूरनचंद राजवाड़े, आरक्षक कमलेश्वर सिंह व विजय गुप्ता सक्रिय रहे।

आधार संबंधी समस्याओं का निवारण आज से

- **चिप्स और भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण की टीम करेगी निराकरण**

जगदलपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ इंफोटेक प्रमोशन सोसायटी सहित जिला प्रशासन और भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण की पहल पर आधार कार्ड संबंधी समस्याओं के निवारण के लिए जगदलपुर में कल 26 जुलाई से 27 जुलाई तक दो दिवसीय संभाग स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया है। उक्त शिविर बस्तर के सातों जिलों के लिए आयोजित है, जिसमें हैदराबाद एवं चिप्स रायपुर से आयी आधार की टीम द्वारा आधार कार्ड संबंधी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। शिविर में बायोमेट्रिक्स व डेमोग्राफिक्स यथा निवास-पता अपडेट, जन्मतिथि, नाम, लिंग इत्यादि संशोधन, ई-आधार डाउनलोड करने में परेशानी, मोबाइल अपडेट होने के बावजूद ओटीपी नहीं आने सहित अनेक समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। इस दिशा में 26 जुलाई 2023 को कलेक्टोरेट जगदलपुर के प्रेरणा हॉल में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। वहीं वीर सावरकर भवन जगदलपुर में 26 एवं 27 जुलाई को चिप्स तथा भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण एवं जिला प्रशासन जगदलपुर के संयुक्त तत्वाधान में आम नागरिकों के आधार कार्ड से सम्बन्धित समस्याओं के निराकरण के लिए दो दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए चिप्स के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रितेश कुमार अग्रवाल ने बताया कि यह शिविर 26 एवं 27 जुलाई को प्रातः 10 बजे से शाम 05 बजे तक संचालित होगा, जिसमें यूआईडीएआई के क्षेत्रीय कार्यालय हैदराबाद से अधिकारियों तथा उनकी टीम द्वारा समस्याओं का निराकरण किया जायेगा। इस शिविर में समस्या निराकरण के लिए भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के क्षेत्रीय कार्यालय हैदराबाद के निदेशक श्रीनिवास नायक, डाक विभाग के संयुक्त संचालक नरेन्द्र कुमार नागपाल और चिप्स के अधिकारी नीलेश सोनी व हर्ष बंधे एवं भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण रायपुर के अधिकारी अनित तिवारी भाग लेंगे। उल्लेखनीय है कि नागरिकों को नवीन आधार पंजीयन के साथ-साथ आधार से जुड़ी अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

सुकमा के एर्राबोर में 6 वर्षीय बच्ची से साथ दुष्कर्म

- **पोटाकेबिन आवासीय परिसर में बच्ची के साथ अज्ञात ने किया दुष्कर्म**

सुकमा/नवप्रदेश। सुकमा जिला के एर्राबोर के पोटाकेबिन आवासीय परिसर में पहली कक्षा की 6 वर्षीय नाबालिक छात्रा के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया हैं। मामला के प्रकाश में आने के बाद आनन फानन में पुलिस प्रशासन हरकत में आया और मामले को लेकर जांच शुरू कर दिया गया हैं। जिसमे पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 09/23 धारा 456,363,376, क,ख 324 भादवि,4,5(ड़) 6 पोस्को एक्ट का प्रकरण दर्ज कर,पीड़िता का मेडिकल मुलायजा करवाया गया है।

15 दिन में बच्चियों के साथ दुष्कर्म का दूसरा मामला

15 दिन के भीतर बच्चियों के साथ अनाचार का यह दूसरा मामला हैं। इससे पहले दोरनापाल में भी एक नाबालिक बच्ची के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया था। जिसके बाद एर्राबोर में हुआ यह दूसरा मामला हैं। जहां इस पुरे घटना क्रम ने राज्य भर को शख्ते में ला दिया साथ ही वही सुकमा में जिला प्रशासन के कार्यशैली पर भी कई बड़े सवाल खड़े कर दिया हैं।

बच्चों को वापस ले जाने की बात

वही पूरे मामले के गंभीरता के बाद स्थानियों में आक्रोश नजर आया। जिसमे लोगो में एर्राबोर पोटाकेबिन आवासीय छात्राओं के साथ इससे पहले भी ऐसी कई घटनाएं होने की चर्चा ने मामले को और भी गरमा दिया हैं, इस प्रकार के मामले को स्थानीय प्रशासनिक अधिनस्तो द्वारा दबाने की बात सामने आ रही हैं। वही मामले से पोटाकेबिन आवासीय परिसर में इस तरह के वारदात से परिजनों में अपने बच्चियों की सुरक्षा को लेकर चिंता व दहशत नजर आ रहा हैं। और अब परिजन बच्चों को पोटाकेबिन से निकाल कर वापस घर ले जाने की बात कह रहे हैं।

राजनीतिक दलों व सर्व आदिवासी समाज पहुंचे घटना स्थल

मामले के प्रकाश में आने के बाद सभी राजनीतिक दल व सर्व आदिवासी समाज घटना स्थल पहुंचे। राजनीतिक दलों व सर्व आदिवासी ने घटना क्रम को निंदनीय और मानवता को शर्मशार करना बताया हैं। इस दौरान सर्व आदिवासी समाज द्वारा एराबोर के सामुदायिक भवन में बैठक किया गया हैं। सर्व आदिवासी समाज ने बताया की मामले को लेकर बाकी बच्चो से पूरे घटनाक्रम को लेकर जानकारी लिया गया जिसमे पोटाकेबिन अधीक्षिका का पूरे घटनाक्रम की की जानकारी थी,जिसके बाद पीड़ित परिवार पर दबाव बनाकर मामले को दबाने का प्रयास किया गया। जो इस पूरे कृत्य पर अधीक्षिका की संलिप्तता स्पष्ट करता हैं। जिसको लेकर राजनीतिक दलों व सर्व आदिवासी समाज द्वारा अधीक्षिका के खिलाफएफआईआर करने की बात कही गईं हैं।

> एसपी किरण चव्हाण ने बताया कि शनिवार रात्रि को जिले के एर्राबोर थाना अंतर्गत पोटाकेबिन में अध्यनरत नाबालिग छात्रा के साथ अज्ञात आरोपी द्वारा दुष्कर्म करने की शिकायत प्राप्त हुई है। पोटाकेबिन अध्यक्ष की रिपोर्ट पर थाना एर्राबोर में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 09/23 धारा 456, 363, 376 क, ख 324 भादवि, 4,5 (ड़) 6 पोस्को एक्ट का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है साथ ही पीड़िता का मेडिकल मुलायजा करवाया गया है। उन्होंने कहा कि प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए त्वरित निराकरण हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोंटा गौरव मंडल की अध्यक्षता में पारुल खण्डेलवाल उप पुलिस अधीक्षक बाल अपराध अन्वेषण शाखा सहित 08 सदस्यीय समिति गठित की गई है, बाद अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

सुघ्घर पढ़वईया योजना : दो स्कूल प्लेटिनम एवं सिल्वर अवार्ड के लिए नामित

- **दोनों स्कूल स्वतंत्रता दिवस में राज्य स्तर पर होंगे सम्मानित**
- **कलेक्टर सिन्हा के मार्गदर्शन में शिक्षा सुदृढ़ीकरण के लिए हो रहा कार्य**

रायगढ़/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप जिले के सभी शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक स्कूलों में पढने वालों बच्चों में उनकी प्रतिभा के अनुरूप कौशल विकसित करने के लिए सुघ्घर पढ़वईया योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत बच्चों में कौशल विकसित करने पर उत्कृष्ट विद्यालयों को प्रमाण पत्र और पुरस्कार दिया जाता है। इसी कड़ी में विकासखण्ड रायगढ़ के प्राथमिक शाला भदरापाली संकुल बायंग को प्लेटिनम अवार्ड एवं प्राथमिक शाला परसाडीपा संकुल डोंगीतराई को सिल्वर अवार्ड हेतु नामित किया गया है। आगामी 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उक्त दोनों स्कूलों को राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाएगा।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन में जिले में शिक्षा गुणवत्ता में सुधार के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है। स्कूलों के सभी शिक्षकों को साथ मिलकर स्कूल के सभी विद्यार्थियों में अकादमिक कौशल विकसित करने हेतु कार्य किया जा रहा है। इसी का प्रत्यक्ष परिणाम सामने आया और इन दोनों स्कूलों को प्लेटिनम एवं सिल्वर अवार्ड हेतु नामित किया गया है। जो रायगढ़ जिले के लिए शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश स्तर पर उपलब्धि है। कलेक्टर सिन्हा के निर्देश में जिले के अन्य शालाओं में भी शिक्षा सुदृढ़ीकरण के लिए कार्य किया जा रहा है।

सुघ्घर पढ़वईया योजना का उद्देश्य स्वप्रेरणा से अच्छे कार्य एवं बेहतर प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों को प्रोत्साहित करना है। उन्हें देखकर और भी शिक्षक अच्छे से कार्य करने के लिए प्रेरित हो सकेंगे। यह योजना राज्य के सभी शासकीय प्राथमिक एवं मिडिल स्कूलों के लिए है। योजना में शामिल होने के लिए स्कूल को वेब-पोर्टल पर आवेदन करना होगा। स्कूलों की प्रतिस्पर्धा एक दूसरे से नहीं बल्कि स्वयं से ही है। स्कूलों के सभी शिक्षकों को साथ मिलकर स्कूल के सभी विद्यार्थियों में अकादमिक कौशल विकसित करना है। जिन स्कूलों को प्रमाण पत्र मिलेगा, उस स्कूल में पढ़ाने वाले सभी शिक्षकों को भी प्रमाण पत्र मिलेगा। प्रमाणीकरण की घोषणा थर्ड-पार्टी आंकलन के तत्काल बाद वेब-पोर्टल पर की जाती है।

2 स्कूल राज्य स्तर में होंगे सम्मानित

रायगढ़ जिले के सात विकासखण्ड धरमजयगढ़, घरघोड़ा, लैलूंगा, तमनार, रायगढ़, खरसिया एवं पुसौर में से 35 शाला का थर्ड पार्टी द्वारा आकलन किया गया। जिसमें 2 शाला अवार्ड हेतु नामित किए गए। जिसमें विकासखण्ड रायगढ़ के प्राथमिक शाला भदरापाली को प्लेटिनम अवार्ड एवं प्राथमिक शाला परसाडीपा को सिल्वर अवार्ड हेतु नामित किया गया है। आगामी 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उक्त दोनों स्कूलों को राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाएगा।

जागरूकता वैन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

कांकेर/नवप्रदेश। विधानसभा निर्वाचन में सभी मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरूक करने के उद्देष्य से मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम के तहत् अंतागढ़ अपर कलेक्टर बी.एस. उईके एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) विश्वास कुमार द्वारा आज ई.वी.एम. प्रदर्शन वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत लाइवलीहुड कॉलेज अंतागढ़ में नये मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने हेतु फार्म-06 भरवाया जा रहा है। मतदाताओं के समक्ष ई.वी.एम. मशीन, वीवीपैट का प्रदर्शन करते हुए मतदान करने के लिए शपथ भी दिलाया गया।

विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए उड़नदस्ता दल गठित

रायगढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तारन प्रकाश सिन्हा ने आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2023 अंतर्गत प्रत्येक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए उडऩदस्ता दल विधानसभा क्षेत्रवार गठित किया है। जिसमें निम्नानुसार कार्यपालिक दण्डाधिकारी, पुलिस अधिकारी, कर्मचारियों को निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कार्य संपादित करने हेतु आदेशित किया है। विधानसभा आम निर्वाचन की घोषणा की तिथि से नियुक्त उडऩ् दस्ता दल प्रभावशील में आ जाएगी तथा अपने-अपने क्षेत्र में नियमानुसार कार्यवाही प्रारंभ की जाएगी। उडऩ् दस्ता दल जब तक दूसरे अन्य दल की तैनाती उस कार्य क्षेत्र में नहीं हो जाती है तब तक अपना कार्य संपादन करेगी तथा प्रत्येक दल प्रतिदिन की रिपोर्ट निर्धारित प्रारूप में अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र के सहायक व्यय प्रेक्षक को अनिवार्यतः देंगे। जिन अधिकारियों को कार्यपालिक दण्डाधिकारी के शक्तियां प्राप्त नहीं है, उन अधिकारियों को कार्यपालिक दण्डाधिकारी के शक्तियां प्रदान करने हेतु मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छ.ग.रायपुर को पत्र प्रेषित किया जाएगा। विधान सभावार जिन अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है इनमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 15- लैलूंगा में कार्यपालिक दण्डाधिकारी में नायब तहसीलदार तमनार रॉकी एक्का, नायब तहसीलदार घरघोड़ा रामसेवक सोनी एवं नायब तहसील तमनार लीलाधर चन्द्रा एवं पुलिस अधिकारी/कर्मचारी में गंगाप्रसाद बंजारे, शांति कुमार मिरी, मेघराज निषाद, नरसिंह नाथ, दीप रोशन एक्का, यशवंत यादव, कमल सिंह राजपूत, लौह किशोर साय पैंकरा एवं जयप्रकाश एक्का शामिल है। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 16-रायगढ़ में कार्यपालिक दण्डाधिकारी में नायब तहसीलदार रायगढ़ नंदिनी देवी वर्मा, नायब तहसीलदार रायगढ़ प्रकाश पटेल, नायब तहसीलदार पुसौर पंकज कुमार मिश्रा एवं पुलिस अधिकारी/कर्मचारी में इगेश्वर यादव, नितेश लकड़ा, कमलेश साग, शशीदेव भोई, जितेश्वर चौहान, विकास सिंह, श्री उमाशंकर विश्वाल, नवधाप्रसाद भैना, केशव चौहान को नियुक्त किया गया है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 18-खरसिया में कार्यपालिक दण्डाधिकारी में नायब तहसीलदार रायगढ़ तृप्ति चन्द्राकर, नायब तहसीलदार खरसिया दिव्या वैद्य एवं सहायक अभियंता लो.स्वा. यांत्रिकी उपखंड खरसिया के उप अभियंता राम नरेश शर्मा एवं पुलिस अधिकारी/कर्मचारी में राजेश दर्शन, मनोज कुमार निराला, मनोज भारती, हेम सागर पटेल, संजय एक्का, कांता प्रधान, देवदास महंत, हरिकृषो केवट, सत्यवान लकड़ा शामिल है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 19-धरमजयगढ़ में कार्यपालिक दण्डाधिकारी में नायब तहसीलदार छाल पुष्पेन्द्र कुमार राज, नायब तहसीलदार धरमजयगढ़ उज्जवल पाण्डेय एवं कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी जल संसाधन उप संभाग धरमजयगढ़ के उप अभियंता लक्ष्मण प्रसाद सुमन एवं पुलिस अधिकारी/कर्मचारी म गंगाराम भगत, वकास तिर्की, सुरेश टोप्पा, विलफेड मसीह, प्रहलाद भगत, उद्धव पटेल, अशोक राम राठिया, अनुज राम सिदार एवं विपिन किशोर शामिल है।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

कांग्रेस की हाईलेवल मीटिंग...

उनके कार्यकाल को बढ़ाने का इरादा नहीं है।

कांग्रेस की हाई लेवल मीटिंग समाचार लिखे जाने तक जारी थी। मुख्यमंत्री आवास में मंगलवार को यह बैठक फर्स्ट हाफमें शुरू हुई और मुख्यमंत्री निवास में प्रदेश संगठन के सभी आला नेताओं ने भोजन किया। बता दें आज शाम बैठक के बाद सीएम राम पथ, राम वन वाहन को हरी झंडी दिखाएंगे। बैठक में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, कांग्रेस की प्रदेश प्रभारी कुमारी सेलजा, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत, मंत्री रविंद्र चौबे, ताम्रध्वज साहू, मोहम्मद अकबर मौजूद हैं। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज भी इस बैठक में शामिल होने पहुंचे हैं। विधानसभा क्षेत्रों में टिकट की दावेदारी शुरू कर दी है। बीते 24 घंटे में प्रदेश कांग्रेस कार्यालय रायपुर के राजीव भवन में दर्जनों बायोडाटा नेताओं के पास पहुंचे हैं। पदाधिकारियों से मिलकर खुद नेताओं ने अपना बायोडाटा दिया है। कांग्रेस आंतरिक रूप से इस तैयारी में लग चुकी है कि कौन सी विधानसभा में किसे टिकट दी जाए।

आईएएस रानू साहू ...

श्री राजपूत ने उन्हें 4 अगस्त तक की रिमांड में पूछताछ का फैसला सुनाया। सूत्रों के अनुसार शनिवार की शाम से आज सुबह तक ईडी की टीम आईएएस रानू साहू से लगातार पूछताछ कर रही थी। ईडी को जरुरत महसूस होगी तो आईएएस रानू साहू से जेल अभिरक्षा में भी सवाल-जवाब करेगी।

नागालैंड के मसले...

ने कहा कि ऐसे महिला संगठन हैं जो कहते हैं कि उन्हें आरक्षण नहीं चाहिए और ये कोई छोटी संख्या नहीं है. ये पढ़ी-लिखी महिलाएं हैं। फिर जस्टिस कौल ने कहा, हमने आपको एक बहुत लंबी रस्सी दी है। आपने वचन दिया था कि आप ऐसा करेंगे, लेकिन मुकर गए। यही हमारी चिंता है. यथास्थिति में बदलाव का हमेशा विरोध होता है। लेकिन, किसी को यथास्थिति बदलने की जिम्मेदारी लेनी होगी। इसके जवाब में सरकार की ओर से पेश हुए अधिवक्ता ने कहा, राज्य ने कुछ अभ्यास शुरू किए हैं। वे कुछ कानून बनाना चाहते हैं। उत्तर पूर्व में जो स्थिति है, उसे देखते हुए समय दिया जाए।

एयर होस्टेस गीतिका...

के खिलाफ एविडेंस नहीं थे। कोर्ट ने कांडा के साथ उनकी एयरलाइंस कंपनी, कंपनी की मैनेजर अरूणा चड्ढा को भी इस केस में बरी कर दिया। वहीं इस फैसले के बाद गीतिका के भाई अंकित ने कहा कि मैं अभी बात करने की स्थिति में नहीं हूं। अभी सोचूंगा कि हमें आगे क्या करना है? गोपाल कांडा के लिए यह फैसला काफी राहत भरा रहा क्योंकि इस पर उनका राजनीतिक भविष्य टिका था।

अब अवॉर्ड लौटाना...

को न लौटना बताया जा रहा है। संसदीय समिति की सिफारिश है कि, अगर कोई अवार्ड जीतता है तो सबसे पहले उस व्यक्ति विशेष से एक वचन पत्र लेना चाहिए और उसमें स्पष्ट रूप से लिखा होना चाहिए कि वो कभी भी इस अवॉर्ड को वापस नहीं लौटाएंगे।

पुरस्कार लौटाना विरोध ...

भरवाएं जाएं फिर उन्हें सम्मानित किया जाए। इसके अलावा जो व्यक्ति शपथ पत्र नहीं भरता है उसे अवॉर्ड न दिए जाएं। समिति ने कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है हमारा संविधान हर नागरिक को भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता देता है, संविधान हर इंसान को विरोध-प्रदर्शन का भी आजादी देता है लेकिन पुरस्कार लौटाना विरोध का एक नया चलन बनता जा रहा है।

न्यायालय नजूल अधिकारी कांकेर, उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202307140400024
अ-6/2022-23

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राहुत चोपड़ा पिता पूनम चोपड़ा निवासी मेन रोड आमापारा कांकेर तह. कांकेर जिला उत्तर बस्तर कांकेर के द्वारा मोहल्ला माहुरबंद पारा कांकेर में स्थित भूमि शीट नं. 11 सी, प्लाट नं 2/29 प्लाट नं. 3 शामिल नं. में से क्षेत्रफल 176.41 व.मी. या 1989.19 वर्गफुट वार्षिक भू भाटक 430.00 भूखंड क्रमांक 28 त्रिपुरेश्वरी देवी पति स्व. उदय प्रताप देव वगै. नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि विक्रय मूल्य 13,28,733.00 रु. (तेरह लाख अट्ठाईस हजार सात तैतीस रुपए) में क्रय कर दिनांक 30.06.2022 को उप पंजीयक कार्यालय कांकेर में पंजीयन कराने का उल्लेख करते हुए विक्रेता का नाम नजूल अभिलेख में क्रेता का नाम दर्ज किए जाने छ.ग.भू.राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत आवेदन पेश किया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाारधीन है।

अतः उक्त संबध में किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय आदि को कोई उजर दावा आपत्ति हो तो इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के साथ प्रकरण में सुनवाई दिनांक 11.8.2023 तक उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त नियत दिनांक के पश्चात दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24.07.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

सील

नजूल अधिकारी
उत्तर बस्तर कांकेर

न्यायालय नजूल अधिकारी कांकेर, उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202307140400025
अ-6/2022-23

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अमित चोपड़ा पिता पूनम चोपड़ा निवासी मेन रोड आमापारा कांकेर तह. कांकेर जिला उत्तर बस्तर कांकेर के द्वारा मोहल्ला माहुरबंदपारा कांकेर में स्थित भूमि शीट नं. 11 सी, प्लाट नं. 2/29 प्लाट नं. 3 शामिल नं. में से क्षेत्रफल 167.45 व.मी. या 1801.71 वर्गफुट वार्षिक भू भाटक 400.00 भूखंड क्रमांक 29 त्रिपुरेश्वरी देवी पति स्व. उदय प्रताप देव वगै. नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि विक्रय मूल्य 12,61,197.00 रु. (बारह लाख इकसठ हजार एक सौ सत्यानबे रुपए) में क्रय कर दिनांक 30.06.2022 को उप पंजीयक कार्यालय कांकेर में पंजीयन कराने का उल्लेख करते हुए विक्रेता का नाम नजूल अभिलेख में क्रेता का नाम दर्ज किए जाने छ.ग.भू.राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत आवेदन पेश किया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाारधीन है।

अतः उक्त संबध में किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय आदि को कोई उजर दावा आपत्ति हो तो इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के साथ प्रकरण में सुनवाई दिनांक 11.8.2023 तक उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त नियत दिनांक के पश्चात दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24.07.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

सील

नजूल अधिकारी
उत्तर बस्तर कांकेर

कार्यालय नगर पालिका परिषद् बड़े बचेली, जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.)

कार्यालय फोन/फैक्स नम्बर- 07857-231762, 230261 ईमेलः-cmobch@rediffmail.com
क्रमांक/515/तक. शा./न.पा.प./ 2023 बड़े बचेली, दिनाँकः 21/07/2023

// रूचि की अभिव्यक्ति (EOI) //

नगर पालिका परिषद् बड़े बचेली, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा क्षेत्रान्तर्गत 04 नग सामुदायिक शौचालयों को स्वच्छता श्रृंगार योजना अन्तर्गत रख रखाव एवं संचालन कार्य हेतु शासन द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के तहत पंजीकृत एन.जी.ओ./ स्वसहायता समूह से रूचि की अभिव्यक्ति मुहर बंद लिफाफा में दिनांक 07/08/2023 को शाम 5:00 बजे तक स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। प्राप्त रूचि की अभिव्यक्ति को दिनांक 08/08/2023 को शाम 3:00 बजे खोला जावेगा। रूचि की अभिव्यक्ति के साथ 5000/- रूपये की अमानत राशि एफ.डी.आर. के रूप में संलग्न कर प्रस्तुत की जावेगी। अमानत राशि को एफ.डी.आर. मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद बड़े बचेली के नाम से देय होगा। अमानत राशि के बगैर प्राप्त रूचि की अभिव्यक्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। अमानत राशि से छूट की स्थिति में शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देश संलग्न करना अनिवार्य है। इस कार्य हेतु अनुभवी एवं सक्षम एजेंसियों को प्राथमिकता दी जावेगी । नियम, शर्तें एवं संबंधित अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस में कार्यालय नगर पालिका परिषद, बड़े बचेली के लोक निर्माण शाखा एवं विभागीय वेबसाइट http://uad.cg.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् बड़े बचेली
जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

कार्यालय वनमण्डलाधिकारी, जशपुर वनमण्डल, जशपुर

नीलाम सूचना

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि जशपुर वनमण्डल के अन्तर्गत काष्ठागार गम्हरिया (जशपुर) में निम्नांकित ईमारती काष्ठ का दर्शित तिथि एवं समय में अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा नीलाम किया जावेगा । इच्छुक पंजीकृत व्यापारियों एवं अन्य क्रेताओं को सलाह दी जाती है कि नीलाम में भाग लेने के पूर्व नीलाम में रखी गई वनोपज का भली-भांति अवलोकन कर लेवें।

डिपो का नाम - काष्ठागार गम्हरिया (जशपुर)
नीलाम दिनांक - 28.07.2023
नीलामी प्रारंभ - प्रातः 10:00 बजे से

प्रजाति	नीलाम में प्रस्तावित अनुमानित मात्रा						मिश्रित जलाऊ चट्टा
	नया लाट		पुराना लाट		योग		
	लट्ठा घ.मी.	बल्ली+ डेगरी नग	लट्ठा घ.मी.	बल्ली+ डेगरी नग	लट्ठा घ.मी.	बल्ली+ डेगरी नग	
1	2	3	4	5	6	7	8
सागौन	0.000	0	6.040 224	6.040	224	पुराना	
साल	602.173	0	1515.933	1399	2118.106	1399	2213
बीजा, शीशम, खम्हार	0.000	0	9.452	69	9.452	69	नया
अन्य प्रजाति	2.199	1	80.278	847	82.477	848	579
योग	**604.372**	**1**	**1611.703**	**2539**	**2216.075**	**2540**	**2792**

चिरान काष्ठ एवं अन्य :-

नया चिरान काष्ठ :- 0 नग = 0.000 घ.मी.
पुराना चिरान काष्ठ :- 40 नग = 0.490 घ.मी.
योग :- 40 नग = 0.490

टीप :- उपरोक्त मात्रा में परिवर्तन संभावित है ।

नीलाम शर्तें :- नीलाम से संबंधित शर्तें एवं अन्य जानकारी काष्ठागार, गम्हरिया एवं वनमण्डल कार्यालय जशपुर से प्राप्त की जा सकती है। क्रेताओं को आयकर पेन कार्ड एवं जी.एस.टी. **पंजीयन 2023** की छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है। लॉट स्वीकृत होने पर काष्ठ का विक्रय मूल्य 18% GST एवं 2.50% आयकर का भुगतान करना होगा । ई.एम.डी. 25 प्रतिशत की राशि का भुगतान किसी अधिसूचित राष्ट्रीयकृत बैंक का रैखित बैंक ड्राफ्ट या मल्टी सिटी चेक जो वनमण्डलाधिकारी, जशपुर वन मण्डल, जशपुर के नाम से जशपुर में देय हो मान्य होगा।

वनमण्डलाधिकारी
जशपुर वनमंडल जशपुर

जी-03575/6

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सरोरा रोड, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर वर्मा एग्जोटीका फ्लैट नंबर 103, सर्किट हाउस के सामने बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- प्रमोद शर्मा* प्रबंध संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, फोन नंबर : 6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

एमएमडब्ल्यू यूनियन ने स्टील ब्रिज के शीघ्र निर्माण के लिए डीआरएम को सौंपा रिमाइंडर

ब्रिज बनने से जनता को मिलेगी राहत : एके सिंह

किरंदुल/नवप्रदेश। मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन (इंटक) शाखा किरंदुल के सचिव ए.के. सिंह के नेतृत्व में यूनियन द्वारा नगरवासियों, ग्रामीणों एवं विद्यार्थियों के हितार्थ वार्ड क्रमांक 03, 04 एवं 08 से वार्ड क्रमांक 17, 18 के मध्य स्टील ब्रिज का निर्माण किये जाने बाबत मांग पत्र ईस्ट कोस्ट रेलवे वाल्टेयर डिवीजन के डिवीजनल रेलवे मैनेजर सौरभ प्रसाद को उनके किरंदुल प्रवास के दौरान स्थानीय अतिथि गृह में दिया गया था। विदित हो कि पूर्व में भी डीआरएम अनूप कुमार सतपथी के कार्यकाल के दौरान इंटक नेताओं द्वारा उनसे मुलाकात कर स्टील ब्रिज निर्माण की मांग की गई थी, जिस पर शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन देते हुए संयुक्त सर्वेक्षण भी कराया गया था, जिसके आगे का कार्य किन्हीं कारणवश लंबित होने पर मई 2023 में पुनः मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन (इंटक) के नेताओं द्वारा डीआरएम, वाल्टेयर डिवीजन के नाम पर पूर्वी तट रेलवे, किरंदुल के सहायक मंडल अभियंता ए. अजित कुमार को रिमाइंडर सौंपा गया था। बता दें कि पूर्व में इंटक यूनियन द्वारा जनहित में किये गये इस मांग पर रेलवे के सर्वेक्षण अधिकारियों किरण कुमार एवं रमेश कुमार को किरंदुल के संबंधित स्थल पर भेजकर 18.सित.2021 को इंटक यूनियन के पदाधिकारियों ए.के. सिंह, पी.एल. साहू एवं अन्य साथियों की उपस्थिति में संयुक्त सर्वेक्षण कराया गया था, जिससे शीघ्र ही स्टील ब्रिज का कार्य पूर्ण हो जाने की उम्मीद थी, किंतु किसी कारणवश सर्वेक्षण के उपरांत का कार्य आगे नहीं बढ़ पाया। दुर्घटना की आशंका व्यक्त करते हुए इस लंबित कार्य को शीघ्र ही पूर्ण कराने के लिए समय समय पर इंटक यूनियन द्वारा स्मरण कराया गया था, जिस पर शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन मिला था। इस दौरान जनहित के इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर इंटक यूनियन द्वारा जनप्रतिनिधियों से भी पत्राचार किया गया। इस बहुप्रतीक्षित मांग के अब तक लंबित रहने तथा इंटक यूनियन द्वारा व्यक्त की गई आशंकाओं के अनुसार वर्तमान में हो रही दुर्घटनाओं से मजदूरों एवं नगरपरिवार तथा ग्रामीणों के हितों में सदैव ही मुखर होकर कार्य करने वाली मेटल माईंस वर्कर्स यूनियन (इंटक) द्वारा इस पर चिंतन करते हुए सचिव ए.के. सिंह द्वारा ईस्ट कोस्ट रेलवे वाल्टेयर डिवीजन के डीआरएम से शीघ्र ही इस लंबित मांग को शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण करने हेतु पुनः मांग की गई तथा रिमाइंडर पत्र सौंपा गया। उक्त मांग पत्र के साथ ही साथ जगदलपुर तक चलने वाली सभी ट्रेनों को दन्तेवाड़ा तक विस्तारित करने की मांग भी मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन (इंटक) शाखा किरंदुल द्वारा की गई, जिस पर सकारात्मक आश्वासन मिला है। इस दौरान कार्यकारी अध्यक्ष चिन्नास्वामी, उपाध्यक्ष प्रशांत ठाकुर, नथेला राम नेताम, त्रिलोक बांधे, जी रवि, संगठन सचिव राकेश लाल, सह सचिव तरूण कुमार साहू, पदाधिकारी/प्रतिनिधि एम.के.मल्लाह ,बी.लोहिदास, सुधांशु ओझा, अरुण नेताम, बृजेश मिश्रा, सत्यप्रकाश, ओमप्रकाश साहू, दिलीप राणा ,सहित यूनियन के सम्माननीय सदस्यगण उपस्थित थे।

आर्थिक सर्वेक्षण सत्यापन 29 तक

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। कलेक्टर विनीत नंदनवार के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण 2023 का 24 जुलाई से गांव- गांव में परिवारों का सत्यापन का कार्य शुरू किया जाएगा। सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण में दंतेवाड़ा जिले के सत्यापन लक्ष्य 13 हजार 16 दिया गया था। इसको लेकर रविवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ, बीईओ, जिला मास्टर ट्रेनर्स सहित पटवारी, सचिव के अमले को सर्वे के दौरान भरी जाने वाली जानकारी से अवगत कराया गया। जिला पंचायत में प्रशिक्षण के दौरान बताया कि छत्तीसगढ़ सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण किया गया था, जिसमें परिवारों द्वारा दी गई जानकारी का सत्यापन किया जाना है। उन्होंने बताया कि यह कोई नवीन सर्वे नहीं है बल्कि पूर्व में किये गये सर्वेक्षण का ही सत्यापन है। उन्होंने कहा कि सत्यापन दल आज दिए जा रहे प्रशिक्षण को गंभीरता के साथ पूर्ण करें और सत्यापन के दौरान भरी जाने वाली जानकारी को प्रपत्र एवं एप के माध्यम से अच्छी तरह से भरवाएं। उन्होंने कहा कि जिले में किये गये सर्वेक्षण कार्य के सत्यापन के लिए पूर्व में गठित दलों से कराया जाना है इसके साथ ही पटवारी, ग्राम पंचायत सचिव भी इसमें सदस्य होंगे, सत्यापन दल को परिवारों की सूची उपलब्ध कराई जाएगी। इस आधार पर वह जानकारी का सत्यापन करेंगे। बैठक के दौरान सहायक संचालक पंचायत मिथिलेश किसान सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

केन्द्रीय विद्यालय में मनाया वन महोत्सव

- **पर्यावरण संतुलन में अपना योगदान दे : आजाद सक्सेना**
- **स्कूल कैम्पस में 200 पौधारोपण का लक्ष्य : ए.के पांडेय**

किरन्दुल/नवप्रदेश। लौह नगरी किरन्दुल स्थित केन्द्रीय विद्यालय स्कूल में वृक्षारोपण अभियान का किया गया। वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत छत्तीसगढ़ श्रमजीवी संघ दंतेवाड़ा जिला ईकाई के द्वारा केंद्रीय विद्यालय स्कूल में किया गया। इसके अंतर्गत लगभग 200 पौधे 27जुलाई तक वृहद रूप से लगाये जाने है। छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ जिला इकाई दंतेवाड़ा के नेतृत्व में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। वही इस वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ श्रमजीवी पत्रकार संघ जिला ईकाई दंतेवाड़ा के जिलाध्यक्ष एवं जिला संयोजक के कर- कमलों द्वारा पौधारोपण किया गया इस अवसर पर जिलाध्यक्ष आजाद सक्सेना ने कहा कि विद्यालय का परिसर हरी हरीतिमा से युक्त है, इससे स्पष्ट है कि यहाँ के शिक्षक और छात्र पर्यावरण के प्रति सचेत हैं। किरन्दुल के समस्त नागरिकों का उतरदायित्व है कि इस पुनीत कार्य में सहयोग करें। वृक्षों को बचाएं, पर्यावरण को सुरक्षित करें। वही जिला संयोजक राजेन्द्र सक्सेना ने कहा कि मानवता की रक्षा हेतु हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाना है। इस अभियान में विद्यालय के प्राचार्य डॉ अनिल कुमार पाण्डेय और शिक्षकों एवं छात्रों ने संयुक्त रूप से पौधा रोपण कर पर्यावरण की संतुलन बनाए रखने लोगो से अपील किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष आजाद सक्सेना, जिला संयोजक राजेन्द्र सक्सेना जिला उपाध्यक्ष डॉ आरके बैरागी ब्लॉक अध्यक्ष संजीव दास, कार्यालय सचिव शेखर दत्ता, जिला कोषाध्यक्ष एस. एच. अजहर, बलॉक उपाध्यक्ष राव दुर्गा स्कूल के प्राचार्य, शिक्षक एवं छात्र छात्राएं मौजूद थे।

किसानों को मुआवजा राशि नहीं मिलने पर भाजपा ने खोला मोर्चा

- **सरकार को दी चेतावनी, मांग पूरी नहीं होने पर होगा आंदोलन**

पखांजूर/नवप्रदेश। जिले के परलकोट में कुछ दिन पहले हुए तेज आंधी -तूफान और ओलावृष्टि से किसानों के मक्के की खाड़ी फसल बर्बाद हो गई थी, जिसका मुआबजा राशि आज तक किसानो को नही मिला, जिसके लिए सैकड़ो की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और किसान द्वरा जनपद पंचायत का घेरब कर प्रदर्शन किया गया, जिसमें किसानो को मुआवजा राशि जल्दी नही देने पर भाजपा द्वरा उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी गई साथ विडियो जनचौपाल के मध्यम से किसानों की समस्या बताया पूर्व में भी ब्यापारियों द्वारा किसानों का काडरों की मक्का खरीदी किया गया मगर आज तक भुकतान नही किया गया,किसानों के साथ छलकपट करने वाले मक्का ब्यापारी को संरक्षण देने का भी आरोप लगाया,जिसमें भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष,पूर्व मंत्री विक्रम देव उसेंडी, अन्तागढ़ नगर पंचायत अध्यक्ष राधेलाल नाग, पूर्व विधायक भोजराज नाग के मौजूदगी में प्रदर्शन किया गया जिसमें के साथ सैकड़ो की संख्या में किसान और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे, राधेलाल नाग ने कांग्रेस सरकार को एवं मुख्यमंत्री व क्षेत्रीय विधायक अनुप नाग को दोसी बताते हुए जमकर निशाना साधा कहा, भुपेश तेरी तानाशाही नही चलेगी, अनुप तेरी थानेदारी नही चलेगी, क्षेत्र के किसानों के साथ अन्याय नही चलेगी, इस कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष अशीम राय, नारायण साहा, नृपेन हालदार, राजेश नायर, राहुल, पोलटू कुण्डू, शामू तिवारी, गणेश साहा, एवं भाजपा के सेकड़ो कार्यकर्ता व किसान मौजूद रहे, हालाकि सुरक्षा के दृष्टिकोण से पखांजूर पुलिस की भारी मोजुदगी रही।

कोचिंग के नाम पर मनमानी वसूली

कांकेर/चारामा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद से प्रथम मुख्यमंत्री के 3 वर्ष के कार्यकाल में नए राज्य में विश्वविद्यालय की बाढ़ सी आ गई है। जिसके बाद से जिसकी भी सरकार बनी वह उसे बढ़ाने का काम करते रहें इन दिनों इसी प्रकार सरकारी विश्वविद्यालयों में जितने कोर्स नहीं हैं।उससे ज्यादा कोर्स के अंतर्गत

डिग्री तथा डिप्लोमा की भारी-भरकम फीस वसूली छात्रों को प्रलोभन देने की परंपरा की शुरुआत हो गई है।अभी एक विश्वविद्यालय ने तो डिप्लोमा डिग्री करने वाले छात्र छात्राओं को 6000 से 8000 तक का छात्रवृत्ति देने की योजना का प्रचार प्रसार विभिन्न माध्यमों से कर रहे हैं। लेकिन अंचल के अन्य विश्वविद्यालय में इस योजना से छात्र छात्राए वंचित होते नजर आ रहे है। इस प्रकार की छात्रवृत्ति योजना के माध्यम करने वाले छात्रों को इसका लाभ मिलता है तो खुशी की बात है परंतु प्राइवेट स्कूलों के लुभावना योजना डॉल्फिन स्कूल का परिणाम कहीं छात्रों को भारी पड़ता ना दिखे। कुछ सालों में रिकवरी करेंगे तो अभिभावकों की जेब कटने से कोई रोक नहीं सकता।प्रशासन तथा शासन को इस तरह के लोक लुभावन योजनाओं की तरफ गंभीरता से ध्यान देने की जरूरत है।

अब तक नए सचिव को नहीं सौंपा वित्तीय प्रभार

- **जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष मंगल यादव ने सीईओ गीदम पर मढ़ा आरोप**

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। गीदम जनपद के कारली ग्राम पंचायत के सचिव के स्थानांतरण होने के 5 वें माह में भारमुक्त करने एवं अब तक नए सचिव को वित्तीय प्रभार नहीं सौंपे जाने का मामला प्रकाश में आया है। कांग्रेस उपाध्यक्ष एवं ओबीसी अध्यक्ष मंगल यादव ने पंचायत सचिव के भारमुक्त में देरी के लिए सीधे तौर पर जनपद सीईओ अमित भाटिया पर लेनदेन कर भारमुक्त में देरी का आरोप मढ़ा है और इसकी शिकायत भी प्रशासन से की है।

दंतेवाड़ा जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं ओबीसी वर्ग के अध्यक्ष कारली निवासी मंगल यादव ने कारली पंचायत सचिव दीपक चंद्राकर के स्थानांतरण के बावजूद भारमुक्त में देरी किए जाने के लिए जनपद सीईओ अमित भाटिया को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया है। पूरे मामले पर प्रकाश डालते श्री यादव ने कहा कि 20 जनवरी को जिला पंचायत अध्यक्ष तुलिका कर्मा कारली पंचायत के दौरे पर थी उसी दौरान ग्रामीणों ने सचिव दिलिप चंद्राकर के कारगुजारियों की तमाम शिकायत अध्यक्ष मैडम से किया था। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष तुलिका कर्मा ने जन शिकायत पर फौरन एक्शन हुए उसी दिन सचिव का स्थानांतरण आदेश निकलवाया था। श्री यादव ने कहा कि लापरवाह पंचायत सचिव का स्थानांतरण तो कर दिया गया मगर महिना दर महिना बीतता रहा लेकिन कारली पंचायत सचिव श्री चंद्राकर को भारमुक्त अर्थात रिलिव नहीं किया गया। ग्रामीणों के काफी शिकायतों के बाद बड़ी मुश्किल से 17 मई को याने कि स्थानांतरण के 4 माह बाद कहीं जाकर सचिव दिलिप चंद्राकर को भारमुक्त किया गया उनके जगह हारम पंचायत सचिव दीपू नायर को कारली पंचायत की नवीन जिम्मेदारी सौंपी गई। ये तो हुई स्थानांतरण के 4 माह बाद भारमुक्त की बात। श्री यादव ने आगे कहा कि किसी तरह दबाव में आकर सीईओ अमित भाटिया ने सचिव श्री चंद्राकर को भारमुक्त तो कर दिया गया आज जुलाई 25 तारीख है अब तलक नए सचिव को वित्तीय प्रभार नहीं सौंपा गया है। कांग्रेस उपाध्यक्ष मंगल यादव ने कहा कि सचिव दिलिप चंद्राकर को 5 माह के विलंब से भारमुक्त करने एवं वित्तीय प्रभार अब तक नहीं देने के पीछे गीदम सीईओ अमित भाटिया का हाथ है उनके द्वारा मोटी रकम लेकर स्थानांतरण उपरांत भी चार माह तक भारमुक्त नहीं किया गया। सीईओ द्वारा नवीन सचिव को चार्ज देने में देरी एवं अब तक वित्तीय प्रभार नहीं देने के चलते पंचायत के ग्रामीण भी परेशान हैं कोई काम पंचायत में सही समय पर नहीं हो पा रहा है। कारली पंचायत में देरी से ही सही नवीन सचिव की पदस्थापना तो हो गई मगर जब तक वित्तीय प्रभार नहीं मिलेगा तब तक किसी भी कार्य का भुगतान उनके द्वारा नहीं किया जा सकेगा। श्री यादव ने कहा कि इन्हीं सब विषयों को लेकर मेरे द्वारा प्रशासन को लिखित शिकायत की गई है और जल्द से जल्द कारली पंचायत का कार्यभार सम्हालने वाले नए पंचायत सचिव को वित्तीय प्रभार सौंपा जाए ऐसी हमने प्रशासन को पत्र लिखकर मांग की।

स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट विद्यालय में मनाया शाला प्रवेशोत्सव

पखांजूर/नवप्रदेश। प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी शासकीय स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट विद्यालय हरांगढ़ में बड़ी धूमधाम से शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया,सर्व प्रथम सरस्वती वंदना व आरती कर कार्यक्रम की सुरुआत किया गया, ततपश्चात स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा उपस्थित अतिथियों पुष्पों गुच्छों एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया एवं स्कूल नवीन प्रवेश करने वाले पहेली, 6वी,एवं 9वी छात्र छात्राओं को तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर, गणवेश एवं पुस्तक देकर शाला प्रवेश उत्सव मनाया, इस कार्यक्रम के दौरान 11वी की छात्रा रोशनी हलदर द्वारा छत्तीसगढ़ी राज्य गीत जय हो जाय हो छत्तीसगढ़ मैया की गीतों के साथ एवं विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक नृत्य गायन का आयोजन किया,इस शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में उपस्थित रहे शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बिपुल पात्र, हरंगढ़ पंचायत के सरपंच परशुराम नरेटी,सेक्टर संकुल सम्नवयक सुदर्शन हालदार, ग्राम पटेल मंजीत उसेण्डी, पूर्व सरपंच धनीराम दुग्गा,ग्राम प्रमुख सुकलाल दुग्गा, सुखराम दुग्गा, रघु उसेण्डी, बड़े कापसी सरपंच किशोर नाग एवं स्कूल में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं के अभिभावक भारी संख्या में उपस्थित रहे। स्वामी आत्मानन्द विद्यालय के प्राचार्य आशुतोष मजुमदार, प्रधान अध्यापक श्यामल चंद्र दे, प्रधान अध्यापक प्राथमिक शाला दीपशिखा साहू, उमा सरकार गीता देवांगन टिंकू बागची आरती राजपूत कुलेश्वरी नेताम निर्मल चंद्र गाईन, अमनदीप निकुंज प्रवीण देहरी, रितेश कुमार, पूजा देशमुख, मनोज मंडल, जय प्रकाश, मौसमी स्वर्णकार, कंचन धनगढ़, दीपा गोलदार, अंजू ध्रुव, सनत कुमार पटेल, उमेश कुमार, लीडिया, रूपा दे, मनीषा सिकदार, बिना विश्वास, कल्पना नेगी, अजितेश अधिकारी, श्यामल कुमार देवनाथ आदि उपस्थित रहे।

ई-जनचौपाल में मिले 57 आवेदन

कांकेर/नवप्रदेश। जिले में प्रति सोमवार को ई-जनचौपाल का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा लोगों की समस्या व शिकायत सुनी जा रही है तथा उनका विधिवत निराकरण किया जा रहा है। आज आयोजित इस जनचौपाल में अपर कलेक्टर एस. अहिरवार ने जनपद कार्यालय के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से तथा कांकेर विकासखण्ड के ग्रामीणों से जिला कार्यालय में प्रत्यक्ष मुलाकात कर उनकी समस्या व शिकायतों से अवगत हुए और समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने सुराजी अभियान के दौरान प्राप्त आवेदनों का भी त्वरित निराकरण करने के लिए जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को निर्देशित किया।

आज सोमवार को आयोजित ई-जनचौपाल में 57 आवेदन प्राप्त हुए तथा उसके निराकरण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया। ई-जनचौपाल में अंतागढ़ विकासखण्ड से 02, भानुप्रतापपुर विकासखण्ड से 05, चारामा विकासखण्ड से 07, पखांजूर विकासखण्ड से 05 और नरहरपुर विकासखण्ड से 01 लोगों ने जनपद कार्यालय में उपस्थित होकर वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से तथा 37 व्यक्तियों द्वारा जिला कार्यालय में उपस्थित होकर अपर कलेक्टर को अपनी समस्या से अवगत कराया। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर जी.एस.नाग एसडीएम मनीष साहू जिला शिक्षा अधिकारी भुवन जैन एवं समाज कल्याण विभाग के उप संचालक सिनीवाली गोयल सहित लाइवलीहुड कॉलेज के प्राचार्य सुनील नेताम भी मौजूद थे।

छात्राओं को मिली साइकिल छलक पड़े खुशी के आंसू

दूरुस्थ अंचल से आने वाली बेटियां साइकिल से पहुंचेंगी स्कूल : विधायक

कांकेर/चारामा/नवप्रदेश। कांग्रेस सरकार की महत्वाकाक्षी योजनाओ के तहत सरस्वती साइकिल योजनांतर्गत सायकिल वितरण किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में भानूप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चारामा एवं शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय पंडरीपानी में छात्र छात्राओं को साइकिल की चाबी देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना किया गया। सायकिल वितरण कार्यक्रम में विधायक के अलावा स्कूल स्टाफ के अलावा कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

'मोहर्रम' के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित

कांकेर/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा ''मोहर्रम'' के अवसर पर 29 जुलाई को शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इस दिन जिले में स्थित समस्त देशी, विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानें एवं एफएल.4(क) व्यावसायिक क्लब व एफएल.7 सैनिक कैंटीन को पूर्णतः बंद रखा जावेगा। शुष्क दिवस के दौरान जिले में अवैध मदिरा संग्रहण, विनिर्माण, परिवहन व विक्रय पर पूर्णतः नियंत्रण रखने के लिए जिला आबकारी अधिकारी को निर्देशित किया गया है।

पासपोर्ट सत्यापन के लिए पुलिस आवेदकों के घर जाकर करेगी सत्यापन

- **पखांजूर पुलिस ने पहले दिन 29 पासपोर्ट का किया गया निराकरण**
- **निरंतर जारी रहेगी यह प्रकिया : देशमुख**

कांकेर/नवप्रदेश। पहले पासपोर्ट के सत्यापन के लिए थाना और एसपी दफ्तर के बार बार चक्कर लगाने पड़ते थे।

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के अथक प्रयासों के बाद पुलिस विभाग पासपोर्ट आवेदको के लिए अब पुलिस की टीम को घर घर भेजकर स्त्यापन करवाने का सराहनीय कार्य की पहल किया गया है।

पुलिस विभाग से मिली जानकारी अनुसार पासपोर्ट सत्यापन जॉच हेतु जिला कांकेर पुलिस की नई पहल करते हुए पासपोर्ट आवेदकों के निवास स्थान पहॅुचकर पुलिस द्वारा कुल 29 पासपोर्ट आवेदकों के निवास पहुंचकर किया गया पासपोर्ट सत्यापन किया गया है। जिससे आवेदको ने पुलिस की पहल को सार्थक बताते हुए पहल का स्वागत किया है

इस पहल की शुरुआत पखांजूर से शुरू किया गया है

मंगलवार को पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के निर्देश एवं अविनाश ठाकुर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार रायपुर पासपोर्ट कार्यालय से माह जुलाई/2023 में पासपोर्ट सत्यापन जांच हेतु पुलिस अधीक्षक कार्यालय कांकेर को कुल-54 पासपोर्ट प्राप्त हुआ जिसे जिले के संबंधित थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा पासपोर्ट आवेदकों के निवास स्थान में पहुंचकर कुल-29 पासपोर्ट के सत्यापन जॉच कार्यवाही कर निराकृत किया गया। 25 पासपोर्ट सत्यापन जांच हेतु लंबित है जिसे शीघ्र पासपोर्ट आवेदकों से समन्वय स्थापित कर इनके निवास स्थान में पहुंचकर निराकरण किया जा रहा है।

पासपोर्ट आवेदकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये एक नई पहल की शुरूवात करते हुये उनके निवास स्थान में पहुंचकर पासपोर्ट सत्यापन जांच की कार्यवाही की जा रही है,जिससे पासपोर्ट आवेदकों को किसी प्रकार की दिक्कत ना हो यह पहल लगातार पासपोर्ट आवेदकों के लिए जारी रहेगी।

खरसिया कांग्रेस का सबसे मजबूत किला, आजादी के बाद से ही कब्जा

30 सालों से नंदेली हाउस का कब्जा, पूर्व आईएएस भी नहीं हिला सके बुनियाद

जगदीश पटेल

रायपुर/नवप्रदेश। रायगढ़ जिले के खरसिया विधानसभा सीट कांग्रेस का सबसे मजबूत किला है। आजादी के बाद से ही सीट पर कांग्रेस का कब्जा है। इस सीट पर पिछले 32 सालों से नंदेली हाउस का कब्जा है। कांग्रेस के कद्दावर नेता नंद कुमार पटेल 22 साल तक लगातार विधायक रहे। नक्सल हिंसा में शहीद होने के बाद उनके छोटे बेटे उमेश पटेल राजनीति में आए। 2013 का चुनाव जीते, फिर 2018 में कलेक्टरी छोड़कर राजनीति में आए पड़ोसी गांव के ही ओपी चौधरी को भी हराया। इस सीट पर जशपुर के राजा स्व दिलीप सिंह जूदेव, और भाजपा के पितृपुरूष माने जाने वाले स्व लखीराम अग्रवाल जैसे दिग्गज इस सीट पर चुनाव हार चुके हैं। पिछले विधानसभा की तरह इस बार भी यहां मुकाबला कांटे की होने की पूरी संभावना है। हालांकि चर्चा यह भी है कि आईएएस की नौकरी छोड़कर राजनीति में आए ओपी चौधरी इस बार खरसिया से विधानसभा चुनाव नहीं लड़ना चाहते। सूत्रों की मानें तो वे वे चंद्रपुर से चुनाव लड़ने के इच्छुक हैं, लेकिन इस सीट पर जशपुर राजघराने की बहू संयोगिता सिंह जूदेव भी चुनाव लड़ने के लिए पूरी ताकत झोंक रहे।

लक्ष्मी पटेल ने बनाई जीत की हैट्रिक

छत्तीसगढ़ के सबसे हॉट सीट माने जाने वाले खरसिया विधानसभा पर हमेशा से कांग्रेस का दबदबा रहा। भाजपा ने इस सीट को जीतने के लिए पूरी ताकत झोंक दी, मगर कामयाबी कभी नहीं मिली। बता दें कि 1977 में खरसिया विधानसभा का गठन हुआ। जनता पार्टी से डॉ शत्रुघ्न पटेल मैदान पर थे तो कांग्रेस से लक्ष्मी पटेल चुनाव लड़े और जीत गए। 1980 में भाजपा ने वेदराम राठिया को प्रत्याशी बनाया, जबकि पार्टी ने दोबारा लक्ष्मी पटेल पर ही भरोसा जताया। पार्टी के भरोसे पर लक्ष्मी पटेल खरा उतरे और विजयी हुए। वहीं 1985 में लक्ष्मी पटेल के खिलाफ भाजपा ने डॉ. सियाराम को उम्मीदवार बनाया, लेकिन वे भी हार गए।

अर्जुन सिंह के लिए दिया इस्तीफा

पंजाब के राज्यपाल रह चुके अर्जुन सिंह को राजीव गांधी की पसंद पर मध्यप्रदेश का मुख्यमंत्री बनाना था। अर्जुन सिंह के उपचुनाव के लिए कांग्रेस को सबसे सुरक्षित सीट की तलाश थी, जो आकर खरसिया में पूरी हुई। ऐसे में खरसिया विधायक लक्ष्मी पटेल को इस्तीफा दिलाकर सीट खाली कराई गई और 1988 में ऐतिहासिक उपचुनाव हुआ। अर्जुन सिंह के खिलाफ बीजेपी जशपुर राजा स्व दिलीप सिंह जूदेव को प्रत्याशी बनाया, लेकिन अर्जुन सिंह ने उपचुनाव में जीत हासिल कर विपक्ष के सपनों पर पानी फेर दिया। अब विपक्ष पार्टी अभी नहीं तो कभी नहीं के मूड में थे, पर आजादी के बाद अविभाजित मध्य प्रदेश से लेकर आज तक क्षेत्र में कांग्रेस के अलावा किसी भी पार्टी का परचम नहीं लहराया जा सका है।

पिछले छह चुनावों के परिणाम

साल	विजयी दल	जीतने वाला उम्मीदवार	हारने वाला उम्मीदवार	वोट अंतर
2018	कांग्रेस	उमेश पटेल	ओपी चौधरी	16,967
2013	कांग्रेस	उमेश पटेल	डॉ. जवाहरलाल नायक	38,888
2008	कांग्रेस	नंदकुमार पटेल	लक्ष्मीदेवी पटेल	33,428
2003	कांग्रेस	नंदकुमार पटेल	लक्ष्मीप्रसाद पटेल	32,768
1998	कांग्रेस	नंदकुमार पटेल	यशवंतराज सिंह	17,198
1993	कांग्रेस	नंदकुमार पटेल	गिरधर गुप्ता	19,159

कांग्रेसी जीत का अंतर ज्यादा

इस सीट पर कांग्रेस और भाजपा के बीच पिछले सात चुनाव में वोटों का अंतर 18 से 28 फीसदी तक रहा है। केवल 1990 में नंदकुमार पटेल भाजपा प्रत्याशी से 3893 वोट से जीते थे लेकिन इसके बाद उनकी लीड हर चुनाव में दोगुनी होती चली गई। 2013 विधानसभा चुनाव में भी उमेश 39 हजार वोटों से जीते थे। जबकि पिछले चुनाव में पूर्व आईएएस ओपी चौधरी को 16 हजार 967 वोटों से हराया था।

अघरिया बहुल क्षेत्र

खरसिया विधानसभा क्षेत्र अघरिया (पटेल) और साहू बहुल है। मौजूदा विधायक उमेश और पिछले साल के भाजपा प्रत्याशी चौधरी, दोनों ही अघरिया समुदाय से हैं। यहां अघरिया व कोलता समाज के लोगों की संख्या 20 फीसदी से ज्यादा है। साहू समाज भी इतना ही है। पिछले चार चुनाव से भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दल अघरिया समुदाय के व्यक्ति को ही उम्मीदवार बनाती रही है, लेकिन समीकरण हमेशा कांग्रेस के पक्ष में रहा।

'हीरे-सोने की खदानें निजी हाथों में'

3 दिन में टेंडर वापस लें : अमित जोगी

रायपुर/नवप्रदेश। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ प्रमुख अमित जोगी ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश की कुछ खदानों को प्राइवेट कंपनियों को देने का दावा किया। अमित जोगी ने कहा- कांग्रेस हीरा और सोने की खदानों को निजी हाथों में देने का काम कर रही है। आनन फानन में टेंडर निकाले गए। 6 जुलाई को टेंडर निकाला गया है। कंपोजिट लाइसेंस का एक टेंडर जारी किया गया है।

अमित जोगी ने कहा- 3000 हेक्टेयर जमीन में माइनिंग शामिल है। गरियाबंद से मैनपुर में पांच माइनिंग ब्लॉक है, जिसमें हीरे और सोने की खदाने हैं। चेतावनी भरे लहजे में जोगी ने कहा कि तीन दिन के अंदर टेंडर निरस्त किया जाए, नहीं तो पूरे प्रदेश में ऐसा आंदोलन करेंगे, जिसे किसी ने अब तक सोचा तक नहीं होगा। जनता कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा- छत्तीसगढ़ में लगातार एक के बाद एक घोटाले हो रहे हैं। कोयला हो, चाहे रेत हो, शराब हो, हीरे-सोने की खदानें हों इन सभी सेक्टर्स में वसूली की जा रही है। अजीत जोगी को याद करते हुए अमित ने कहा- मेरे पिताजी कहा करते थे लूट मची है लूट, लूट सके तो लूट 3 महीने बचे हैं, सत्ता जाएगी छूट।

विदेशों में डील की आशंका

अमित जोगी ने कहा- मैं भारत सरकार से निवेदन करूंगा कि जो छत्तीसगढ़ शासन के अधिकारी मंत्री विदेश गए हैं, वो किनसे मिले, क्या-क्या बातें हुई, क्या क्या डील हुई, इस पर भी जांच होनी चाहिए। यह पूरा मामला प्रवर्तन निदेशालय की जांच के दायरे में आता है। मेरे पास जो जानकारियां हैं, उनके मुताबिक मंत्रियों का रोल कम रहा है, अधिकारी विदेश गए थे उनका ज्यादा रोल रहा। अधिकारी कुछ ऑफिशियल टूर पर गए, कुछ अनऑफिशियल टूर पर गए। इसकी जांच होनी चाहिए। कोल माइनिंग मामले में पहले से ही ईडी जांच कर रही है। ईडी एक सक्षम एजेंसी है, उसको यह जांच करनी चाहिए कि आखिर लोग जो ऑस्ट्रेलिया गए, दुबई गए, एक अधिकारी नीदरलैंड्स गए, एम्स्टर्डम गए, यह लोग आखिर वहां जाकर छत्तीसगढ़ का क्या भला कर रहे थे।

कांग्रेस की चुनाव समिति में जयसिंह भी रणनीति का हिस्सा

कोरबा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस की तैयारी ने गति पकड़ ली है। आल इंडिया कांग्रेस कमेटी (एआइसीसी) ने प्रदेश चुनाव समिति का गठन किया है। इसमें कोरबा के कद्दावर नेता जयसिंह अग्रवाल का भी नाम शामिल है। 90 विधानसभा के लिए कांग्रेस के प्रत्याशी का चयन की प्रक्रिया की जिम्मेदारी यह समिति निर्वहन करेगी। इस लिहाज से इस समिति को बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। कई दिनों से प्रदेश चुनाव समिति की सूची जारी किए जाने की सुगबुगाहट चल रही थी। रविवार की शाम को एआइसीसी के महासचिव केसी वेणुगोपाल से जारी प्रेस रिलीज में जानकारी दी गई कि छत्तीसगढ़ प्रदेश चुनाव समिति का अध्यक्ष दीपक बैज को बनाया गया है। उनके साथ 21 सदस्य शामिल किए गए हैं। जिसमें मुख्यमंत्री भूपेश बघेल समेत प्रमुख मंत्रियों व कांग्रेस के नेताओं को स्थान मिला है। राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल को चुनावी रणनीति बनाने में माहिर माना जाता है। कोरबा विधानसभा क्षेत्र में लगातार तीन बार विधायक बनते हुए उन्होंने कोरबा सीट को कांग्रेस का गढ़ बना लिया है। पार्टी हाईकमान भी राजस्व मंत्री के इस हुनर से बखूबी वाकिफ है। जिसे देखते हुए विभिन्न राज्यों में होने वाले चुनावों में जयसिंह को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी जाती रही है। बिलासपुर संभाग से केवल दो नाम विधानसभा अध्यक्ष व सक्ती के विधायक डा चरण दास महंत व जयसिंह अग्रवाल हैं। प्रदेश महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस व एनएसयूआइ के प्रदेश अध्यक्षों व सेवा दल प्रमुख को भी समिति में जगह दी गई है। चुनाव समिति प्रत्याशियों की सूची तैयार कर एआइसीसी को प्रेषित करेगी।

पीएम मोदी के इंडिया वाले बयान पर उप मुख्यमंत्री सिंहदेव ने जताई नाराजगी

रायपुर/नवप्रदेश। विपक्षी गठबंधन के नाम इंडिया पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान पर छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा इंडिया से बौखला गए हैं पीएम मोदी। मणिपुर हिंसा का जिक्र करते हुए डिप्टी सीएम ने सात सवाल पूछे। उन्होंने लिखा केंद्र में किसकी सरकार? भाजपा की! राज्य में किसकी सरकार? भाजपा की! 83 दिनों से मौन कौन है? प्रधानमंत्री और मणिपुर के मुख्यमंत्री!

डिप्टी सीएम ने लिखा- इस आग में घी किसने डाली? भाजपा ने! उस आग पर 'Divide and Rule' की रोटी कौन सेंक रही है? भाजपा सरकार! गरीबों से निचोड़ कर पूंजीपतियों को देश की संपत्ति कौन बेच रहा है? अंग्रेजों की मुखबरी कौन करते थे और आज की 'East India Company' कौन है?



सिंहदेव ने लिखा जवाब सभी को पता है! इंडिया से बौखला गए हैं पीएम मोदी। बता दें मंगलवार को संसद में भारतीय जनता पार्टी की संसदीय दल की बैठक में अपोजिशन के नाम इंडिया को लेकर निशाना साधा।

केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा की बैठक में कहा कि विपक्ष के व्यवहार से लगता है कि उसने लंबे समय तक विपक्ष में बने रहने का फैसला कर लिया है। पीएम ने कहा कि अंग्रेजों ने ईस्ट इंडिया कंपनी बनाई और उन्हीं की तरह विपक्ष ने इंडिया गठबंधन बनाया है. उन्होंने कहा कि अंग्रेज आए और उन्होंने अपना नाम ईस्ट इंडिया कंपनी रखा, उसी तरह विपक्ष अपने को इंडिया के नाम से पेश कर रहा है। कांग्रेस ने भी पीएम की इस टिप्पणी पर निशाना साधा। कांग्रेस ने ट्वीट किया- मोदी जी, आप हमें जो कहना चाहते हैं कह लीजिए। हम इंडिया हैं. मणिपुर को मदद और मोहब्बत की जरूरत है. हम इंडिया की विचारधारा को मणिपुर में फिर से स्थापित करेंगे। हम मणिपुर की हर मां और बच्चे की आंखों से आंसू पोछेंगे। एक बार फिर मणिपुर में मोहब्बत का रंग घोलेंगे, उन्हें प्यार करना सिखाएंगे।

पीएम मोदी ने विपक्षी गठबंधन के इंडिया नाम को ईस्ट इंडिया, इंडियन मुजाहिदीन से जोड़ा

मणिपुर के मुद्दे पर संसद में गतिरोध जारी है। सरकार चर्चा के लिए तैयार है, लेकिन विपक्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान पर अड़ा है। इस बीच, मंगलवार को बुलाई गई भाजपा संसदीय दल की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्ष पर ऐसा कटाक्ष किया कि सब तिलमिला उठे। पीएम मोदी ने विपक्ष दलों के गठबंधन के नाम इंडिया पर निशाना साधा। कहा, 'मैंने ऐसा दिशाहीन विपक्ष आज तक नहीं देखा। प्रधानमंत्री ने विपक्षी दलों के गठबंधन का इंडिया नाम रखने पर कहा कि ईस्ट इंडिया कंपनी में भी इंडिया है और इंडियन मुजाहिदीन में भी इंडियन है। सिर्फ नाम रख लेने से क्या होता है?

शाह के चुनावी मंत्र का दिखा असर

- **शाह की बैठक के बाद एक्शन में भाजपा, बनाई 16 समितियां**

रायपुर/नवप्रदेश। 2023 विधानसभा चुनाव 2023 के लिए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के चुनावी मंत्र का असर शुरू हो गया है। चुनाव के तीन महीने पहले विशेष चुनावी अभियान के मद्देनजर छत्तीसगढ़ भाजपा ने एक साथ 16 समितियां गठित कर दी है। चुनाव आयोग संपर्क समिति का संयोजक नरेश चंद्र गुप्ता, सह संयोजक डा. विजय शंकर मिश्रा और सदस्यों में गणेश शंकर मिश्रा और आरपीएस त्यागी शामिल हैं। कंट्रोल रूम, विमान और हेलीकाप्टर व्यवस्था समिति में संयोजक सुभाष राव समेत नौ सदस्यीय टीम शामिल हैं। वित्त समिति में पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल संयोजक और सदस्यों में नंदन जैन व श्रीनिवास राव मद्दी शामिल हैं।

क्रय समिति में पूर्व मंत्री राजेश मूणत संयोजक और सदस्यों में छगन मूंदड़ा, जगदीश बसु और ओंकर बैस शामिल हैं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव ने नेताओं को विभिन्न समितियों के आधार पर काम बांट दिया है। गौरतलब है कि 22 जुलाई को शाह ने प्रदेश के शीर्ष नेताओं की बैठक ली थी। इसमें मिशन मोड पर चुनावी अभियान चलाने का निर्णय लिया गया था। इसके पहले जब शाह पांच और छह जुलाई को रायपुर आए थे, उसके बाद घोषणा पत्र समिति और आरोप पत्र समिति का गठन किया गया था।

प्रशासकीय अनुमति समिति में मोहन पवार संयोजक और सदस्यों में उमाशंकर वर्मा व लीलाधर चंद्राकर सदस्य हैं। चुनाव के लिए कंटेंट क्रियेटर समिति के लिए संयोजक पंकज झा समेत 13 सदस्यीय टीम, मीडिया समिति के संयोजक रसिक परमार समेत 13 सदस्यीय टीम, सोशल मीडिया समिति के संयोजक प्रशांत ठाकुर समेत 15 सदस्यीय टीम, आइटी समिति के संयोजक दीपक म्हस्के समेत आठ सदस्यीय टीम, विधिक विभाग समिति के संयोजक जयप्रकाश चंद्रवंशी समेत 18 सदस्यीय टीम, अन्य राज्यों से आने वाले कार्यकर्ताओं का समन्वय समिति के संयोजक अशोक बजाज समेत छह सदस्यीय टीम, वाहन व्यवस्था समिति के संयोजक रोहित द्विवेदी समेत पांच सदस्यीय टीम, केंद्रीय नेताओं का प्रवास व स्वागत समिति के संयोजक लोकेश कावड़िया समेत 35 सदस्यीय टीम, सांस्कृतिक दल प्रचार समिति के संयोजक श्रीचंद सुंदरानी समेत 11 सदस्यीय टीम, प्रचार-प्रसार साहित्य निर्माण समिति के संयोजक राजेश मूणत समेत सात सदस्यीय टीम, आवास विभाग व्यवस्था समिति के संयोजक सुरेंद्र पाटनी समेत आठ सदस्यीय टीम शामिल है।

जातिगत विद्वेष फैलाने वाली सरकार को उखाड़ फेंकने भाजपा संकल्पित : साव

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश कार्यालय में कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में सोमवार को अनसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी एवं जिला अध्यक्षों की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव शामिल हुए। बैठक में उन्होंने सभी पदाधिकारियों को आगामी कार्य योजनाओं से अवगत कराते हुए प्रदेश की भ्रष्ट प्रदेश सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए संकल्पित किया। साव ने कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाया है कि अनुसूचित जाति के साथ दुर्भावना रखते हुए इन्हें दबाने का प्रयास किया है। समाज के युवाओं को उपेक्षा का सामना करना पड़ रहा है। समाज के लिए जो घोषणाएं सरकार ने चुनाव से पहले की उसे पौने पांच साल में पूरा नहीं कर पायी। जिसके कारण सरकार का ध्यान आकर्षित करने युवाओं ने सरकार के समक्ष नग्न प्रदर्शन किया। असल में इन युवाओं ने सरकार को नग्न करने का काम किया। साव ने कहा कि अनुसूचित जाति समाज के लोगों का कहना है नाक बचाने के लिए सरकार और प्रशासन ने गलत मामलों में इन युवाओं को फंसाया है। लेकिन अब इस सरकार का अंत समय आ गया है, कमल खिलने का समय आ गया है। हम सभी आज यह संकल्प ले कर यहां से जाएं। अपने- अपने क्षेत्रों में भाजपा के लक्ष्य को लेकर समाज के बीच कार्य करें। हमें प्रदेश में फि र से भाजपा की सरकार बनाना है। इस तानाशाही सरकार को उखाड़ फेंकना है।

मणिपुर हिंसा के विरोध में आप ने निकाली रैली, राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग

रायपुर/नवप्रदेश। मणिपुर में हुई अमानवीय घटना से पूरा देश आक्रोशित है। छत्तीसगढ़ में भी मणिपुर की घटना को लेकर आक्रोश देखा जा रहा है। राजधानी रायपुर में मंगलवार को छत्तीसगढ़ आम आदमी पार्टी ने विरोध प्रदर्शन किया। आप पार्टी ने नलघर चौक के पास प्रदर्शन करते हुए केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसमें शामिल होने के लिए प्रदेशभर से आप पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में रायपुर पहुंचे और मणिपुर की घटना का विरोध किया। आप प्रदेश अध्यक्ष कोमल हुपेंडी के नेतृत्व में यह प्रदर्शन किया गया। मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग की गई। वहीं राष्ट्रपति से मणिपुर की भाजपा सरकार को बर्खास्त करने की भी मांग की गई। वहीं, दूसरी ओर मणिपुर मामले में आप के संगठन महामंत्री और राज्यसभा सांसद संदीप पाठक ने पीएम मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि, मोदी जी के पास फ्रांस, यूएसए समेत पूरी दुनिया घूमने का समय है, लेकिन मणिपुर में हो रही हिंसा पर कोई एक्शन लेने का समय नहीं है। मोदी अगर मजबूत नेता हैं तो इस तरह से छुप क्यों रहे हैं? सदन में आकर बयान दे दें, वरना संजय सिंह और पूरे विपक्ष का विरोध होता रहेगा।

टाइगर श्रॉफ का गाना लव स्टीरियो अगेन रिलीज, जहरा खान ने दिया साथ



बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ का गाना लव स्टीरियो अगेन रिलीज हो चुका है, जिसे सोशल मीडिया पर प्रशंसकों का भरपूर प्यार मिल रहा है। इसमें टाइगर की जोड़ी अभिनेत्री सलमा आगा की बेटी जहरा खान के साथ बनी है। लव स्टीरियो अगेन में दोनों सितारों की केमिस्ट्री देखने लायक है। गाने को प्राकृतिक नजारों की खूबसूरती के बीच फिल्माया गया है। टी-सीरीज द्वारा निर्मित लव स्टीरियो अगेन का निर्देशन मनीष शंटी ने किया है।

टाइगर ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर लव स्टीरियो अगेन गाने की एक क्लिप साझा की है। इसके साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, मेरे कुछ फेवरेट बीट्स। लव स्टीरियो अगेन गाना रिलीज हो गया है। वर्कफ्रंट की बात करें तो टाइगर आजकल बड़े मियां छोटे मियां को लेकर सुर्खियों में हैं। इसके अलावा वह गणपत में भी नजर आएंगे, वहीं जहरा निर्माता-निर्देशक एकता कपूर की पैन इंडिया फिल्म वृषभ से अभिनय की दुनिया में कदम रखने के लिए तैयार है। यह गाना एडवर्ड माया, टाइगर श्रॉफ, दिवा ज़हरा एस खान और तनिष्क बागची के बीच एक गतिशील अंतर्राष्ट्रीय सहयोग का प्रतीक है। सबसे अच्छी बात यह है कि इस गाने में केवल टाइगर और जहराह ही नहीं हैं, बल्कि इसे इन दो पावरहाउस प्रतिभाओं ने भी गाया है। टाइगर ने कहा, लव स्टीरियो अगेन का हिस्सा बनना एक रोमांचक यात्रा रही है। ऐसे प्रतिष्ठित गीत में योगदान देना एक परम विशेषाधिकार है। ट्रैक रिकॉर्ड करने से लेकर संगीत वीडियो फिल्माने तक, हर पल एक धमाका था। यह पार्टी एंथम है यह वास्तव में एक तरह का अनूठा है, और मैं हर किसी को इसकी धुन पर थिरकते हुए देखने का उत्सुकता से इंतजार कर रहा हूं। प्यार को महसूस करने और दिल खोलकर नाचने के लिए तैयार हो जाइए!

सनी देओल की गदर 2 का मोशन पोस्टर जारी, उत्कर्ष की दिखी झलक

सनी देओल और अमीषा पटेल की गदर 2 का खुमार दर्शकों के सिर चढ़कर बोल रहा है। यह फिल्म 11 अगस्त को रिलीज होगी। गदर 2 साल 2001 में आई फिल्म गदर का सीक्वल है। अब निर्माओं ने 21 जुलाई (शुक्रवार) को गदर 2 का मोशन पोस्टर जारी कर दिया है, जिसमें सनी (तारा सिंह) अभिनेता उत्कर्ष शर्मा के साथ नजर आ रहे हैं। ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, गदर 2 का ट्रेलर 25 जुलाई को जारी किया जाएगा।

सनी ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर गदर 2 का मोशन पोस्टर साझा किया है। उन्होंने लिखा, अपने देश और परिवार की रक्षा के लिए हर चुनौती का सामना करने के लिए तैयार है तारा सिंह। गदर 2 आ रही है पर्दे पर स्वतंत्रता दिवस पर। सिनेमाघरों में 11 अगस्त से। गदर 2 की कहानी 1971 में भारत और पाकिस्तान के युद्ध पर आधारित होगी, जिसे पहले भाग के खत्म होने के 17 साल बाद सेट किया गया है।

मोशन पोस्टर की शुरुआत में एक संदेश लिखा आता है, एक पिता का प्यार किसी बंधन को नहीं मानता। फोटो में सनी देओल एक्टर उत्कर्ष शर्मा का हाथ पकड?र भागते नजर आ रहे हैं। रेतीले रास्ते में पत्थर भी खूब हैं। सनी देओल के तीखे तेवर देख अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस फिल्म में भी वह पड़ोसी मुल्क के छक्के छुड़ाते नजर आएंगे।

गदर 2 की कहानी पिछले फिल्म के आगे की कहानी होगी। इसमें उत्कर्ष शर्मा फिल्म की कमान संभालते नजर आएंगे।

पहली फिल्म गदर-एक प्रेम कथा को 15 जून 2001 में रिलीज किया गया था। 190 मिलियन के बजट में तैयार की गई इस फिल्म ने 1.33 बिलियन रुपए का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन किया था।

जॉन अब्राहम की फिल्म पाप ने अमेजन प्राइम पर दी दस्तक



साल 2003 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई फिल्म पाप को दर्शकों द्वारा काफी प्यार मिला था। इसमें जॉन अब्राहम, उदिता गोस्वामी और गुलशन ग्रोवर जैसे कलाकार अहम भूमिकाओं में नजर आए थे। अब 21 जुलाई को पाप ने ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक दे दी है। इसका निर्देशन पूजा भट्ट ने किया था, वहीं इसका निर्माण भी इन्होंने ही किया था। पाप की कहानी महेश भट्ट, जेपी दीक्षित और निरंजन अयंगर ने लिखी थी।

वर्कफ्रंट की बात करें तो जॉन को पिछली बार फिल्म पठान में देखा गया था। इसमें वह शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण के साथ अभिनय करते नजर आए थे। फिल्म ने दुनियाभर में 1,050 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार किया था, जबकि भारत में पठान 525 करोड़ रुपये बटोरने में सफल रही। यह फिल्म अमेजन प्राइम वीडियो पर उपलब्ध है। आने वाले दिनों में जॉन तेहरान, तारिक और वेद जैसी फिल्मों में नजर आएंगे।

आलिया के साथ स्पाई यूनिवर्स में कराई एंट्री

पिछले दिनों खबर आई थी कि आलिया भट्ट यशराज फिल् स के स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा बन गई हैं। इस खबर ने बॉलीवुड गलियारों में खूब तूल पक?ा, क्योंकि आलिया को बेशक बहुत ब?ा मौका मिला है। अब खबर है कि इस स्पाई फिल्म में आलिया के साथ अभिनेत्री शरवरी वाघ नजर आएंगी। यशराज फिल् स इन दोनों अभिनेत्रियों के साथ अपने नए सफर की शुरुआत करने के लिए उत्साहित है।

रिपोर्ट के मुताबिक, वाईआरएफ के स्पाई यूनिवर्स में आलिया के साथ शरवरी शामिल हो गई हैं। शूटिंग 2024 के मध्य तक शुरू होगी। शरवरी ने बंटी और बबली 2 में अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया, लेकिन फिल्म बॉक्स ऑफिस पर नहीं चल पाई। हालांकि, आदित्य चोप?ा को शरवरी की प्रतिभा पर भरोसा है। उन्हें लगता है कि उनमें वो बात है, जो किसी सुपरस्टार में होनी चाहिए, इसलिए वह उन पर ब?ा दांव खेलने को तैयार हैं।

पठान में शाहरुख खान और सलमान खान को साथ देख दर्शकों ने खूब सीटियां बजाईं। अब आलिया और शरवरी पर यशराज फिल् स यह प्रयोग करने वाला है। इन फिल्मों में दोनों का धांसू एक्शन अवतार देखने को मिला। वे पर्दे पर साथ में जासूसी करती दिखेंगी। जल्द ही उनकी ट्रेनिंग शुरू होगी। वे अपने-अपने किरदार की तैयारी के लिए वर्कशॉप में भी शामिल होने वाली हैं। शरवरी फिल्म के मिशन में आलिया के साथ अहम भूमिका निभाएंगी। एक था टाइगर, टाइगर जिंदा है, वॉर, पठान, टाइगर 3, वॉर 2 और टाइगर वर्सेज पठान के बाद आलिया और शरवरी अभिनीत यह फिल्म वाईआरएफ

स्पाई यूनिवर्स की 8वीं फिल्म होगी। इसके निर्देशक का नाम सामने नहीं आया है, लेकिन इतना तय है कि यशराज इसे पठान और अपने इस यूनिवर्स की पिछली फिल्मों के स्तर पर ही बनाने वाला है। यशराज के स्पाई यूनिवर्स का ऐलान इसी साल हुआ था। इसमें स्पाई यानी जासूसी पर आधारित फिल्में शामिल होंगी। शरवरी ने 16 की उम्र में एक मॉडल के तौर पर अपना करियर शुरू किया था। उन्होंने 2015 में बतौर सहायक निर्देशक अपनी पारी शुरू की थी। वह लव रंजन की प्यार का पंचनामा 2 और सोनू के टीटू की स्वीटी और निर्देशक संजय लीला भंसाली की बाजीराव मस्तानी की सहायक निर्देशक रह चुकी हैं। इसके बाद 2020 में उन्होंने कबीर खान की वेब सीरीज द फॉरगॉटन आर्मी आजादी के लिए से अभिनय की दुनिया में कदम रखा था। शरवरी की पहली फिल्म बंटी और बबली 2 थी, जिसके लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का फिल्मफेयर पुरस्कार मिला। आदित्य ने ही यह फिल्म बनाई थी। आमिर खान के बेटे जुनैद खान के साथ फिल्म महाराजा में भी शरवरी मुख्य भूमिका निभाने वाली हैं।

कंगना ने जारी की तेजस की रिलीज तारीख

कंगना रनौत बीते दिनों अपनी अपनी फिल्म टीकू वेड्स शेरू के लिए चर्चा में थीं। इसके बाद उन्होंने अपनी आने वाली फिल्म इमरजेंसी का टीजर जारी किया जिसमें वह पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के किरदार में नजर आईं। इंदिरा के रूप में उन्होंने खूब सुर्खियां बटोरीं। अब उन्होंने अपनी एक और फिल्म तेजस से अपना लुक जारी किया है। इसके साथ ही फिल्म के रिलीज की तारीख का भी ऐलान कर दिया गया है। तेजस 20 अक्टूबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। कंगना ने ट्विटर पर फिल्म से अपनी तस्वीरें शेयर कीं। इन तस्वीरों में वह वायुसेना के पायलट के रूप में नजर आ रही हैं। इसके साथ उन्होंने लिखा, वायुसेना के बहादुर पायलट के स मान में। फिल्म 20 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। रॉनी स्क्रूवाला के आरएसवीपी मूवीज के बैनर के तहत बनी इस फिल्म का निर्देशन सर्वेश मेवाड़ा ने किया है। पहले इस फिल्म के 5 अक्टूबर को रिलीज होने की खबर थी। अब इसकी रिलीज की नई तारीख का ऐलान किया गया है। फिल्म फिल्म तेजस का नाम भारत में बनने वाली हल्के लड़ाकू विमान तेजस के नाम पर रखा गया है। भारतीय वायु सेना ने 2016 में महिलाओं को युद्ध बल में शामिल किया था। रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म इसी ऐतिहासिक घटना से प्रेरित है। इस किरदार के लिए कंगना ने कड़ी ट्रेनिंग भी ली है। इस फिल्म की घोषणा 2020 में हुई थी। इस फिल्म से जुड?र कंगना खुद को स मानित महसूस कर रही थीं। उन्होंने कहा था कि इस फिल्म में एक कहानी को विस्तार से बताया जाएगा। इस वर्दी के जरिए हर बहादुर पुरुष और महिला को सलाम किया जाएगा, जो अपनी ड्यूटी करते हुए बलिदान देते हैं। फिल्म में उनका एक्शन अंदाज दिखेगा। इससे पहले धाकड़ में भी वह एक्शन करती दिखी थीं।20 अक्टूबर को तेजस के बाद 24 नवंबर को कंगना की इमरजेंसी रिलीज होगी। यह फिल्म 1975 में इंदिरा गांधी द्वारा लगाए गए आपातकाल की घटना पर आधारित है। इस फिल्म में राजनेताओं की भूमिका में कई कलाकार शामिल हैं। अनुपम खेर ने जयप्रकाश नारायण; श्रेयस तलपड़े ने अटल बिहारी वाजपेयी; महिमा चौधरी ने पुपुल जयकर और सतीश कौशिक ने बाबू जगजीवन राम का किरदार निभाया है। मिलिंद सोमन इसमें फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ के किरदार में नजर आएंगे।

नाना पाटेकर ने दी गदर 2 के लिए अपनी आवाज

2001 की फिल्म गदर~ एक प्रेम कथा के बाद सनी देओल और अमीषा पटेल गदर 2 में तारा सिंह और सकीना के रूप में लौट आए हैं। फिल्म अगस्त में रिलीज होने वाली है। अब, यह पता चला है कि अनुभवी अभिनेता नाना पाटेकर ने फिल्म के लिए वॉयसओवर किया है। मूल रूप से, पहली किस्त में, ओम पुरी ने प्रारंभिक दृश्यों के लिए वॉयस ओवर किया था। अब फिल्म में नाना पाटेकर का वॉयस ओवर फिल्म की शुरुआत में ही सुनाई देगा। अनिल शर्मा द्वारा निर्देशित गदर 2 संकेत देता है कि कहानी वहीं से शुरू होती है जहां कहानी गदर~ एक प्रेम कथा में समाप्त हुई थी। पहली किस्त तारा सिंह और सकीना की प्रेम कहानी पर आधारित थी, जिसने दर्शकों के दिलों पर अमिट छाप छो?ी और अब भी जारी है।

उ? जा काले कावा गाने को दोबारा रीप्राइज्ड वर्जन के तौर पर रिलीज किया गया। फिल्म में मैं निकला गड्डी लेके रीक्रिएशन भी होगा जो जल्द ही आएगा। निर्देशक-निर्माता अनिल शर्मा द्वारा निर्देशित और ?ी स्टूडियोज द्वारा निर्मित इस फिल्म में सनी देओल और अमीषा पटेल के साथ अनिल शर्मा के पुत्र उत्कर्ष शर्मा मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म 11 अगस्त 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

जैकलीन के फोटोशूट ने इंस्टाग्राम पर लगाई आग

बॉलीवुड फिल्मों की जानी मानी मशहूर अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस इंडस्ट्री की जान मानी एक्ट्रेस हैं। अपने करियर में जैकलीन ने कई हिट फिल्में दी हैं। पिछले दिनों अभिनेत्री का नाम सुकेश चंद्रशेखर के साथ जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले को लेकर खूब ख़बरों में रहा था। सुकेश संग नाम जुडऩे के पश्चात् सोशल मीडिया पर जैकलीन को जमकर ट्रोल भी किया गया। वहीं, अब जैकलीन की लेटेस्ट बोल्ड फोटोज सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। इन फोटोज में उनका सुपर बोल्ड अवतार देखकर प्रशंसकों की धड?नें बढ़ी हुई हैं। इन फोटोज को देखने से पहले आप भी अपना दिल थाम लें।

जैकलीन फर्नांडिस अभिनय के साथ सोशल मीडिया पर भी जमकर एक्टिव रहती हैं। हाल ही में जैकलीन ने अपना बोल्ड फोटोशूट कराया है, जिनकी फोटोज उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज में उनकी हॉटनेस बस देखते ही बन रही है। फोटोज में आप देख सकते हैं कि जैकलीन ने ब्लैक कलर का डिजाइन ब्रालेट पहना हुआ है। फ्रंट से इस ब्रालेट का डिजाइन बहुत यूनिक है। इसके साथ उन्होंने ब्लू डेनिम जींस कैरी की है। वहीं, अपने लुक को और भी खूबसूरत बनाने के लिए जैकलीन फर्नांडिस ने अपने बालों को खुला रखा है।

इन फोटोज में जैकलीन फर्नांडिस अलग-अलग अंदाज में पोज देती नजर आ रही हैं। इस फोटो में उनका जलवा बस देखते ही बन रहा है। जैकलीन फर्नांडिस की ये तस्वीरें बहुत वायरल हो रही हैं। इन पर कमेंट कर यूजर्स निरंतर प्रतिक्रिया देते दिखाई दे रहे हैं। इस पर कमेंट कर एक श स ने जैकलीन को

ट्रोल करते हुए लिखा, वो जो सुकेश है उस पर डॉक्यूमेंट्री मूवी बनने वाली है, तो आप अपने किरदार में किसको देखना चाहती है। इसी तरह कई लोगों ने तरह तरह के कमेंट किए है।

भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम फीफा रैंकिंग में 99वें स्थान पर पहुंची

नई दिल्ली। भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम जारी नवीनतम फीफा रैंकिंग में एक पायदान ऊपर च?कर 99वें स्थान पर पहुंच गई है। ब्लू टाइगर्स 2023 में अजेय हैं और उन्होंने कैलेंडर वर्ष में हीरो ट्राई-नेशन कप, हीरो इंटरकांटिनेंटल कप और सैफ चैंपियनशिप जीतकर तीन ट्रॉफियां हासिल की हैं। सुनील छेत्री एंड कंपनी अपने पिछले ग्यारह मैचों में अजेय है और इस दौरान उसने सात मैच जीते हैं। मुख्य कोच इगोर स्टिमैक के नेतृत्व में राष्ट्रीय टीम इस साल के अंत में होने वाले फीफा विश्व कप चलीफायर और जनवरी 2024 में एएफसी एशियन के साथ सही समय पर फॉर्म हासिल कर रही है। भारतीय टीम ने पांच साल बाद दोहरे अंक की रैंकिंग हासिल की है और आने वाले महीनों में उसे और ऊपर चढ़ने की उ मीद है।भारत अगली बार सितंबर में एक्शन में आएगा, जब वे किंग्स कप में हिस्सा लेने के लिए थाईलैंड की यात्रा करेंगे और उसके बाद विश्व कप चलीफायर शुरू होने से पहले मर्डेका टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए मलेशिया का दौरा करेंगे।इस प्रकार ब्लू टाइगर्स एक्शन से भरपूर और महत्वपूर्ण महीनों में प्रवेश करेंगे, क्योंकि वे एशिया के सबसे बड़े मंच पर अपनी क्षमता का प्रदर्शन करना चाहते हैं।

वेस्टइंडीज के साथ ड्रा होने पर टीम इंडिया को झटका, डब्लूटीसी की अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंचा पाक

पोर्ट ऑफ स्पेन। भारत और वेस्टइंडीज के बीच चींस पार्क ओवल में खेला गया दूसरा टेस्ट मैच भारी बारिश के चलते ड्रा घोषित कर दिया गया। इसके साथ ही भारत ने दो मैचों की सीरीज 1-0 से जीत ली है। भारत के लिए यह निराशाजनक अंत था, क्योंकि पूरे मैच के दौरान उसका पलड़ा भारी रहा। भारत ने अपनी दो पारियों में 438 और 181/2 रन बनाए थे। चौथे दिन स्टंप्स तक वेस्टइंडीज को 76/2 पर समेट दिया था, जिसे 365 रनों के एक विशाल लक्ष्य का पीछा करना था। अपनी पहली पारी में 255 रन बनाने वाली मेजबान टीम को मैच जीतने के लिए 290 रनों की और जरूरत थी।

पांचवें और अंतिम दिन, भारत का लक्ष्य शेष आठ विकेट चटकाने का था ताकि 12 अंक और हासिल किए जा सकें और 2023-25 विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप में अपनी शानदार शुरुआत को और आगे बढ़ाया जा सके। लेकिन बारिश ने सारा खेल बिगाड़ दिया और मैच ड्रॉ पर समाप्त हुआ। टेस्ट के ड्रॉ होने से वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 चक्र में टीम इंडिया को झटका लगा है। मौजूदा अंक तालिका में पाकिस्तान भारत को पीछे छोड़ शीर्ष पर पहुंच गया है।

दरअसल, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के 2021-23 चक्र का फाइनल हारने के बाद भारतीय टीम ने 2023-25 चक्र की शुरुआत वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज से की। डब्ल्यूटीसी में एक टेस्ट जीतने वाली टीम को 12 अंक दिए जाते हैं। वहीं, मैच टाई होने पर छह और ड्रॉ होने पर चार अंक दिए जाते हैं। भारत ने पहला टेस्ट जीता और उसे 12 अंक मिले थे।

टीम इंडिया अगर दूसरा टेस्ट जीत जाती तो उसे और 12 अंक मिलते और कुल 24 अंक और 100 पॉइंट पर्सेंटेज के साथ शीर्ष पर काबिज रहती। हालांकि, भारत को वेस्टइंडीज से चार-चार अंक बांटने पड़े। ऐसे में दो टेस्ट के बाद टीम इंडिया के एक जीत और एक हार के साथ 16 अंक हैं, जबकि पॉइंट पर्सेंटेज घटकर 66.67 हो गया है।

न्यूज गैलरी

घर खड़ी दुपहिया चोरी, मामला दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। दलदल सिवनी पंडरी स्थित घर के गेट का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने टीवीएस एक्सल पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर मोवा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी राजन यादव 51 वर्ष दयानगर चर्च के पास दलदल सिवनी पंडरी का रहने वाला है। बताया जाता है कि 23 से 24 जुलाई के मध्य अज्ञात चोर ने घर के मेन गेट का ताला तोड़कर आंगन में खड़ी टीवीएस एक्सल क्रमांक सीजी 04 एमबी 1609 को पार कर दिया। चोरी गए मोपेड की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर मोवा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

आरडीए कॉलोनी के एक घर से 3 लाख पार

रायपुर/नवप्रदेश। आरडीए कालोनी टिकरापारा स्थित घर से अज्ञात चोर ने थैला में रखे नकदी 3 लाख रुपए पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया स्नेहलता शुक्ला 66 वर्ष आरडीए कालोनी की रहने वाली है। प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि 10 से 19 जुलाई के मध्य अज्ञात चोर ने प्रार्थिया के घर में प्रवेश कर खीला में टंगे थैला में रखे नकदी 3 लाख रुपए पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 380 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

अनुपम गार्डन के पास खड़ी बाइक पार

रायपुर/नवप्रदेश। अनुपम गार्डन के सामने खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी राजकुमार देवांगन 77 वर्ष डगनिया का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 केक्यू 9893 को अनुपम गार्डन के पास खड़ी किया था। तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

तेज रफ्तार ट्रक ने अधेड़ को रौंदा, मौत

रायपुर/नवप्रदेश। सरोरा स्थित मिश्रा ढाबा के पास ट्रक की टक्कर से अधेड़ की मौत हो गई। सूचना पर उरला पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं ट्रक जब्त कर चालक के खिलाफ कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक शिवनारायण धृतलहरे 50 वर्ष सरोरा का रहने वाला था। बताया जाता है कि कल सुबह वह पैदल जा रहा था। तभी मिश्रा ढाबा के सामने ट्रक क्रमांक सीजी 06 जीएम 8614 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए अधेड़ को रौंद दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ कार्रवाई की है।

गाली-गलौज कर मारपीट, जुर्म दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। उरला स्थित अनुष्का इंटरप्राइजेस कंपनी में एक युवक ने दूसरे युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर उरला पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी राजू अहिरवार 35 वर्ष अनुष्का इंटरप्राइजेस कंपनी उरला में काम करता है। बताया जाता है कि आरोपी मुन्ना चौरसिया ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर पाइप से मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर उरला पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

पुरानी रंजिश के चलते बुजुर्ग को पीटा

रायपुर/नवप्रदेश। सिंधी कालोनी नवापारा में पुरानी रंजिश के चलते दो युवकों ने बुजुर्ग से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर गोबरानवापारा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी संतानू देवार 65 वर्ष सिंधी कालोनी नवापारा का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी ओम देवार व अन्य ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर गोबरानवापारा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सरेआम शराब पीते 5 गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने सरेआम शराब पीते 5 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार देवेन्द्र नगर पुलिस ने फाफाडीह पुराना शराब दुकान के पास सरेआम शराब पीते आरोपी धनीराम साहू 30 वर्ष व पवन साहू 40 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह खम्हारडीह पुलिस ने आरोपी उमेश राव 29 वर्ष व राघवेंद्र तिवारी 44 वर्ष को गिरफ्तार किया इै। वहीं टिकरापारा पुलिस ने आरोपी दीपक मरावी 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

धारदार चाकू लेकर घूमते युवक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। सिविल लाइन पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर जिला कोर्ट परिसर के पास चाकू के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार सिविल लाइन पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर जिला कोर्ट परिसर के पास चाकू लहराते आरोपी गजेन्द्र वर्मा 24 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास चाकू जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलापु आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई किया है।

डेढ़ किलो गांजा के साथ युवक पकड़ाया

रायपुर/नवप्रदेश। राजेन्द्र नगर पुलिस ने तेलीबांधा ओव्हरब्रीज के पास गांजा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि तेलीबांधा ओव्हरब्रीज के पास एक युवक अवैध रुप से गांजा बेच रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी संजू मधुकर 42 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 1 किलो 500 ग्राम गांजा व बिक्री रकम 140 रुपए जब्त किया है। जब्त गांजा की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

अवैध शराब बेचते 7 गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने अभियान चलाकर अवैध शराब बेचते 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 175 पाव देशी शराब व नकदी 1120 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार गोबरा नवापारा पुलिस ने आरोपी भीमकुमार टंडन 35 वर्ष के पास से 18 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 260 रुपए जब्त किया है। वहीं सेजबहार पुलिस ने आरोपी जनक यादव के पास से 15 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 360 रुपए जब्त किया है। इसी तरह नेवरा पुलिस ने आरोपी रामप्रसाद सेन 26 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 20 पाव देशी शराब जब्त किया है। इसी तरह उरला पुलिस ने आरोपी चेतन वर्मा 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 36 पाव देशी शराब जब्त किया है। वहीं खमतराई पुलिस ने आरोपी बिज्जू बघेल 20 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 22 पाव देशी शराब जब्त किया है। वहीं अभनपुर पुलिस ने आरोपी राजू विश्वकर्मा 40 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 32 पाव देशी शराब जब्त किया है। वहीं मंदिरहसौद पुहिलस ने आरोपी नेकी कुर्रे 24 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 32 पाव देशी शराब जब्त किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

मेकाज के डॉक्टरों ने जोड़ी रीढ़ की हड्डी, मरीज को मिला नया जीवनदान

■ 2022 में हुआ था सड़क हादसा, परिजन करा रहे थे झाड़ फूंक

जगदलपुर/नवप्रदेश। बीजापुर जिले के ग्राम मिरतुर में रहने वाले युवक का तकरीबन एक वर्ष पूर्व सड़क सड़क हादसा हो गया था जिसमें युवक की रीढ़ की हड्डी टूट गई थी। परिजनों ने एक माह तक युवक का इलाज जिला अस्पताल दंतेवाड़ा में कराया जहां उपचार के दौरान कोई भी लाभ ना होता देख परिजन उसका इलाज झाड़ फूंक से कराने लगे।

लेकिन, गत एक माह पूर्व मेकाज में भर्ती होने के बाद चिकित्सकों की टीम ने सफल आपरेशन करते हुए नया जीवनदान मरीज को दिया।

घटना के बारे में जानकारी देते हुए 22 वर्षीय घायल सुकालू ने बताया कि वह बीजापुर में आईटीआई डीजल मैकेनिक का छात्र है। विगत वर्ष अपने दोस्त बुधराम को लेकर दंतेवाड़ा बाइक से आया हुआ था। वापस जाने के दौरान फरसपाल घाटी में अचानक से गाड़ी का नियंत्रण बिगड़ने से वह गिर पड़ा। इस हादसे में सुकालू के रीढ़ की हड्डी टूट गई। इलाज के बाद भी उसे अपने घर ले जाकर झाड़ फूंक करने लगे। सुकालू के स्वास्थ्य में सुधार ना होता देख परिजनों ने उसे मेकाज में 16 जून 2023 को भर्ती किया जहां 3 दिन पहले उसका सफल आपरेशन किया गया।

आपरेशन करने वाले डॉक्टर सुनीत पॉल ने बताया कि सुकालू के रीढ़ की हड्डी टूटने के कारण उसके दोनों पैर लकवाग्रस्त हो गए थे, जिसके कारण शरीर के निचले हिस्से में पूरी तरह से सुन्नपन हो गया था। यहां के चिकित्सक जिसमें डॉक्टर मुकेश ध्रुव, डॉक्टर संदीप सिंह, डॉक्टर प्रसन्नजीत , डॉक्टर आदित्य के अलावा स्टाफ नर्स और स्टाफ के द्वारा 3 दिन पहले उसका सफल आपरेशन किया गया। युवक अब पूरी तरह से स्वस्थ है।

बताया जा रहा है यह पूरा आपरेशन निशुल्क किया गया, लेकिन अगर यही आपरेशन मरीज के द्वारा बाहर कराया जाता तो उसे करीब 3 लाख रुपए तक का खर्च वहन करना पड़ता। इस पूरे आपरेशन के दौरान व मरीज के भर्ती के समय से लगातार मेकाज अधीक्षक डॉ अनुरूप साहू के द्वारा डॉक्टरों की टीम के साथ इस युवक के इलाज से लेकर हर स्थिति का जायजा ले रहे थे।

करोड़ों की जमीन को फर्जी तरीके से रजिस्ट्री कराने का आरोप

न्याय की गुहार लेकर भटक रहा किसान, कोतवाली में लिखित शिकायत

जांजगीर-चाम्पा/नवप्रदेश। पिसौद के किसान से फर्जी तरीके से लगभग सवा 2 एकड़ जमीन को रजिस्ट्री एवं नामांतरण कराने का आरोप किसान ने लगाते हुए मामले की शिकायत सीटी कोतवाली प्रभारी से की है। अपने शिकायत में जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम पिसौद के रहने वाले किसान श्यामलाल साहू ने बताया कि मेरा ग्राम पिसौद में भूमि खसरा नं क्रमशः 2435/2 (2437, 2440) 2438, 2441 2408/2 रकबा क्रमशः 0.304, 0.299, 0.809, 0.061 0.097 हे0 कुल रकबा 2.15 एकड़ स्थित है, जो कि नेशनल हाईवे से लगा हुआ है, मेरे पास चोलाराम कश्यप, शिवकुमार कश्यप एवं राजकुमार सारथी निवासी जांजगीर वाले आए और मेरे उपरोक्त वर्णित भूमि को खरीदने का ईरादा बताये मैंने उन्हें बताया कि नेशनल हाईवे से लगकर भूमि की प्रति डिसमिल कीमत एक लाख पच्चीस हजार रूपयेचल रही है, उतने में ही बेचूंगा तब उपरोक्त वर्णित व्यक्तियाँ ने मुझसे मोल भाव करके मेरे पूरे जमीन को एक लाख सात हजार रूपये प्रति डिसमिल के हिसाब से खरीदने का शौदा किया जिसपर मैं सहमत हो गया, तब मेरे पास चोलाराम कश्यप, शिवकुमार कश्यप एवं राजकुमार सारथी तीनों व्यक्ति मिलकर शिवानंद तिवारी जिसे मैं नहीं पहचानता था. उसे मेरे पास लेकर आये और बताये की हम चारो लोग एक साथ मिलकर जमीन खरीदी बिक्री का काम करते है और उन्हों ने मुझे कहा कि आपको जमीन खरीदी बिक्री का कागज जांजगीर में तैयार कराने मेरे साथ जाना पड़ेगा और आपको 30,00,00,0, रूपये एडवांश दिया जावेगा, मैं उन लोगों के उपर भरोसा करके जांजगीर 6 अप्रैल 2023 को जांजगीर गया जहां अमित सराफ (गोलू)एवं चंद्र कांत चंद्रा (छोटू चंद्रा)से उन चारों लोगों ने मेरा परिचय कराया और उक्त चारों व्यक्तियों के साथ अमित सराफ एवं चंद्र कांत चंद्रा ने मुझे आश्वासन दिया कि आपकी जमीन एक लाख सात हजार रूपये प्रति डिसमिल के भाव से हम लोगों ने खरीद लिये आप 30,00,00 0,रूपये पेशगी लेलो तथा बाकी रकम विक्रय पत्र रजिस्ट्री के समय दिया जायेगा मुझे बताया गया कि 6 अप्रैल को जो कागज तैयार किया जा रहा है,

षड्यंत्र में उप पंजीयक भी शामिल

किसान श्याम लाल साहू ने बताया कि मेरी जमीन की कीमत लगभग 2 करोड़ तीस लाख पांच हजार रूपये है और उतने में ही सभी लोगों के द्वारा मुझसे शौदा किया गया था और कुटरचित मुख्त्यारनामा के आधार पर विक्रय पत्र की रजिस्ट्री कराई गई है, मेरे खेत की ऋण पुस्तिका मेरे पास ही थी, और बिना ऋण पुस्तिका के विक्रय पत्र का पंजीयन मुझसे छल करते हुये करा दिया गया जिस षडयंत्र में उप पंजीयक जांजगीर भी शामिल है फर्जी मुख्त्यारनामा 2.14 एकड़ का तैयार कराया गया है, तथा हेक्टेयर में 0.870 हेक्टेयर लिखा है, जो साढ़े सत्रह डिसमिल होता है तथा पेश बी. वन में 2440 खसरा नं. का उल्लेख ही नहीं है, जिससे स्पष्ट है, कि उक्त धोखा घड़ी में उप पंजीयक जांजगीर भी शामिल है।

जांच करायी जा रही है : थाना प्रभारी

फर्जी तरीके जमीन रजिस्ट्री करवाने के आरोप के संबंध में नव पदस्थ थाना प्रभारी अशोक कुमार वैष्णव का कहना है कि किसान श्याम लाल साहू द्वारा लिखित शिकायत थाना में मिली है। मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच करायी जा रही है। जांच उपरांत दोषियों के विरूद्ध कानूनी कार्रवाही की जायेगी।

हादसों को दावत दे रहा अंडर ब्रिज का गड्ढा

गौरेला/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेल क्षेत्र में आने वाला पेंड्रा रोड स्टेशन के अंतर्गत पुराना गौरेला समपार फाटक के स्थान पर रेल विभाग के द्वारा अंडर ब्रिज का निर्माण करोड़ों की लागत से करवाया गया अंडर ब्रिज में पहले पानी की निकासी ना होने के कारण कुछ महीने पूर्व इसे लोगों के आवागमन के लिए बंद कर दिया गया था । लगभग 2 माह तक मरम्मत का कार्य हुआ एवं अभी लगभग 1 माह ही हुआ है पुराने गौरेला से चुक्तीपानी एवं देवरगांव पहुंच मार्ग की ओर अंडर ब्रिज में एक बहुत बड़ा गड्ढा हो गया है जिससे दुर्घटनाएं होने की आशंका हैं विशेष बात यह है रेल विभाग के कर्मचारी एवं अधिकारी निर्माण के बाद शायद अंडर ब्रिज को देखने की तोहमत नहीं उठाए ,और जब राहगीरों के द्वारा सेक्शन इंजीनियर कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों से बात करने का प्रयत्न किया जाता हैं तो अधिकारी फोन भी नहीं उठाते 2 महीने पूर्व ही मरम्मत का कार्य किया गया था और 2 महीने में ही बड़े-बड़े गड्ढे हो जाना रेल विभाग के निर्माण की पोल खोलता हुआ नजर आता है।

कुछ वर्षों पूर्व रेल विभाग के द्वारा कराए जाने वाले निर्माण कार्यों की मिसाले दी जाती थी लोगों का मानना होता था कि रेल विभाग अगर किसी निर्माण को कर रहा है तो वह शत प्रतिशत गुणवत्ता युक्त होगा परंतु अंडर ब्रिज के निर्माण से लेकर मरम्मत तक के कार्य को अगर देखा जाए तो रेल विभाग के निर्माण की भूमिका संदिग्ध नजर आती है।

सीनियर सेक्शन इंजीनियर कार्यालय के अधिकारी फोन नहीं उठाते शायद किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहे हैं।

सोंढूर जलाशय मेचका रोड में मिट्टी डालने से लोग परेशान

नगरी/नवप्रदेश। किसान संघर्ष समिति पदाधिकारी के द्वारा विभाग को अल्टीमेटम देने के बाद पुनः निरिक्षण करते हुये, डी एस पी मिश्रा धमतरी एवं थाना प्रभारी मेचका एवं विभागीय इंजीनियर हीराचंद, कर्मचारी हिमांचल ने जानकारी दिया कल मे कार्य पूर्ण किया जायेगा,चक्का जाम न कराने के लिये समझौता कराने उपस्थित रहे,पर किसान संघर्ष समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य का निर्णय आया है । रोड की मिट्टी सफाई होने का इंतजार रहेगा, नहीं होने पर मेन रोड मैनपुर, नगरी थाना मेचका के सामने उग्र आंदोलन चक्काजाम करने में बाध्य होंगे, वर्तमान मे मेचका थाना से बासीन तक भी पीडब्लूडी का रोड अति जर्जर है जिसे विभाग की ओर से आधा अधूरा डस्ट डाला जा रहा है, उसको जल्द से जल्द पूरा करे

ताकि स्कूली बच्चे, राहगीरों किसी दुर्घटनाओं से सामना करना न पड़े,एवं मजबूर करने पर स्कूली छात्र एवं जन प्रतिनिधि ग्रमीण जन पैदल यात्रा करके विभागीय ऑफिस के साथ कलेक्टर को सोपेंगे ज्ञापन, जिसमें समझौता उपस्थित बैठक मे संरक्षक बिमला धुर्वा सरपंच मेचका,नरेश मांझी, अध्यक्ष किसान संघर्ष समिति, सचिव सिरधन सोम, मिडिया प्रभारी डीके यादव, परमात्मा कुंजाम उप सरपंच मेचका ललित नाग सदस्य किसान संघर्ष समिति बेलर बाहरा उपस्थित रहे।

जिन्दल स्टील एंड पावर को 'ग्रेट प्लेस टू वर्क' का प्रमाणपत्र

रायपुर/नवप्रदेश। भारत के अग्रणी उद्योग समूहों में से एक और विश्व स्तर पर स्टील, बिजली, खनन एवं बुनियादी ढांचा क्षेत्र की जानी-पहचानी कंपनी जिन्दल स्टील एंड पावर (जेएसपी)को जुलाई 2023 से जुलाई 2024 की अवधि के लिए 'ग्रेट प्लेस टू वर्क' (जीपीटीडब्ल्यू) प्रमाणपत्र प्रदान किया गया है

बतादेकियह प्रमाणपत्र प्रदान करने वाली संस्था ग्रेट प्लेस टू वर्क का दुनिया में बड़ा नाम है और इसकी बड़ी साख है इसलिएइस प्रमाणपत्र को प्राप्त करना गर्व का विषय माना जाता है। ग्रेट प्लेस टू वर्क प्रमाणपत्र मिलना जेएसपी की उस अटूट प्रतिबद्धता का सबूत है, जिसमें प्रत्येक कर्मचारी आगे बढ़ सकता है, कंपनी के विकास में सकारात्मक योगदान कर सकता है और खुद को पोषित एवं प्रेरित

महसूस कर सकता है।

जेएसपी के चेयरमैन श्री नवीन जिन्दल ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे लोगों की निष्ठा एवं समर्पण के कारण हमारी असाधारण विकास यात्रा संभव हुई है। हमारा दृढ़ विश्वास है कि जेएसपी के लिए हमारे दीर्घकालिक दृष्टिकोण के केंद्र में लोगों को रखकर और सभी के लिए सपनों के कार्यस्थल का निर्माण कर हम अपने व्यवसाय को न सिर्फ नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे बल्कि अपने देश के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में भी अपनी भूमिका निभाएंगे।

ग्रेट प्लेस टू वर्क प्रमाणपत्र हासिल करना जिन्दल स्टील एंड पावर के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो कर्मचारियों को सशक्त बनाता है और इनोवेशन, विकास एवं सांझी सफलता को बढ़ावा देता है।

स्टील, ऊर्जा, खनन और बुनियादी ढांचा क्षेत्र में अग्रणी जिन्दल स्टील एंड पावर एक प्रमुख भारतीय उद्योग समूह है, जिसका लक्ष्य राष्ट्र के भविष्य को मजबूत करना और एक बेहतरीन विश्व का निर्माण करना है। दुनिया भर में 12 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश के साथजेएसपी आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपना योगदान बढ़ाने के उद्देश्य से निरंतर अपनी क्षमता और दक्षता में नए आयाम जोड़ रही है।

जिला अस्पताल के लेबर वार्ड में लगी आग, हड़कंप

नारायणपुर/नवप्रदेश। नारायणपुर स्थित जिला अस्पताल में अचानक लगी आग से हड़कंप मच गया। यह तो गनीमत रहा कि अस्पताल में उपस्थित कर्मचारियों ने फौरी एक्शन लेते हुए समय से पहले नवजातों को वार्डों से निकाल लिया।

सूत्रों ने बताया कि जिला अस्पताल के लेबर वार्ड में आगजनी से हड़कंप मच गया था। लेबर वार्ड में अचानक आग लगने से यहां उपस्थित लोगों में हड़कंप मच गया था। स्टॉफ नर्सों ने तत्काल नवजात बच्चों को बाहर निकाला। वहीं मरीज के परिजनों ने भी आग लगने के बाद तत्काल अपने-अपने परिजनों को बाहर निकाल लिया। वहीं

अस्पताल स्टॉफ ने किसी तरह से आग पर काबू पाया। वहीं, आग लगने की वजह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाई है। मिली जानकारी के अनुसार वार्ड में आग लगते ही महिला नर्स ने नवजातों की जान बचाई। वहीं, अन्य कर्मचारियों द्वारा आग पर काबू पाया गया। फिलहाल आग लगने का कारण सामने नहीं आ पाया है। आग कैसे और क्यों लगी, इसका पता नहीं चल पाया है।